


अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 150
epaper.rashtriyakhabar.com
ज्येष्ठ, शुक्लपक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

अलिरयं नलिनीदलमध्यगः
कमलिनीमकरन्दमदालसः।
विधिवशत्परदेशमुपागतः कुटजपुष्परसं बहु
मन्यते॥

भावार्थ : भौंरा कमलिनी के फूल की पंखुड़ियों में बैठा रहता है, उसके पराग का रस चूसता रहता है और उसके मध्य में मस्त बना रहता है, परंतु दैवयोग से जब उसे एक स्थान से किसी दूसरे स्थान को जाना पड़ता है, तो वहां उसे करील आदि वृक्षों के फूलों से रस तो मिल जाता है, किंतु कांटों के कारण काफी कष्ट भी उठाना पड़ता है।



**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 38.00 °c | 26.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .31 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05 .02 बजे

## कर्नाटक में सरकार ने 5 गारंटी को दी सशर्त मंजूरी

**बेंगलुरु:** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने शुक्रवार को पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में सभी पांच गारंटी (5जी) को लागू करने को सशर्त मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने आज कैबिनेट की बैठक की। हमने सभी 5जी गारंटी पर विस्तार से चर्चा की। हमने फैसला किया है कि सभी 5जी को चालू वित्त वर्ष में लागू कर दिया जाएगा। श्री सिद्धारमैया ने कहा कि गृह ज्योति का कार्यान्वयन एक जुलाई से शुरू होगा। उन्होंने कहा,200 यूनिट तक बिजली मुफ्त होगी। जिन उपभोक्ताओं ने जुलाई तक अपने बिल का भुगतान नहीं किया है, उन्हें भुगतान करना होगा।

## अमरनाथ यात्रा का मार्ग 15 जून तक तैयार हो जायेगा

**नयी दिल्ली:** सीमा सड़क संगठन ने कहा है कि वह पवित्र अमरनाथ यात्रा के मार्ग को यात्रा शुरू होने से काफी पहले ही 15 जून तक पूरी तरह तैयार कर देगा। संगठन ने कहा है कि अमरनाथ यात्रा एक जुलाई से शुरू होनी है और इससे पहले ही मार्ग को तैयार कर दिया जायेगा। संगठन इस दौरान यात्रा मार्ग से बर्फ हटाने, रास्ते को चौड़ा करने , पुलों को ठीक करने के साथ साथ टूटी दीवारों की मरम्मत करेगा। पहले बालताल से पवित्र गुफा तक के मार्ग का रख रखाव केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर का लोक निर्माण विभाग तथा चंदनवाड़ी से पवित्र गुफा तक के मार्ग का रखरखाव पहलगाम विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाता था।

## अपोलो हॉस्पिटल्स कोलकाता की 5जी-कनेक्टेड एम्बुलेंस सेवा

**कोलकाता:** भारत में पहली बार अपोलो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स कोलकाता ने स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को बढ़ाने और आपातकालीन स्थितियों में जीवन को बचाने की पहल के तहत शुक्रवार को व्यापक रूप से कनेक्टेड 5जी एम्बुलेंस की शुरुआत की। अपोलो हॉस्पिटल्स इंटरप्राइजेज लिमिटेड के अध्यक्ष (अस्पताल प्रभाग) डॉ के हरिप्रसाद ने आज यहां मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक 5जी-कनेक्टेड एम्बुलेंस नवीनतम चिकित्सा उपकरण, रोगी निगरानी अनुप्रयोगों और टेलीमेट्री उपकरणों से लैस है जो रोगी के स्वास्थ्य डेटा को कम विलंबता के साथ अस्पताल को उपलब्ध कराता है। यह अल्ट्रा-फास्ट और लो-लेटेंसी 5जी नेटवर्क से जुड़े ऑनबोर्ड कैमरों से भी लैस है।

## सहारा इंडिया लाइफ का एसबीआई लाइफ करेगी अधिग्रहण

**नयी दिल्ली:** देश की प्रमुख जीवन बीमा कंपनी एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के पॉलिसीधारकों का अधिग्रहण करेगी। बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इंडिया) भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने इस संबंध में शुक्रवार को निर्णय लिया। उसने कहा कि सहारा इंडिया लाइफ को वर्ष 2004 को पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किया गया था, लेकिन कुछ गंभीर खामियों के कारण वर्ष 2017 में प्रशासक नियुक्त किया गया था। उसने कहा कि इसको लेकर बहुत अधिक समय दिया गया, लेकिन पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा नहीं होने के मद्देनजर आज सहारा इंडिया लाइफ के पॉलिसीधारकों को एसबीआई लाईफ के हवाले करने का निर्णय लिया गया।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**कामयाब** खास मकसद से रांची पहुंचे दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्री

# हेमंत सोरेन से भी समर्थन हासिल किया केजरीवाल ने

- संघीय ढांचा पर हमला कर रही मोदी सरकारः हेमंत सोरेन
- महिला पहलवानों का मुद्दा पूरे देश देख रहा हैः भगवंत मान
- कांग्रेस का भी समर्थन मिलने की पूरी उम्मीदः केजरीवाल



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अब झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी अपने समर्थन में लाने में कामयाब हुए हैं। वह इसी मकसद से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं के साथ रांची आये थे। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अलग से भी हेमंत सोरेन से राजनीतिक चर्चा की है। मुलाकात के बाद नेताओं ने एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को भी संबोधित किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोदी सरकार देश में गैरभाजपाई सरकारों का अधिकार छीन रही है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार के लिए जो आदेश दिया उस आदेश को भी केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर बदल दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकार को काम करने नहीं देना चाहती है। राज्य सरकारों के अधिकारों पर डाका डाल रही है। झारखंड दौरे पर पहुंचे अरविंद केजरीवाल ने आज मुख्यमंत्री आवास में सीएम हेमंत सोरेन और पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पूरे देश में जिस तरीके के हालात नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की सरकार बना रही है वह देश और यहां के लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। इसलिए मैं पूरे देश में इस बात के लिए सभी लोगों से समर्थन मांग रहा हूं कि लोकसभा में नरेंद्र मोदी का बहुमत है, लेकिन राज्यसभा में नरेंद्र मोदी का बहुमत ›› पेज 2 भी देखें

### हम पार्टी के अंदर और गुरुजी शिबू सोरेन से भी चर्चा करेंगे

दिल्ली के मामले पर जिस तरह की चर्चा हुई है उसे लेकर हम पार्टी के अंदर और गुरुजी शिबू सोरेन से भी चर्चा करेंगे और इस मुद्दे को लेकर किस तरीके से बढ़ा जाए इसे लेकर हम लोग काम करेंगे।हेमंत सोरेन ने कहा कि जिस तरीके से अरविंद केजरीवाल जी पर केंद्र सरकार चीजों को थोप रही है इसे लेकर सभी लोगों को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। यह संविधान सम्मत गलत है। अरविंद केजरीवाल जी ने इस मुहिम को शुरू किया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि जिस तरीके से देश की सरकार काम कर रही उस में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। देश में जो लोग मेडल जीत रहे हैं, जो पहलवान मेडल ला रहे हैं। वह लोग अपने मेडल को गंगा में बहाने की बात कर रहे हैं, जो अपने आप में शर्मनाक बात है। देश में जो गैर भाजपा पार्टियों की सरकारें हैं उनके खिलाफ केंद्र सरकार अध्यादेश ला रही है। अगर समय रहते आवाज नहीं उठायी गयी तो एक समय आयेगा कि हमलोगों को लोकतंत्र की अस्थि बहानी पड़ जायेगी। उन्होंने मोदी सरकार से आग्रह किया कि वक्त हमेशा एक जैसा नहीं रहता इसलिए संभल जायें। इससे पहले आज आम आदमी पार्टी के नेताओं के रांची आगमन पर राज्य सरकार की तरफ से मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने उनका विधिवत स्वागत किया था।

यूक्रेन के साथ युद्ध के अनुभवों के आधार पर नया हथियार

## रूसी हथियार क्लाश्निकोव की डिजाइन को बदला गया



राष्ट्रीय खबर

**मॉस्कोः** रूसी हथियार क्लाशिनकोव दुनिया भर में प्रसिद्ध है। दरअसल उसे यह प्रसिद्धी अपने प्रमुख एसॉल्ट राइफल एके 47 की वजह से मिली। इस हथियार को सेना के अलावा आतंकवादियों के द्वारा भी पसंद और जबर्दस्त इस्तेमाल किया गया। उसके बाद इसी कड़ी में एके 56 भी लायी गयी। अब इसी कंपनी ने यूक्रेन युद्ध के अनुभव के आधार पर एके-12 असॉल्ट राइफल में बदलाव किया है। आग्नेयास्त्र निमार्ता क्लाशिनकोव ने यूक्रेन पर युद्ध में हथियार के उपयोग के आधार पर संशोधनों के साथ एक उन्नत एके -12 असॉल्ट राइफल को सार्वजनिक किया है। कलाशनिकोव समूह के मुख्य डिजाइनर सर्गेई उर्जुमत्सेव ने रूसी राज्य मीडिया टीएएसएस को बताया कि विशेष ऑपरेशन में बंदूक के उपयोग के अनुभव से प्राप्त जानकारी के बाद अपग्रेड किया गया। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में इसके संचालन में जो कुछ भी परेशानी आयी, उसे नये संस्करण में दूर करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि उन्नत एके 12 का पहला बैच यूक्रेन में प्रतिक्रिया निर्दिष्ट करने के लिए, विशेष सैन्य अभियान क्षेत्र में पहले ही वितरित किया जा चुका है। तास के अनुसार, अपग्रेड के हिस्से के रूप में, राइफल के दो-राउंड बर्स्ट मोड को नवीनतम डिजाइन से बाहर रखा गया था, क्योंकि इसने हथियार की दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं की और इसके लेआउट को जटिल बना दिया। अन्य परिवर्तनों का उद्देश्य राइफल को संचालित करना आसान बनाना था। तास के अनुसार एके 12 में कई बढ़ते प्लेटफॉर्म हैं जो अतिरिक्त गियर की स्थापना की अनुमति देते हैं, जैसे कि जगहें, एक फ्रंट हैंडल, एक टॉर्च, एक लेजर डिजाइनर, साथ ही नीरव और ज्वलनशील आग के लिए उपकरण। क्लाशिनकोव वेबसाइट के अनुसार 5.45 मिमी एके 12 रूसी पैदल सेना और अन्य इकाइयों की मानक सेवा असॉल्ट राइफलह्व है। रूसी सेना 2018 से एके -12 ›› पेज 2 भी देखें

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चेतावनी का असर दिखने लगा

## सुबह तक 144 से अधिक अधिक हथियार सौंपे गये

- पूर्वोत्तर में बड़ी संख्या में उग्रवादियों का आत्मसमर्पण
- सौंपे गये हथियारों में आधुनिक अस्त्र भी शामिल
- असम के बोकाजान में 39 ने हथियार डाले



भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटीः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के चेतावनी के बाद आज असम और मणिपुर सहित पूर्वोत्तर के बड़ी संख्या में उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है।केंद्रीय गृह मंत्री की अपील के बाद मणिपुर में हथियारों और गोला-बारूद के आत्मसमर्पण में तेजी आई है। राज्य के कई जिलों में कुल 144 हथियार स्वेच्छा से आत्मसमर्पण किए गए हैं, जो शांति और निरस्त्रीकरण के आह्वान पर सकारात्मक प्रतिक्रिया को दशार्ते हैं। आत्मसमर्पण किए गए हथियारों में परिष्कृत आग्नेयास्त्रों की एक श्रृंखला शामिल है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अमित शाह ने मणिपुर के अपने चार दिवसीय दौरे के आखिरी दिन गुरुवार को सभी संबंधितों पक्षों से अपील की थी कि वे अपने हथियार सुरक्षाबलों और प्रशासन को सौंप दें।

शाह ने यह भी चेतावनी दी थी कि राज्य में जल्द ही तलाशी अभियान चलाया जाएगा और किसी के पास कोई हथियार पाए जाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।सूत्रों ने बताया कि इंफाल में गृह मंत्री की अपील के बाद शुक्रवार सुबह तक 140 से अधिक हथियार सौंपे जा चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक मणिपुर में ज्यादातर जिलों में स्थिति कुल मिलाकर शांतिपूर्ण है और उपद्रवियों द्वारा खाली घरों में गोलियां चलाने या आग लगाने की छिटपुट घटनाएं अब दुर्लभ होती जा रही हैं क्योंकि विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों द्वारा ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। सौंपे गए हथियारों में सेल्फ-लोडिंग राइफलें, ›› पेज 2 भी देखें

बनासकांठा जिला की घटना से राजनीति गरमायी

## दलित युवक को ऊंची जाति वालों ने मिलकर पीटा



राष्ट्रीय खबर

**अहमदाबादः** गुजरात के बनासकांठा जिले में एक दलित व्यक्ति के अच्छे पहनावे और धूप के चश्मे से नाराज होकर ऊंची जाति के लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर उसकी पिटाई कर दी। घटना के सिलसिले में सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि यह घटना पालनपुर तालुका के मोटा गांव में मंगलवार रात (30 मई) को हुई। मंगलवार की सुबह, वह व्यक्ति अपने घर के बाहर खड़ा था जब सात आरोपियों में से एक उसके पास आया। पीड़ित जिगर शेखालिया द्वारा दायर शिकायत के अनुसार, उसने उस व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार किया और उसे यह कहते हुए जान से मारने की धमकी दी कि वह इन दिनों बहुत ऊंची उड़ान भर रहा है। उसी रात, राजपूत उपनाम वाले समुदाय के छह आरोपियों ने गांव के एक मंदिर के बाहर खड़े व्यक्ति को देखा। लाठियों से लैस वे शिकायतकर्ता के पास पहुंचे और उससे पूछा कि उसने अच्छे कपड़े क्यों पहने हैं और चश्मा क्यों लगाया है। पुलिस ने कहा कि इसके बाद उन्होंने उसकी पिटाई की और उसे एक डेयरी पार्लर के पीछे घसीट ले ›› पेज 2 भी देखें

राजनीति पारा ऊपर चढ़ा के बीच भाजपा ने कहा शिष्टाचार भेंट

## शरद पवार ने महाराष्ट्र के सीएम से भेंट की

- मराठा राजनीति में चर्चा का दौर शुरू
- शिंदे खेमा में नाराजगी की बात आयी थी
- पवार ने कहा मराठा मंदिर पर बात हुई है



राष्ट्रीय खबर

**मुंबईः** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक की। पवार गुरुवार शाम शिंदे के आधिकारिक आवास पर गए थे। वहां दो लोगों ने आधे घंटे तक बात की। शिंदे और पवार के बीच इस मुलाकात को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में कयासों का दौर शुरू हो गया है। हालांकि, शिंदे की शिवसेना खेमे की गठबंधन सहयोगी भाजपा ने दावा किया है कि इस मुलाकात का कोई राजनीतिक संबंध नहीं है। दरअसल इस मुलाकात को लेकर चर्चा इसलिए जोर पकड़ रही है क्योंकि पहले ही यह बात सामने आ चुकी है कि शिंदे खेमा के कई विधायक और सांसदों का भाजपा से मोहभंग हो रहा है। इनलोगों का आरोप है कि भाजपा की वजह से वे अपने इलाके में कोई काम नहीं करा पा रहे हैं। इससे उनकी छवि बिगड़ रही है। वैसे महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे कैंप) और एनसीपी की गठबंधन सरकार थी। इसका नाम महाबिकाश अघाड़ी है। पिछले साल शिंदे ने शिवसेना में बगावत का एलान किया था। इसके बाद वह कई विधायकों के साथ राज्य छोड़कर चले गए। बाद में शिंदे ने भाजपा का हाथ पकड़कर महाविकास अघाड़ी सरकार को उखाड़ फेंका। एकनाथ मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे हैं। उस घटना के बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार पहली बार एकनाथ शिंदे से मिले। बैठक के बारे में पवार ने खुद ट्वीट किया। अनुभवी राजनेता ने कहा कि वह दक्षिण मुंबई में प्रसिद्ध थिएटर मराठा मंदिर की 75वीं ›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** कम लागत वाले उत्प्रेरक से दूर होगी स्वच्छ ऊर्जा की कमी

# पानी से हाईड्रोजन उत्पादन की नई तकनीक सस्ती

- लागत कम करना ही इसका एक मकसद था
- स्वच्छ ऊर्जा से प्रदूषण भी शून्य हो जाएगा
- दुनिया की अर्थव्यवस्था को भी बहुत लाभ

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** पूरी दुनिया में ऊर्जा की मांग बढ़ती ही जा रही है। इसी ऊर्जा उत्पादन के लिए जिन विधियों का इस्तेमाल हो रहे हैं, वे दुनिया में प्रदूषण फैला रहे हैं, जिसके खतरे साफ साफ नजर आ रहे हैं। इसके बीच ही अब पानी से स्वच्छ ऊर्जा निकालने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। यूं तो हम सभी जानते हैं कि पानी की आणविक संरचना में हाईड्रोजन शामिल होता है। लेकिन अब तक इस हाईड्रोजन को पानी से अलग करना कोई आसान अथवा सस्ता काम नहीं था। इस चुनौती को पूरा किया है अमेरिका के कुछ वैज्ञानिकों ने जलवायु परिवर्तन से निपटने की खोज के हिस्से के रूप में, वैज्ञानिक जीवाश्म ईंधन को बदलने के लिए पानी से स्वच्छ हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए कम लागत वाली विधियों की तलाश कर रहे हैं। हाइड्रोजन भी कई औद्योगिक प्रक्रियाओं के लिए एक महत्वपूर्ण रसायन है, विशेष रूप से इस्पात बनाने और अमोनिया उत्पादन में। उन उद्योगों में स्वच्छ हाइड्रोजन का उपयोग अत्यधिक वांछनीय है। अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) के आर्गन नेशनल लेबोरेटरी के नेतृत्व में एक बहु- ›› पेज 2 भी देखें

### इस नए उत्प्रेरक में मुख्य घटक कोबाल्ट है

इस नए उत्प्रेरक में मुख्य घटक कोबाल्ट है, जो इरिडियम से काफी सस्ता है। लिउ ने कहा, हमने पीईएम इलेक्ट्रोलाइजर में कम लागत वाला एनोड उत्प्रेरक विकसित करने की मांग की है जो न्यूनतम ऊर्जा खपत करते हुए उच्च थ्रूपुट पर हाइड्रोजन उत्पन्न करता है। हमारी पद्धति द्वारा तैयार कोबाल्ट-आधारित उत्प्रेरक का उपयोग करके, एक इलेक्ट्रोलाइजर में स्वच्छ हाइड्रोजन के उत्पादन की लागत की मुख्य अड़चन को दूर किया जा सकता है। इलेक्ट्रोलाइजर और फ्यूल सेल के व्यावसायीकरण की दिशा में काम करने वाली एक प्रमुख शोध एवं विकास कंपनी, गेनेर इंक. ने औद्योगिक परिचालन स्थितियों के तहत अपने पीईएम इलेक्ट्रोलाइजर परीक्षण स्टेशनों का उपयोग करते हुए नए उत्प्रेरक का मूल्यांकन किया। प्रदर्शन और स्थायित्व प्रतियोगियों के उत्प्रेरकों से कहीं अधिक है। उत्प्रेरक के प्रदर्शन को और आगे बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रोलाइजर परिचालन स्थितियों के तहत परमाणु पैमाने पर प्रतिक्रिया तंत्र को समझना महत्वपूर्ण है। टीम ने उन्नत फोटॉन स्रोत में एक्स-रे विश्लेषण का उपयोग करके उत्प्रेरक में होने वाले महत्वपूर्ण संरचनात्मक परिवर्तनों को समझा।

## कतर के प्रधानमंत्री ने तालिबान के शीर्ष नेता से भेंट की

राष्ट्रीय खबर



**दुबईः** कतर के प्रधानमंत्री के बारे में अपुष्ट माध्यमों से यह जानकारी सामने आयी है कि उन्होंने पिछले महीने की शुरूआत में अफगानिस्तान में तालिबान के शीर्ष नेता से मुलाकात की थी। अफगानिस्तान में हुई इस गुप्त रूप से मुलाकात की अन्य माध्यमों ने पुष्टि की है। मिली जानकारी के मुताबिक यह बैठक दक्षिणी शहर कंधार में 12 मई को तालिबान के सर्वोच्च नेता, हैबतुल्ला अखुंदजादा और कतर के प्रधान मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल-थानी के बीच हुई थी। बैठक को अखुंदजादा और एक विदेशी नेता के बीच पहली बैठक माना जा रहा है। बिडेन प्रशासन को कतर द्वारा वाशिंगटन में और फिर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन और अल-थानी, जो विदेश मंत्री के रूप में भी काम करते हैं, के बीच बैठक के एक दिन बाद एक फोन कॉल में जानकारी दी गई थी। 13 मई को स्टेट डिपार्टमेंट द्वारा एक संक्षिप्त ›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### 10 साल पहले बनी ग्रामीण सड़कों को किया जायेगा चकाचक

**रांची:** झारखंड में 10 साल पहले बनी ग्रामीण सड़कों को चकाचक किया जायेगा। इन सड़कों को प्राथमिकता में पहले पूर्ण किया जायेगा। सबसे पहले यह देखा जायेगा कि कौन सड़क अधिक जर्जर हालात में है उसे पहले बनाया जायेगा। इसके बाद नौ वर्ष, आठ वर्ष, सात-छह, पांच वर्ष करते हुए ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त किया जायेगा। इसके लिए ग्रामीण पथ प्रमंडल में पांच वर्ष की कार्ययोजना तैयार की जायेगी। कार्ययोजना के तहत ही सड़क की मरम्मत के लिए सरकार को प्रस्ताव बना कर भेजा जायेगा। जिसके बाद मुख्यमंत्री ग्राम सुदृढ़ीकरण योजना से दुरुस्त किया जायेगा। हालांकि, अपवाद स्वरूप ऐसी सड़कों का भी चयन किया जा सकता है, जो दस वर्ष या कम समय की हो, किन्तु हेवी ट्रैफिक की वजह से आवागमन लायक नहीं है।

चेंबर

### इस सेक्टर को दिया जाए विशेष प्रोत्साहनः राज्यपाल

# मध्यम और लघु उद्योग हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़

- कहा कि लक्ष्य की स्पष्टता, संकल्प और निरंतरता किसी भी संगठन के लिए आवश्यक है
- कहा कि राज्य की आर्थिक प्रगति में इन संगठनों का विशेष योगदान होता है

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य के उद्योग जगत से जुड़े व्यवसायियों को महाराष्ट्र और तमिलनाडु की तर्ज पर झारखंड में भी लघु और मध्यम उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए प्रयास करने की अपील की है।फेडरेशन ऑफ झारखंड चैबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्तमान सत्र की पत्रिका के द्वितीय संस्करण का विमोचन करते हुए शुक्रवार को चैंबर भवन में राज्यपाल ने कहा कि अर्थशास्त्रियों द्वारा यह स्वीकार किया गया है कि मध्यम और लघु उद्योग हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। सकल घरेलू उत्पाद का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के माध्यम से कम निवेश के साथ शुरू होता है। ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि इस सेक्टर को विशेष प्रोत्साहन दिया जाए। राज्यपाल ने झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य की स्पष्टता, संकल्प और निरंतरता किसी भी संगठन के लिए आवश्यक है। पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि औद्योगिक संगठनों को सरकार की ओर से वित्तीय अनुदान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य की आर्थिक प्रगति में इन संगठनों का विशेष योगदान होता है। आवश्यकता इस बात की है कि सरकार द्वारा इन्हें प्रोत्साहित किया जाए।उन्होंने राज्यपाल के माध्यम से राज्य सरकार को यह संदेश दिया कि व्यापारिक जटिलताओं को आसान बनाने में कारगर पहल की जानी चाहिए, ताकि स्वरोजगार से जुड़े छोटे-छोटे व्यवसायी अनावश्यक रूप से परेशान ना हो। इस मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि एमएसएमई के विकास के लिए झारखंड चैंबर निरंतर कार्यरत है। जिसके निश्चित ही सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में आएंगे। औद्योगिक क्षेत्र में भूखंड आवंटन की प्रक्रिया में सरलीकरण के साथ ही अन्य सेक्टर की अपेक्षा इस सेक्टर को विशेष प्राथमिकता देने के लिए नियमित रूप से उद्योग विभाग से बात की जा रही है।

### कोल्हाल के पार्टी कार्यकताओं में भरेंगे जोश

## तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर जेडीयू प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड में जेडीयू खुद को विस्तार करने के लिए जी जान से जुट गया है। जनता दल यूनाइटेड के सभी नेता झारखंड के विभिन्न जिलों में जाकर कार्यकताओं से मुलाकात कर रहे हैं आगामी चुनाव में जनता दल यूनाइटेड को एक मौका देने की अपील भी कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर झारखंड जेडीयू के प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी अपने तीन दिवसीय दौरे को लेकर शुक्रवार को रांची पहुंचेंगे।रांची पहुंचने के बाद प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी अपने सभी नेताओं के साथ मुलाकात एवं चर्चा करेंगे। तीन दिवसीय दौरे में प्रभारी अशोक चौधरी रांची के अलावा चाईबासा, जमशेदपुर और सरायकेला जिले में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। झारखंड जेडीयू के तरफ से जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि शनिवार को प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी चाईबासा में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। जहां पर पार्टी के कार्यकताओं के साथ आगामी चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए जाएंगे। वहीं, शनिवार को चाईबासा में कार्यकर्ता सम्मेलन समाप्त करने के बाद प्रभारी अशोक चौधरी कोल्हान क्षेत्र के ही जमशेदपुर और सरायकेला जिले में भ्रमण कर पार्टी के कार्यकताओं से रूबरू होंगे।गौरतलब है कि जबसे जदयू के सुप्रीमो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तरफ से अशोक चौधरी को झारखंड की जिम्मेदारी दी गई है तभी से अशोक चौधरी लगातार झारखंड दौरा करते नजर आ रहे हैं। अशोक चौधरी के प्रभारी बनने के बाद जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ता यह उम्मीद जता रहे हैं।

### बीजेपी के लिए लोगों से मांगेंगी समर्थन

## 11 जून को दुमका में रैली करेंगी वसुंधरा राजे



- पार्टी के नीतियों-सिद्धांतों और कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाएं

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया 11 दिसंबर को दुमका आएंगी। वह पार्टी द्वारा आयोजित एक रैली में भाग लेंगी और लोगों को संबोधित करेंगी। यह जानकारी भाजपा नेता राकेश प्रसाद में दुमका में दी है। राकेश प्रसाद को भाजपा के एक माह तक चलने वाले महा जनसंपर्क अभियान का दुमका लोकसभा का प्रभारी बनाया गया है। 30 मई से 30 जून तक चलने वाले भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के कार्यक्रमों पर चर्चा करने के लिए दुमका में परिसदन में एक बैठक की गई। इस बैठक में महा जनसंपर्क प्रभारी राकेश प्रसाद के अलावा दुमका सांसद सुनील सोरेन, पूर्व कल्याण मंत्री लुईस मरांडी, पूर्व कृषि मंत्री बाटुल झा ने शिरकत की, इसके साथ ही भाजपा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा और जिलास्तर के कार्यकताओं ने भाग लिया। इस बैठक में महा जनसंपर्क अभियान के दौरान होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। जहां राकेश प्रसाद में कहा कि आप सभी गांव-गांव तक जाए और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जो जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है उसकी जानकारी जन-जन को दें, साथ ही साथ उन्हें यह भी बताएं कि आप इस योजना का लाभ कैसे ले सकते हैं। अगर कोई जरूरतमंद है और उन्हें योजनाओं की जानकारी नहीं है या वे उन्हें योजना का लाभ लेने में परेशानी हो रही है तो आप इसमें उनकी मदद करें। उन्होंने कहा कि आप योजनाबद्ध तरीके से पार्टी के नीतियों-सिद्धांतों और कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाएं। उन से जुड़िए और उन्हें भाजपा से जुड़ने के लिए प्रेरित कीजिए।बैठक के दौरान सांसद सुनील सोरेन ने उपस्थित भाजपा नेताओं को कहा कि आने वाला वर्ष चुनावी वर्ष है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारी बहुमत से दोबारा केंद्र सरकार की गद्दी पर बैठाया जाए। उन्होंने कहा कि आप जमीन से जुड़े लोगों से जुड़े, सिर्फ कांगजी घोड़ा दौड़ाने का काम न करें।भाजपा की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए महा जनसंपर्क प्रभारी राकेश प्रसाद ने बताया कि आगामी 11 जून को भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया दुमका आएंगी। यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगी। जानकारी के मुताबिक जामा थाना क्षेत्र के कैराबनी गांव में वसुंधरा राजे सिंधिया रैली आयोजित की जा रही है। राकेश प्रसाद ने कहा कि आगामी 2024 के चुनाव की तैयारियों में हम जुट गए हैं। इस महा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से पीएम मोदी के द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी जन जन तक पहुंचा रहे हैं।

## पहलवानों के समर्थन में सड़क पर उतरे वामदल के कार्यकर्ता, रांची में किया प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** देश भर में पहलवानों का मामला तूल पकड़ा हुआ है। प्रदर्शन कर रहे कुश्ती पहलवानों के समर्थन में सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर भाजपा के सांसद बृजभूषण का विरोध करते नजर आ रहे हैं।इसी के मद्देनजर गुरुवार को राजधानी रांची में भी भाकपा माले की किसान समिति और ट्रेड फेडरेशन के मजदूर नेताओं ने कुश्ती पहलवानों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया।

सभी किसान नेता और मजदूर नेता भाकपा माले के नेतृत्व में राजधानी के अल्बर्ट एक्का चौक पर एकजुट हुए। जहां पर उन्होंने केंद्र सरकार से भाजपा सांसद बृजभूषण पर कार्रवाई करने की मांग की।

झारखंड के वरिष्ठ मजदूर नेता शुभेंदु सेन ने कहा कि भाजपा सांसद बृजभूषण ने जिस प्रकार से देश का मान सम्मान बढ़ाने वाले कुश्ती खिलाड़ियों का शोषण करने की कोशिश की है, वह अन्याय है। सांसद के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला भी दर्ज हुआ है। उसके बावजूद सांसद को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे मजदूर एवं किसान नेताओं ने कहा कि जिस प्रकार से 28 मई को अपने हक की लड़ाई लड़ रहे पहलवानों के साथ पुलिसिया कार्रवाई की गई है, वह कहीं से भी जायज नहीं है।

केंद्र में बैठी सरकार महिलाओं के प्रति असंवेदनशील हो रही है। जिसका प्रमाण देश की राजधानी दिल्ली में 28 मई को देखने मिला। पहलवानों के समर्थन में प्रदर्शन करने उतरे वाम दल के नेतृत्व में किसान एवं मजदूर नेता ने कहा कि यदि सांसद पर कार्रवाई नहीं होती है तो आने वाले समय में देशभर के किसान और मजदूर सड़क पर उतर कर उग्र प्रदर्शन करेंगे ताकि सदन में सही लोग देश का नेतृत्व कर सके।

## प्रतुल शाहदेव ने डीजीपी से की मांग

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर झारखंड के डीजीपी से कहा कि लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र में दिवालिया हो गए अभिजीत प्लांट में स्क्रैप के करोड़ों रुपए की चोरी हुई है।

प्रतुल ने डीजीपी को बताया कि मुख्य सूत्रधारों में एक भरत उरांव को चंदवा पुलिस ने चोरी के स्क्रैप के साथ गिरफ्तार किया। मगर उसे कस्टडी में लेकर पूछताछ करने की कोशिश नहीं की गई, जो आश्चर्यजनक है।प्रतुल ने कहा कि भरत उरांव के जरिए उन सफेदपोश और माफिया तत्व तक पहुंचा जा सकता है, जो इस स्क्रैप चोरी का अभी तक संचालन कर रहे हैं। प्रतुल ने डीजीपी से भरत उरांव को रिमांड में लेकर गहराई से पूछताछ करने का आग्रह किया है। प्रतुल ने कहा कि जानकारी है कि भरत उरांव के सीने में स्क्रैप चोरी में लिप्त बहुत सारे सफेदपोशों के राज दफन है, इसलिए उसकी सुरक्षा का भी ख्याल रखा जाए।

प्रतुल ने कहा कि चंदवा और बालूमाथ थाने अति उग्रवाद प्रभावित थानों में आते हैं। इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि कहीं राष्ट्र विरोधी नक्सली जो सुरक्षा बलों को निशाना बनाते रहते हैं, उन तक भी स्क्रैप लूट की लेवी पहुंची या नहीं? प्रतुल ने मांग की है कि करोड़ों रुपए के अभिजीत ग्रुप के स्क्रैप लूटकांड के असली सूत्रधारों का खुलासा हो।

भ्रष्टाचार

### मुंगेरीलाल का सपना देखना छोड़ दें भ्रष्टाचारी दल

## भगवान बिरसा की पवित्र भूमि को कर दिया अपवित्रः दीपक प्रकाश

- अन्ना हजारे के आदर्शों को ठेंगा दिखाने वाली आप पार्टी
- भटिंडा के विधायक अमित रतन सरेआम रिश्वत लेते पकड़े गए

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में दिल्ली, पंजाब और झारखंड के मुख्यमंत्री के मुलाकात पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भ्रष्टाचार के पोषक और संरक्षक तीन मुख्यमंत्रियों के संगम ने भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र भूमि को अपवित्र करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है।उन्होंने कहा कि देशभर में भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसी की दबिश बढ़ी है जिसके कारण भ्रष्टाचारी और उनके संरक्षक बेचैन हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करने वालों की पोल खुल चुकी है। अन्ना हजारे के आदर्शों को ठेंगा दिखाने वाली आप पार्टी के सरकारों की कथनी और करनी का अंतर उजागर हो चुका है। वर्तमान समय में शराब घोटाले में केजरीवाल सरकार के मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन जेल के सलाखों में हैं।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री का चरित्र जगजाहिर है। महज डेढ़ वर्षों में ही पंजाब की सरकार भ्रष्टाचार में डूब चुकी है। पंजाब में डेढ़ वर्षों में ही दो मंत्री विजय सिंगला और सौजा सिंह भ्रष्टाचार के आरोप में बर्खास्त हो चुके हैं। दीपक प्रकाश ने कहा कि भ्रष्टाचार के वीडियो वायरल होने के बाद जन दबाव में मंत्री पद से बर्खास्त तो कर दिया गया लेकिन कोई एफआईआर नहीं किया गया।भटिंडा के विधायक अमित रतन सरेआम रिश्वत लेते पकड़े गए। वहीं विधायक गोल्डी कंबोज के पिता पर भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगा है। इतना ही नहीं एक मंत्री लालचंद कतारुजा महिला उत्पीड़न, अश्लील वीडियो के साथ पाये गए, जिसका राज्यपाल और अनुसूचित जनजाति आयोग ने संज्ञान में भी लिया है। इसके बावजूद अभी तक कतारुजा की बर्खास्तगी नहीं हुई है। दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड में शराब घोटाले उजागर हुए हैं। वरिष्ठ नौकरशाह से केंद्रीय जांच एजेंसी की पूछताछ चल रही है। ऐसे में यह मुलाकात भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की कवायद है लेकिन सच कभी छुपता नहीं भ्रष्टाचार करने वालों और उसे संरक्षण देने वाले को उसका परिणाम भुगतना ही पड़ेगा।

## पेज एक का शेष

### हेमंत सोरेन से .. .. ..

नहीं है, ऐसे में जब राज्यसभा में यह अध्यादेश आए तो इसका विरोध किया जाए, ताकि यह अध्यादेश राज्यसभा में पास ना हो पाए। केजरीवाल ने कहा कि हम पूरे देश में सभी लोगों से समर्थन मांग रहे हैं और इसी क्रम में हम झारखंड भी आए हैं। श्री केजरीवाल ने राज्यसभा में इस अध्यादेश को रोकने की पूरी कोशिश करने की साफ बात कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस मुद्दे पर उन्हें कांग्रेस का समर्थन मिल जाएगा क्योंकि यह देश का मुद्दा बन गया है। एक सवाल के जवाब में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सभी विपक्षी दलों के साथ ही मैं भाजपा के सभी सांसदों को पत्र लिखूंगा कि इस अध्यादेश के विरोध में भाजपा के सभी लोग साथ आयें, क्योंकि यह किसी की व्यक्तिगत लड़ाई नहीं बल्कि पूरे देश की लड़ाई है।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जिस तरीके से देश में काम किया जा रहा है उसे संघीय ढांचे पर प्रहार कहा जा सकता है। हमारे देश की ताकत अनेकता में एकता है लेकिन उस पर भी मोदी सरकार का यह कदम एक बड़ा प्रहार है। संघीय ढांचे की बात केंद्र सरकार तो करती है लेकिन काम पूरी तरह विपरीत ही रहता है। हेमंत सोरेन ने कहा कि लगातार संघीय ढांचे पर प्रहार किया जा रहा है अभी कुछ दिन पहले लोकसभा के नए भवन का उद्घाटन हुआ वह सिर्फ लोकसभा का उद्घाटन नहीं बल्कि लोकतंत्र के मंदिर का उद्घाटन हुआ और उसमें जिस तरह से काम किया गया वह सबके सामने है। गैर भाजपा शासित सरकारों पर लगातार नरेंद्र मोदी प्रहार कर रहे हैं। वह सिर्फ उन सरकारों पर प्रहार नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रहार है।

### रूसी हथियार .. .. ..

राइफलों के साथ फिर से लैस हो रही है। इसी क्रम में कंपनी ने कहा कि वह ड्रोन बनाने वाली इकाई शुरू कर रहा है। हमने मानव रहित हवाई वाहनों का एक प्रभाग स्थापित किया है। हमने अपनी सभी क्षमताओं को उनके विकास और उत्पादन पर समेकित किया है और उत्पादन को कई गुना बढ़ा रहे हैं। वैसे भी युद्ध प्रारंभ होने के बाद से सभी रूसी हथियार निर्माता लगातार रक्षा उपकरणों का उत्पादन बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा यूक्रेन ने पहले ही यह आरोप लगाया है कि रूस ने पहले ही ईरान से इतने ड्रोन हासिल कर लिये हैं कि वह हर रोज यूक्रेन पर ड्रोन हमला अब भी जारी रख सकता है।

### सुबह तक 144 से .. ..

कार्बाइन, एके और इंसास राइफलें, लाइट मशीन गन, पिस्तौल, एम-16 राइफल, स्मोक गन/आंसू गैस, स्टेन गन और ग्रेनेड लॉन्चर शामिल हैं। तीन मई को मणिपुर में जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद गृह मंत्री ने पहली बार पूर्वोत्तर राज्य का दौरा किया है। अधिकारियों ने बताया कि संघर्ष में मरने वालों की संख्या बढ़कर 80 हो गई है। सूत्रों ने कहा कि शुक्रवार सुबह तक सामुदायिक हॉल सहित 272 राहत शिविरों में करीब 37,450 लोग रह रहे हैं। दूसरी ओर, असम में आदिदासी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (एपीएलए) के 39 सक्रिय कैडरों ने 2 जून, 2023 को असम राइफल्स और असम के बोकाजन पुलिस स्टेशन के सामने अपने हथियार डाले। असम राइफल्स (उत्तर) और असम पुलिस के महानिरीक्षक के तत्वावधान में असम राइफल्स के साथ स्पीयर कोर के सुरक्षा बलों ने इन व्यक्तियों की शांति और समृद्धि के जीवन में वापसी को प्रोत्साहित करने की दिशा में लगातार काम किया है।

आज के सफल ऑपरेशन, जिसका कोडनेम समर्पण था, में 31 हथियारों का आत्मसमर्पण देखा गया, जिसमें 3 एके श्रृंखला राइफल्स, 19 पिस्तौल, 5 अन्य राइफलें, 2 ग्रेनेड और विभिन्न जीवित गोला-बारूद शामिल थे। आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों के परिवारों ने अपने प्रियजनों की सुरक्षित वापसी की सुविधा के लिए सुरक्षा बलों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।

### दलित युवक को ऊंची .. ..

गए। पीड़िता की मां उसे बचाने के लिए दौड़ी लेकिन समूह ने उसके साथ भी मारपीट की। आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। आदमी और उसकी माँ दोनों को अस्पताल ले जाया गया और वे ठीक हो रहे हैं। पुलिस ने कहा कि अभी तक इस घटना के संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### शरद पवार ने .. ..

वर्षगांठ के अवसर पर एक समारोह में आमंत्रित करने के लिए शिंदे के घर गए थे। पवार ने कहा कि उनके बीच मराठा फिल्मों और थिएटर से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा हुई। बैठक को लेकर शिंदे ने ट्वीट किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री की एनसीपी प्रमुख से मुलाकात को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। इस चर्चा को आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। कुछ दिनों पहले, मुंबई में अपनी आत्मकथा के नए संस्करण के लॉन्च पर, पवार ने नाटकीय रूप से पार्टी के अखिल भारतीय अध्यक्ष पद से अपने इस्तीफे की घोषणा की। इसको लेकर भी कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, उन्होंने इसे 3 दिन बाद वापस ले लिया। पवार के अपने भतीजे अजीत से रिश्तों के समीकरण अक्सर चर्चा में रहते हैं। अजीत पहले भी बागी के तौर पर देखे जाते रहे हैं। पवार के भतीजे के साथ भाजपा की निकटता के मुद्दे पर भी बार-बार चर्चा होती है। भाजपा इस बैठक में राजनीति नहीं जोड़ना चाहती है। पार्टी नेता और राज्य मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने कहा, शिंदे की पवार से मुलाकात राजनीतिक नहीं है यह व्यक्तिगत बैठक है। लेकिन उद्धव ठाकरे इस समय विदेश में हैं और यह वह समय था जब पवार की शिंदे के घर की यात्रा ने अटकलों को हवा दी।

### पानी से हाईड्रोजन .. ..

संस्थागत टीम ने एक प्रक्रिया के लिए एक कम लागत वाला उत्प्रेरक विकसित किया है जो पानी से स्वच्छ हाइड्रोजन पैदा करता है। अन्य योगदानकताओं में डीओई की सैंडिया नेशनल लेबोरेटरीज और लॉरेंस बर्कले नेशनल लेबोरेटरी के साथ-साथ जिनर इंक शामिल हैं। आर्गन के वरिष्ठ रसायनज्ञ डी-जिया लियू ने कहा, इलेक्ट्रोलिसिस नामक एक प्रक्रिया पानी से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का उत्पादन करती है और लगभग एक सदी से अधिक समय से है। प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन (पीईएम) इलेक्ट्रोलाइजर इस प्रक्रिया के लिए नई पीढ़ी की तकनीक का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे कमरे के तापमान के पास उच्च दक्षता के साथ पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित कर सकते हैं। कम ऊर्जा की मांग उन्हें सौर और पवन जैसे नवीकरणीय लेकिन आंतरायिक स्त्रोतों का उपयोग करके स्वच्छ हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए एक आदर्श विकल्प बनाती है। यह इलेक्ट्रोलाइजर अपने प्रत्येक इलेक्ट्रोड (कैथोड और एनोड) के लिए अलग उत्प्रेरक के साथ चलता है। कैथोड उत्प्रेरक हाइड्रोजन उत्पन्न करता है, जबकि एनोड उत्प्रेरक ऑक्सीजन बनाता है। लेकिन इसकी लागत बहुत अधिक है। नया लक्ष्य एक दशक में उत्पादन की लागत को एक डॉलर प्रति किलोग्राम तक कम करना है। सस्ता उत्पादन पूरी अर्थव्यवस्था को नयी आकृति प्रदान कर सकता है।

### कतर के प्रधानमंत्री ने .. ..

रीडआउट में केवल ब्लिंकन की अफगानिस्तान पर कतर की निरंतर सहायता के लिए सराहना का उल्लेख किया गया। अमेरिकी विदेश विभाग और अमेरिका में कतरी दूतावास से टिप्पणी के लिए संपर्क किया गया है। अल जजीरा ने बताया कि अल-थानी ने तालिबान और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को सुविधाजनक बनाने के लिए दौरा किया था। अमेरिकी अधिकारियों ने दोहा में तालिबान प्रतिनिधियों के साथ कभी-कभी मुलाकात की है, क्योंकि देश के तालिबान अधिग्रहण के बीच अगस्त 2021 में अमेरिका ने अफगानिस्तान छोड़ दिया था। तालिबान को आतंकवादियों को शरण न देने की अमेरिकी चेतावनियों के बावजूद, अल कायदा के नेता अयमान अल-जवाहिरी ने पिछले जुलाई में अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे जाने से पहले काबुल में निवास किया था।

शहर >> अपडेट

## जनप्रतिनिधियों ने बैठक कर मामला को सुलझाया

**रांची:** अनगड़ा प्रखंड के महेशपुर मेंढेटुगंरी जंगल में वन विभाग के द्वारा 50 हैक्ट्रर भूमि में पेड़ लगाया जा रहा है। इसके लिए वन विभाग के द्वारा मिट्टी की कटिंग की जा रही है। इससे स्थानीय ग्रामीणों की खेती और फसल का नुकसान हो रहा है। इस बात को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में रोष है। आज जमीन खोदने आया वन विभाग के जेसीबी को ग्रामीणों और किसानों ने रोक दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने खूब हंगामा भी किया। इसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों को बुलाया गया। फोरेस्टर के मध्यस्ता में सिरका पंचायत के मुखिया रोशन लाल मुंडा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि साहेबराम महतो, प्रमुख दीपा उरांव, जिला परिषद् अनुराधा मुंडा, सुरेन्द्र महतो, रामसाय मुंडा, रामनाथ महतो, जगेश्वर महतो तथा राजेन्द्र महतो के साथ स्थानीय ग्रामीणों की बैठक की गयी।

फेयरवेल > डायरेक्टर को अगर भागना होता तो वे कोरोना काल में ही स्थितियों से घबराकर भाग जाते: मंत्री

# मैंने डॉक्टरी की पढ़ाई की, यहां की जिम्मेवारी निभाकर गुरु दक्षिणा भी दे दी:डॉ कामेश्वर

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रिम्स में शुक्रवार को डायरेक्टर डॉ कामेश्वर प्रसाद के फेयरवेल कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। मौके पर रिम्स डायरेक्टर डॉ प्रसाद ने रिम्स से अपने जुड़ाव की चर्चा की। उन्होंने कहा कि आरएमसीएच के टाइम में उन्होंने यहां पर पढ़ाई की। हजारीबाग में घर होने के कारण यहां से लगाव रहा। इसलिए रिम्स में डायरेक्टर के पद आया। उन्होंने कहा कि रिम्स से मैंने डॉक्टरी की।



इसके लिए मैंने अपनी गुरु दक्षिणा दे दी है। 2.85 लाख का चेक मैंने रिम्स के नाम से काटकर दे दिया है।यहां पर रिसर्च के रास्ते खुल गए। वहीं मरीजों के लिए बेहतर सुविधाएं देने में हमने कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि हमारे संस्थान में आज दो सीटी स्कैन, 2 कैथलैब, 3 अल्ट्रासाउंड मशीन की सुविधा है। जो शायद पटना के एम्स में भी नहीं है। उन्होंने कहा कि रिसर्च ले? र का फायदा रिम्स को मिलेगा। 60 डॉक्टर इस ले? र में शामिल हो रहे थे।डायरेक्टर ने डॉक्टरों के प्राइवेट प्रैक्टिस पर कहा कि पहले भी रिम्स के डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस करते थे।

लेकिन वे लोग अपनी सीमा में रहकर करते थे। आज हमारे डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे है। जिसकी शिकायत लेकर मरीज हमारे पास आए। इस पर रोक लगाने के लिए मैं कुछ नहीं कर पाया। उम्मीद है कि आगे आने वाले लोग इसपर कुछ करेंगे। वहीं विधायक समरी लाल ने भी जीबी के दौरान डायरेक्टर के साथ नोक-झोंक की बातें कही। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरा ये दायित्व है कि लोगों की समस्याओं को रखूं।स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने डायरेक्टर डॉ कामेश्वर प्रसाद के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई।

साथ ही कहा कि उनके रिसर्च का फायदा रिम्स को आनेवाले समय में भी मिलेगा। डायरेक्टर के जल्दी रिम्स छोड़ने के मामले पर उन्होंने कहा कि डायरेक्टर को अगर भागना होता तो वे कोरोना काल में ही स्थितियों से घबराकर भाग जाते। लेकिन उन्होंने सबकुछ देखा और स्थितियों को भी संभाला। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि डायरेक्टर और मेरे बीच मतभेद की बातें आती रही। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं था। कई बार हमारे विचार एक नहीं हो सकते। मैंने पहले ही दिन डायरेक्टर को कहा था कि अगर किसी विषय पर लगे कि मैं गलत हूं तो समाज के हित में फैसला वे ले सकते है।

इस दौरान उन्होंने डायरेक्टर की मैथमैटिक्स की जानकारी पर भी जोक मारा। उन्होंने कहा कि मछली के बच्चे को कोई तैरना सिखाता है क्या। डायरेक्टर तो खुद बनिया के बच्चे है और उन्हें मैथ सिखाने की जरूरत है क्या?स्वास्थ्य विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी अरुण कुमार सिंह, एडिशनल सेक्रेटरी आलोक त्रिवेदी, विधायक समरी लाल, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ हिरेंद्र कुमार बिरुआ, डीन डॉ विद्यापति मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### नगरपालिका सेवा के तहत 921 पदों पर होगी नियुक्ति, 20 जून से आवेदन

**रांची:** नियोजन नीति नियमावली में संशोधन के बाद से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने कई नियुक्तियों का विज्ञापन जारी किया है। हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति, लैब असिस्टेंट नियुक्ति के बाद अब नगरपालिका सेवा के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्ति का विज्ञापन निकाला है। इस नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया 20 जून से 19 जुलाई तक चलेगी। 21 जुलाई तक परीक्षा शुल्क दिया जा सकेगा। 23 जुलाई तक फोटो और सिग्नेचर अपलोड कर आवेदन का प्रिंट आउट लिया जा सकता है। आवेदन में किसी तरह की गड़बड़ी रही तो 25 जुलाई से 27 जुलाई के बीच सुधार किया जा सकता है। उम्मीदवारों को आवेदन के दौरान पदों का विकल्प देना होगा। गार्डन अधीक्षक के कुल पद 12, वेटरिनरी ऑफिसर के कुल पद 10, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर के कुल 24 पद। सेनेटरी सुपरवाइजर के कुल 645 पद, राजस्व निरीक्षक के कुल 184 और विधि सहायक के कुल 46 पदों के लिए निकाली गयी है वैंकेसी। इतना देना होगा परीक्षा फीस : इस विज्ञापन के तहत आवेदन करने के लिए परीक्षा शुल्क 100 रखा गया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को 50 रुपये परीक्षा फीस देने होंगे। दिव्यांग उम्मीदवारों को किसी तरह का कोई परीक्षा फीस नहीं देना होगा। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने कहा है कि 2022 के विज्ञापन में जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा फीस देने के साथ आवेदन किया था उन्हें फिर से परीक्षा फीस के साथ भुगतान करना होगा। ऐसे उम्मीदवारों को अनुरोध पर उन्हें उनकी राशि वापस कर दी जाएगी। इस संबंध में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग अलग से सूचना जारी करेगा। उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। यह लिखित परीक्षा एक चरण की होगी। परीक्षा ओएमआर आधारित होगी। परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर वाले होंगे। एक प्रश्न के लिए तीन अंक मिलेंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटे जाएंगे। भाषा विषय को छोड़कर अन्य सभी विषयों के प्रश्न हिंदी और अंग्रेजी भाषा में होंगे। लिखित परीक्षा में तीन पेपर होंगे। यह एक ही दिन तीन पालियों में ली जाएगी।

### खेलो इंडिया गेम्स में झारखंड की अंशिका कुमारी ने तीरंदाजी में जीता स्वर्ण पदक




**रांची:** लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया गेम्स के तीरंदाजी स्पर्धा में झारखंड की बेटी ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। झारखंड की तीरंदाज अंशिका कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता है। प्रतियोगिता में आज रिकर्व महिला वर्ग के फाइनल में झारखंड की अंशिका कुमारी ने गुजरात की भार्गवी को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक जीतकर उसने राज्य का गौरव बढ़ाया। जिस पर राज्य के खिलाड़ी और खेल अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। झारखंड तीरंदाजी टीम में शामिल अंशिका कुमारी कोल्हान यूनिवर्सिटी की छात्रा है। वर्तमान में एकलव्य तीरंदाजी एकेडमी सेल किरीबुरू में तीरंदाजी करती है। स्वर्ण पदक जीतने पर अंशिका को खेल निदेशक डॉ सरोजिनी लकड़ा ने बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही झारखंड के सभी तीरंदाजी प्रशिक्षकों के अलावा झारखंड के खेल प्रेमियों ने बधाई दी। यह प्रतियोगिता 25 मई से 3 जून तक लखनऊ में आयोजित किया गया है। कल प्रतियोगिता का समापन होगा।

### राष्ट्रीय स्कूल गेम में हिस्सा लेने बॉक्सिंग के खिलाड़ी भोपाल रवाना

**रांची:** राष्ट्रीय स्कूल गेम की खुली चयन प्रतियोगिता में रांची जिला के 8 बॉक्सरों का चयन हुआ है। रांची जिला के आठों बॉक्सर भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल गेम और अन्य खेल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के साथ रांची रेलवे स्टेशन से रवाना हुए। बॉक्सिंग खिलाड़ियों में बालक वर्ग में 48 किलोग्राम में रोहित कुमार, 57 किलोग्राम में अमित कुमार 60 किलोग्राम में संदीप गोप, 67 किलोग्राम में जय कुमार महतो, बालिका वर्ग में 48 किलोग्राम में सुभद्रा कुमारी, 51 किलोग्राम मे सुगन कुमारी, 54 किलोग्राम में निता रोज तिग्गा, 60 किलोग्राम में रितिका कुमारी शामिल है। प्रिया कुमारी मेनेजर के रूप में साथ है। इस अवसर पर जेएसएसपीएस के बॉक्सिंग कोच बीबी मोहंती, अध्यक्ष रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन विनय सिन्हा, सचिव रांची बॉक्सिंग एसोसिएशन अजय मुकुल टॉप, कोषाध्यक्ष गुलाम जावेद, जेएसएसपीएस के खेल अधिकारी पुष्पा हनसा ने सभी खिलाड़ियों को विदा किया और स्वर्ण पदक जीतकर आने की शुभकामनाएं दी।

### शास्त्री रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन चार मैच

**रांची:** एसएस हाई स्कूल मैदान ओरमांझी में खेले जा रहे लाल बहादुर शास्त्री रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन चार मैच खेले गए। दूसरे दिन के मैच के मुख्य अतिथि सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचित प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। दूसरे दिन का पहला मैच नेवरी एलेवन और डूमरदागा टीम के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर कर डूमरदागा की टीम पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नेवरी एलेवन ने निर्धारित 8 ओवर में 7 विवेट गंवाकर 82 रनों का लक्ष्य अपने विपक्षी टीम को दिया। दूसरी पारी में खेलने उतरी डुमरदागा की टीम अंतिम ओवर तक अपने लक्ष्य का पीछा करते रहा। लेकिन लक्ष्य से 5 रन दूर ही रहा गया। इस तरह नेवरी की टीम 5 रन से मैच जीत कर अगले राउंड में प्रवेश किया। मैच की समाप्ति पर आयोजन समिति लाल बहादुर शास्त्री क्लब ओरमांझी के सौजन्य से नेवरी टीम के काली को प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। वहीं दूसरा मैच डहु बनाम मेजबान टीम लाल बहादुर शास्त्री क्लब ओरमांझी के बीच खेला गया। जहां डहु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए महज 60 रन पर सिमट गई। जिससे मेजबान टीम ने अपने लक्ष्य को हासिल कर 3 विकेट से मैच जीत लिया। दूसरे मैच में मेजबान विजेता टीम के राहुल को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। वहीं तीसरा मैच में आनन्दी एलेवन स्टार टीम को ओरमांझी की टीम ने 4 रनों से हराया। वही दूसरे दिन का अंतिम मैच सुपरस्टार टीम चकला और इरबा एलेवन के बीच खेला गया। जिसमें चकला टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी टीम इरबा को 16 रन से हराकर अगले राउण्ड में जगह पक्की कर लिया। मैच की समाप्ति पर चकला टीम के आफताब अंसारी को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। मैच की खबर टूर्नामेंट के मीडिया प्रभारी आफताब आलम ने दी।

### डोभा निर्माण का शिलान्यास

**रांची:** ओरमांझी-गगारी पंचायत के मुखिया धनराज बेदिया के नेतृत्व में गगारी में श्मशान घाट डोभा निर्माण का शिलान्यास सांसद सजंय सेठ व पूर्व विधायक राम कुमार पाहन ने विधि विधान से नारियल फोड़ किया। जहां ग्रामीणों ने सांसद को ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि हमलोगों के पूर्वजों के गैरमजरूआ जमीन को जमीन दलालों द्वारा हड़पने का प्रयास पुलिस और अंचल के कर्मचारियों के मिली भगत से किया जा रहा है।हमलोग विरोध करते हैं तो थाने में हम लोग के विरोध में केश दर्ज कराया जाता है।वहीं ग्रामीणों ने एकल सांसद से 11 एकड़ गैरमजरूआ जमीन को जमीन दलालों से बचाने के लिए मिनी खेल स्टेडियम,बड़ा तलाब निर्माण जिससे ग्रामीण अपने अपने खेती बाड़ी कर अपने जीवनोपार्जन कर सके सहित दो श्मशान शेड निर्माण कराने की मांग किया।मौके पर सांसद ने ग्रामीणों की समस्या सनु ग्रामीणों को भरोसा दिया कि जनता की समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता है।

## झारखंड में 800 छात्रों पर महज एक +2 स्कूल, 73 बच्चों पर एक शिक्षक



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** नई शिक्षा नीति 2020 के तहत अब कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई नहीं होगी। अब छात्रों को इंटरमीडिएट की पढ़ाई के लिए प्लस 2 स्कूलों में जाना होगा। वर्तमान समय में झारखंड में कुल 635 प्लस टू स्कूल हैं, जिनमें से 510 प्लस टू स्कूलों में पद स्वीकृत हैं। जबकि 125 स्कूलों को प्लस टू के लिए अपग्रेड किया गया है। लेकिन अपग्रेड स्कूलों के लिए अब तक शिक्षकों के कोई पद स्वीकृत नहीं किये गये हैं।

वहीं प्लस 2 स्कूलों के लिए शिक्षकों के कुल 5610 पद स्वीकृत हैं, लेकिन कार्यरत महज 2490 ही हैं। इस साल 10वीं की परीक्षा में लगभग 407559 छात्रों ने पास किया है। औसतन 800 बच्चे होंगे एक स्कूल में और लगभग 73 बच्चों पर एक शिक्षक है।

## मोरहाबादी में चलाया सिंगल प्रयोग प्लास्टिक मुक्त अभियान, लोगों को किया जागरुक

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से मिशन लाइफ के तहत सिंगल प्रयोग प्लास्टिक मुक्त अभियान 2 जून को चलाया गया। रांची के मोरहाबाद चलाए गए अभियान में स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई की। साथ ही लोगों को जागरूक भी किया गया। आरयू के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि पर्यावरण को प्लास्टिक द्वारा भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसके विरुद्ध जन जागरुकता कार्यक्रम चलाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने एनएसएस के स्वयंसेवकों को पर्यावरण संकट को गंभीरता से लेकर आम जनता के बीच एवं



शिक्षण संस्थानों में जागरुकता अभियान चलाने का आह्वान किया। पर्यावरण के इस भीषण संकट से बचने के लिए सभी को सामूहिक एवं सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है।आज के प्लास्टिक मुक्त अभियान में मोरहाबादी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर बिखरे हुए प्लास्टिक से निर्मित सामग्रियों के रैपर एवं प्लास्टिक आदि का संग्रह किया गया। आने जाने वाले राहगीरों को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक भी किया गया। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने मोरहाबादी क्षेत्र से लगभग 50 से ज्यादा थैलों में एकल प्रयोग प्लास्टिक के कचरे का संग्रहण कर नगर निगम के बड़े डस्टबिन में डाला। कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी अनुभव चक्रवर्ती, एनएसएस के टीम लीडर्स क्रमशः दिवाकर आनंद, सौरभ सोनी, आस्था दीप, दीपक साहू, गोलू, स्वाति, शिवम, कामिनी, अजहर, खुशी, सी, श्रेया, अंकिता, आरव, गुड्डी कुमारी, सौरभ दीप आदि का योगदान रहा।

## आने वाले पांच दिनों तक लोगों को नहीं मिलेगी गर्मी से राहत, तेज धूप और उमस से होगा सामना

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**राज्यवासियों को फिलहाल तपती गर्मी से कोई राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो सात जून तक राजधानी समेत राज्य भर में लोगों को गर्मी का एहसास होगा। हालांकि इस दौरान तापमान में वृद्धि की बात नहीं कही गयी है। लेकिन लोगों को तपती गर्मी और तेज धूप का सामना करना पड़ेगा। वहीं आठ जून को राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है।मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की मानें तो अगले पांच दिनों तक राज्य का मौसम साफ रहेगा। वहीं,अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। आठ जून को कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की



संभावना व्यक्त की गयी है। पांच जून से राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। हालांकि इस दौरान बारिश की संभावना नहीं है। विभाग की मानें तो दो जून को राज्य का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं तीन जून को 39 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।विभाग की मानें तो आठ जून के पहले तेज धूप की संभावना है। ऐसे में लोगों को सर्तक रहने की जरूरत है। लोगों को घरों से निकलने के पहले खुद को ढंकना है। वहीं, अधिक से अधिक पानी का सेवन करना है। विभाग ने लोगों को चेतावनी दी है कि सुबह नौ बजे के बाद से घर से बाहर न निकले।

## राज्य के सभी पुस्तकालय अब मास्टर सोबरन मांझी पुस्तकालय के नाम से जाने जायेंगे

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**अब राज्य के सभी पुस्तकालय मास्टर सोबरन मांझी पुस्तकालय के नाम से जाने जायेंगे। राज्य के सारे राजकीय,अराजकीय पुस्तकालय का विकास मास्टर सोबरन मांझी पुस्तकालय योजना के अंतर्गत होगा। स्थापना, विस्तारीकरण व विकास इसी योजना के तहत किए जायेंगे। शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर सरकार की भी मंजूरी मिल गयी है। नाम परिवर्तन से उनके मूल सृजित पद एवं वेतन आदि पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मूल सृजित पद एवं वेतन आदि की प्रकृति पूर्ववत बनी रहेगी।बता दें कि राजकीय,अराजकीय पुस्तकालय में स्वीकृत पदों को छोड़कर शेष सभी पदों में बाह्य स्रोत से कर्मियों की सेवा ली जा रही है। बता दें कि राज्य में अभी चार राजकीय पुस्तकालय एवं अराजकीय पुस्तकालय अंतर्गत एक प्रमंडीय पुस्तकालय, 10 जिला स्तरीय पुस्तकालय, सात अनुमंडलीय पुस्तकालय संचालित किया जा रहा है। वहीं कोडरमा एवं रामगढ़ में जिलास्तरीय पुस्कालय संचालित है। ल्लराजकीय पुस्तकालयों के कर्मियों को राज्य सरकार के कर्मियों



की भांति वेतन-भत्ता अनुमान्य है, जबकि अराजकीय पुस्तकालय में कर्मियों को मानदेय भुगतान के लिए सरकार राशि आवंटित करती है। पहले इन पुस्तकालय के नाम की व्यवस्था अनुमंडलीय व्यवस्था के अनुसार हुआ था और ये राजकीय व अराजकीय पुस्तकालय कहलाता है। ऐसे में कई पुस्तकालय जहां है,वे अनुमंडल से जिला हो गये हैं। इसलिए इनके नाम के लिए अलग से नामांकरण की जरूरत महसूस हो रही थी। जल्द ही सारे पुस्तकालयों के नाम में बदलाव कर दिया जायेगा।

आयोजन > बीएयू में प्लेसमेंट मेला सह बीएयू इंडस्ट्री मीट 2023 का आयोजन

# विवि के छात्रों के लिए सबसे खुशी का अवसर : डॉ ओंकार नाथ सिंह

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के लिए पहलीबार प्लेसमेंट मेला सह बीएयू इंडस्ट्री मीट 2023 का आयोजन सबसे बड़ा उत्सव का क्षण है। वर्तमान में सीमित संसाधनों के बावजूद विगत ढाई वर्षों में उच्च शिक्षा एवं कैरियर के क्षेत्र विवि के विद्यार्थियों का प्रदर्शन गर्व का विषय रहा है। करीब चार सौ विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के ऑनलाइन कोचिंग से जोड़ा गया है। विवि में विद्यार्थियों को क्षमता एवं दक्षता विकास पर विशेष ध्यान दी जाती है।

विवि के विद्यार्थी नाबार्ड एवं अन्य अनेकों राष्ट्रीय संस्थानों में बेहतर सेवा दे रहे है। बीएयू के विद्यार्थी अपनी क्षमता, दक्षता एवं अनुशासन के बल पर प्राइवेट एवं




इंडस्ट्रीज सेक्टर के प्रबंधन में बेहद फलदायी साबित होंगे। उक्त बातें प्लेसमेंट मेला सह बीएयू इ इंडस्ट्री मीट का उद्घाटन करते हुए अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कही। कुलपति ने कहा कि रोजगार के मामले में फॉरेस्ट्री पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है।

हाल के वर्षो में विवि के शैक्षणिक क्षेत्र में अनेकों नये आयाम जुड़े है। इनमें हॉर्टिकल्चर, डेयरी टेक्नोलॉजी एवं एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा है। उन्होंने सबंधित कॉलेज के एसोसिएट डीन से इनके नियोजन की संभावना से सबंधित सुझाव पत्र से राज्य सरकार को अवगत कराने की सलाह दी।मौके पर कुलपति ने काउंसीलिंग एंड प्लेसमेंट द्वारा प्रकाशित प्लेसमेंट पोस्टर एवं स्मारिका का भी विमोचन किया। विशिष्ट अतिथि नाबार्ड, रांची के महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर नाबार्ड संस्थान में करीब पचास प्रतिशत कृषि एवं संबद्ध विषय के स्नातक कार्यरत है। नाबार्ड सेवा में कृषि एवं संबद्ध विषय से जुड़े विद्यार्थियों के लिए अपार संभावनाएं है।

उन्होंने घोषणा की कि दस दिनों के अंदर नाबार्ड की अनुषंगी यूनिट नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विस द्वारा बीएयू के ग्यारह विद्यार्थियों का प्लेसमेंट किया जायेगा। मौके पर डीन वेटनरी डॉ सुशील प्रसाद ने वेटनरी, डेयरी टेक्नोलॉजी एवं फिशरीज क्षेत्र में नियोजन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन विषयों के विद्यार्थियों के लिए सरकारी नियोजन की अपेक्षा प्राइवेट सेक्टर में नियोजन की अपार संभावनाएं है। डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने इस अवसर को विद्यार्थियों के लिए काफी उपयोगी एवं उत्साहवर्धक अवसर बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमता की पहचान, दक्षता का विकास, जागरूक रहने और लगातार मेहनत एवं प्रयास करने की सलाह दी।

स्वागत भाषण में डीन फॉरेस्ट्री डॉ एमएस मल्लिक ने कहा कि बीएयू महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुआ है। विद्यार्थियों में चेतना एवं जागरूकता के उद्देश्य से ही पहली बार विवि में विद्यार्थियों को यह प्लेटफॉर्म प्रदान किया गया है। इससे विवि के सफल विद्यार्थियों को सरकारी नियोजन के अलावे गुणवत्तापूर्ण नियोजन में तेजी आयेगी।

आयोजन सचिव एवं विश्वविद्यालय समन्वयव (काउंसीलिंग एंड प्लेसमेंट) डॉ बीके झा ने बताया कि इस कार्यक्रम में विवि के 11 महाविद्यालयों के अंतिम वर्ष करीब 350 स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया है। इस प्लेसमेंट मेला में सात कंपनी भाग ले रही है। जिनमें इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीबिजनस प्रोफेशनल्स, सारदा, खेइटी प्राइवेट लिमिटेड, नेबकॉन एवं आर्यभट्ट एजुकेशन एंड हेल्थ ट्रस्ट शामिल है।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

**शहर >> अपडेट**

### भाजपा नेता प्रकाश ने देउड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना किया

**बेरमो :** भाजपा नेता एवं शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने आज सुबह रांची के तामाड़ में स्थित प्रसिद्ध देउड़ी देवी मंदिर में 16 भुजाधारी मां देउड़ी देवी जी का पूजा-अर्चना किया और बेरमो क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना किया।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### रामविलास प्लस टू की टॉपर छात्रा को बधाई देने उनके आवास पहुचे गिरिडीह सांसद

**बेरमो :** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने गुरुवार को जैक बोर्ड कॉमर्स की परीक्षा में रामविलास 10 प्लस 2 उच्च विद्यालय की टॉपर रही छात्रा सोमा मुखर्जी केकर गली स्थित आवास में मिलकर बधाई दी। साथ ही आगे की पढ़ाई में मैं हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विदित हो कि सोमा मुखर्जी ने 10 वीं तक सीबीएसई बोर्ड की पढ़ाई की थी, इसके बाद जैक बोर्ड में स्विच की। उसका सपना सीए बनने का है। कहा कि वह 8 से 10 घंटे तक पढ़ाई करती हैं। सोमा के पिता करगली बाजार निवासी प्रसनजीत मुखर्जी एक दवा दुकान में स्टाफ हैं, जबकि मां गृहिणी है। अन्य समाचार के अनुसार सांसद श्री चौधरी ने करगली बाजार के समाजसेवी योगेश तिवारी से उनके आवास में मिलकर उनका हालचाल जाना।मौके पर आजसू नेता संतोष महतो सांसद प्रतिनिधि दीपक महतो नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष इंद्रजीत मुखर्जी पप्पू सिंह शिबू महतो आदि लोग उपस्थित थे।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### लगातार पांच घण्टे साइकिल चलाते है पतरातू के प्रमोद पाठक

**रामगढ़ :** साइकिल चलाना प्रमोद का जुनून बन गया है। 5 घण्टा लगातार साइक्लिंग कर प्रमोद न केवल खुद को चुस्त-दुरुस्त रखते है,लोगो को पर्यावरण सरक्षंण का भी सन्देश देते है। जी हां पतरातू प्रखण्ड के रसदा निवासी प्रमोद पाठक प्रतिदिन अपने घर से साइकिल चलाकर रामगढ जाकर वापस घर लौटते है। अपने दिनचर्या में बिना कोई बदलाव किए और मौसम की परवाह किए बगैर प्रतिदिन करते हैं साइकिलिंग प्रमोद पाठक। प्रमोद बताते है की रामगढ आने-जाने के दौरान वह साइकिल से उतरते नही है। तड़के 2 बजे रामगढ के लिये निकलकर 5 घण्टे तक साइक्लिंग करते हुए सुबह 7 बजे घर पहुंचते है। प्रमोद कहते है कि इससे शरीर चुस्त-दुरुस्त तो रहता ही है और कई गम्भीर बीमारियों से भी बचाता है। प्रमोद से प्रेरणा ले अब पतरातू प्रखण्ड के कई बच्चे प्रतिदिन 7-8 किमो साइकिल चलाने लगे है। लगातार साइकिल चलाने में गीनिज वर्ल्ड रिकॉर्ड में खुद का नाम शामिल कराना प्रमोद की इच्छा है।प्रमोद लोगो से अपील भी करते है की यदि आप खुद को फिट रखना चाहते है तो साइक्लिंग शुरू कर दे।विशेषकर घर से 5 किमी तक का कोई भी काम आफिस, स्कूल,कोलेज,मार्केट आने जाने में साइकिल का इस्तेमाल करे।उनका मानना है की लगातार साइकिल चलाने से हार्ट सम्बंधित बीमारी नही होती है।साथ ही पूरे शरीर की मांसपेशियों में मजबूती आती है।जिससे तन व मन दोनों स्वस्थ रहता है। प्रमोद साइकिलिंग के दौरान मोबाईल का इस्तेमाल नही करते है।डीएवी स्कूल पतरातू में खेल शिक्षक प्रमोद बताते है की साइकिल चलाने की प्रेरणा उन्हें अपने पिता हस्तरेखा विशेषज्ञ व कर्मकांड के ज्ञाता मदन गोपाल पाठक से मिली है।मेरे पिता भी सदैव साइकिल का इस्तेमाल करते है।

**उपलब्धि**

विकास में सहियाओं के योगदान की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने की सराहनीय

# लिंग अनुपात की दिशा में किया बेहतर कार्य

- सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं इस दिशा में चलाई जा रही हैं
- लेकिन अभी भी कई क्षेत्रों में लोग बेटे एवं बेटियों में फर्क करते हैं



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन, रामगढ़ में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त ने उपस्थित सभी सहियाओं को उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी वहीं उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आप सभी सहियाओं ने स्वास्थ्य के साथ-साथ समाज कल्याण के क्षेत्र में कार्य किया है वह सराहनीय है लेकिन अभी भी काफी कार्य करना बाकी है। कोरोना काल में भी आपने सराहनीय कार्य किया। मौके पर उपायुक्त ने सभी सहियाओं से आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ समन्वय बनाकर अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करने की अपील की। सुश्री मिश्रा ने कहा कि विगत कुछ समय में रामगढ़ जिले में लिंग अनुपात की दिशा में आपने अच्छा कार्य किया है लेकिन अभी भी कई क्षेत्रों में लोग बेटे एवं बेटियों में फर्क करते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि हम सभी इस तरह की भ्रांतियों को दूर करने में अपना पूरा योगदान दें। सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं इस दिशा में चलाई जा रही हैं। इस संबंध में उपायुक्त ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने के साथ-साथ कुपोषण को दूर करने के दिशा में भी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उपायुक्त ने कहा कि अगर गर्भवती महिलाओं का ससमय ए एएनसी चेकअप किया जाए तो बहुत हद तक हम कुपोषण को दूर कर सकते हैं। साथ ही बच्चों का समय टीकाकरण कर स्वास्थ्य की दिशा में भी रामगढ़ जिला को आगे ले जा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने वर्ष 2021-22 में बेहतरीन कार्य करने वाली सहियाओं की सराहना करते हुए अन्य सहियाओं को उनसे प्रेरणा लेकर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी।

इससे पूर्व कार्यक्रम के दौरान छोटा नागपुरी कला केंद्र कला दल के कलाकारों द्वारा लोक नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई वही वर्ष 2022-23 में बेहतरीन कार्य करने वाले पतरातू प्रखंड की सहिया सविता देवी, आशा देवी, किरण देवी, हँसीबुन निशा, गोला प्रखंड की कविता देवी चंचला देवी, सविता देवी, रोगिया देवी, सलमा खातून रामगढ़ प्रखंड की सविता कुमारी, मंजू बाला देवी, रुकसाना खातूनज आशा देवी प्रतिमा देवी को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़ डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, डीएमओ डॉ तूलिका रानी, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र, एसएमपीओ विक्रम सोनी, डीपीएम देवेंद्र श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम समन्वयक रंजीत कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### ओ.पी. जिंदल कम्युनिटी कॉलेज ने कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया



**पतरातू :** ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों एवं उत्तीर्ण छात्रों के लिए दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। कंपनी जिंदल सॉ लिमिटेड आबूधाबी, अबुधाबी (इनफिनिटी मैनेजिंग एण्ड ऑपरेटिंग फॅक्टरीज सोल प्रॉपराइटर एल.एल.सी.) द्वारा आईटीआई छात्रों एवं विगत वर्ष के उत्तीर्ण छात्रों का साक्षात्कार 31 मई और 1 जून 2023 को किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया जिंदल सॉ लिमिटेड के अधिकारियों ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं छात्रों की तारीफ करते हुए 62 चयनित छात्रों की सूची जारी की है। चयनित छात्रों को 15 दिन के उपरांत सभी आवश्यक नियम शर्तों को पुरा कर ज्वाइनिंग के लिए अबुधावी प्रस्थान करना होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य अजय पाण्डेय, एवं जेएसपी पतरातू सीएसआर प्रमुख रवि निवास द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित हुए छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य अजय पाण्डेय ने कहा हमारा संस्थान निरंतर गुणवत्ता पूर्ण व्यवसायिक प्रशिक्षण देता आ रहा है जिसके कारण जिंदल शॉ जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां हमारे संस्थान से प्रतिवर्ष छात्रों का चयन करती हैं। वर्तमान में हमारे संस्थान के 50 छात्र जिंदल शॉ अबुधावी में कार्यरत है। उन्होंने इसके निम्मित अपने प्रशिक्षकों, सहकर्मियों को धन्यवाद दिया एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि गत वर्षों में ओ.पी. जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू से उत्तीर्ण शत प्रतिशत छात्रों का भारत के बड़ी कम्पनियाँ जैसे टाटा स्टील, जिंदल स्टील, मारुती सुजुकी, हीरो मोटर आदि में चयन किया गया है। छात्रों में अंतरराष्ट्रीय कैंपस द्वारा रोजगार प्राप्त करने के कारण खुशी एवं उल्लास व्याप्त था।

### उपमुखिया ने ग्राम सभा का किया बहिष्कार



**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** मांडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत इचाकडीह के स्थानीय विवाह भवन (पंद्रह नंबर) में शुक्रवार को ग्राम सभा आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया रमेश राम व संचालन जल सहिया बेबी देवी ने की। सभा में प्लास्टिक संग्रह केंद्र, सोख्ता गढ़ा, वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप, कम्पोस्ट पीट आदि की जानकारी दिया गया। वहीं इस सभा का बहिष्कार उपमुखिया पिंटू कुमार रजवार ने ये कहते हुए कर दिया कि ग्राम सभा में कम से कम 200 या इससे अधिक संख्या में ग्रामीण मौजूद होना चाहिए। लेकिन इस सभा में दर्जन लोग ही शामिल है। पंचायत में 11 वार्ड सदस्य में से सभा में सात ही वार्ड सदस्य मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा कि ग्राम सभा जब भी हो तो इचाकडीह गांव के पीपल पेड़ के समक्ष हो ताकि अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीण सभा में उपस्थित हो पाएं। इस संबंध में मुखिया रमेश राम ने कहा कि कोई ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया गया था। बल्कि वार्ड सदस्यों, जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका सहित महिला समिति को योजनाएं के बारे में जानकारी दिया जाना था। इस सभा में मौके पर वार्ड सदस्य दुर्गा हेंब्रम (वार्ड नंबर 01), वार्ड सदस्य बिनोद प्रसाद (वार्ड नंबर 02), वार्ड सदस्य परनी कुमारी (वार्ड नंबर 05), वार्ड सदस्य रीता कुमारी (वार्ड नंबर 06), वार्ड सदस्य सुनील करमाली (वार्ड नंबर 07), बिशुन भुइयां (वार्ड नंबर 08) सहित दर्जनों की संख्या में महिला मौजूद थे।

खामियों को दुरुस्त करने का परियोजना पदाधिकारी को निर्देश

## सब स्टेशन के सुरक्षा मानकों का सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य ने किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** अरगड्डा क्षेत्र के गिद्दी वाशरी परियोजना स्थित सब स्टेशन के सुरक्षा मानकों का निरीक्षण सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य अरुण कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान सब स्टेशन में पाए गए कई खामियों पर परियोजना पदाधिकारी अनूप डुंगडुंग से चर्चा की गई। पिट सुरक्षा कमिटी द्वारा निरीक्षण के दौरान सीसीएल बोर्ड के सदस्य श्री सिंह ने पीओ से सब स्टेशन के पक्के की फर्श को हटाकर ग्रेवलेस टाइल्स बिछाने का निर्देश दिया गया। साथ ही और भी कई खामियों को पीओ से दुरुस्त करने को कहा गया. साथ ही 11 हजार बासबार का हाइट कम है उसे बढ़ाने को कहा गया। लाइटिंग अरेस्टर, कर्मियों को अच्छी गुणवत्ता का ग्लब्स मुहैया कराने सहित और भी कई समस्याओं को दूर करने का निर्देश भी पीओ को दिया गया। निरीक्षण के दौरान पीओ अनूप डुंगडुंग, इंचार्ज राजिव महतो यूनियन की ओर से अरुण कुमार सिंह, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य नागेश्वर महतो, चंदन सिंह आदि उपस्थित थे।

श्रुति ने अपने समाज के साथ पूरे राज्य का मान बढ़ाया है: अनिल अग्रवाल

## आईएस परीक्षा में सफल श्रुति अग्रवाल को अ.भा.अग्रवाल कल्याण महासभा व अग्रवाल परिवार ने किया सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बोकारो चीरा चास शिवम अपार्टमेंट में मिस श्रुति अग्रवाल को सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया 506 रैंक लाने पर अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा व अग्रवाल परिवार के द्वारा बुके तथा सोल अभिनंदन पत्र तथा मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया गया उनके पिता डॉक्टर परमांशु प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि श्रुति ने दसवीं तक पढ़ाई गिरिडीह कार्मेल स्कूल, 12वीं चिन्मया विद्यालय बोकारो से किया और ग्रेजुएशन दिल्ली से किया, श्रुति तीन भाई बहन है।बड़ी बहन लखनऊ में जॉनसन फार्मा कंपनी में मैनेजर हैं, भाई 10 वीं में पढ़ाई कर रहा है और मां संगीता कुमारी हाउसवाइफ हैं श्रुति के पिता ने कहा बेटी ने मेरे और पूरे परिवार की मान बढ़ाया है, अपने संबोधन में अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि श्रुति ने अपने परिवार का ही नहीं पूरे अग्रकुल का मान बढ़ाया है इनकी जितनी भी तारीफ की जाए वह कम है उन्होंने कहा कि गर्व है हमें की तुमने सफलता पाकर अपनी एक नई पहचान बनाई है खुद का रौब बढ़ाया है और हम सबकी शान बढ़ाई है, तथा अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा की ओर से उन्हें अभिनंदन पत्र भी भेट किया वही श्रुति के माता पिता उनके परिवार को बधाई दी मौके पर चितरंजन अग्रवाल मानिक अग्रवाल सतीश किशोर अग्रवाल सहित कई गण्यमान लोग उपस्थित रहे।

## सांसद जयंत सिन्हा ने की महा जनसम्पर्क अभियान की शुरूआत

राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने कार्यकाल के 9 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा जून माह में देश भर में महा जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में सांसद सह अध्यक्ष्य वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने 2 जून 2023 को रामगढ़ स्थित पतरातू में महा जनसम्पर्क अभियान की भव्य शुरूआत की। उन्होंने पतरातू के पीवीयूएनएल में आयोजित ह्यविकास तीर्थह्व कार्यक्रम में जनता व भाजपा कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पिछले 9 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में देश की सूरत बदली है, वैसे ही हजारीबाग व रामगढ़ में भी कई विकास कार्य हुए हैं। पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट उनमें से एक है। इस विराट परियोजना ने हजारों की संख्या में स्थानीय स्तर पर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन किया है। जयंत सिन्हा ने रामगढ़ सदर अस्पताल व पटेल चौक में निर्मित पुल का निरीक्षण कर अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रामगढ़ ट्रामा सेण्टर में कोरोना समेत अन्य मरीजों के लिए यहाँ बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई गयी हैं। डीएमएफटी के द्वारा यहाँ मेडिकल स्टाफ्स की बहाली भी की गयी है। क्षेत्र में सभी मोर्चों पर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। मरीजों को उच्चस्तरीय इलाज मिले इसके लिए प्रयासरत हैं। इसके उपरान्त जयंत सिन्हा ने मांडू स्थित कृषि अनुसन्धान केंद्र में किसानों से संवाद किया। मोदी सरकार की योजनाओं ने किसान भाई-बहनों का जीवन बदला है। आज किसानों को बीज से लेकर बाजार तक सुविधाएँ मुहैया करवाई जा रही हैं। किसान अपनी आय में वृद्धि कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। श्री जयंत सिन्हा जी ने हजारीबाग बरही एक्सप्रेसवे का भी निरीक्षण कर जनसंवाद किया। क्षेत्र में यातायात को निरंतर सुगम व सुरक्षित बनाया जा रहा है। सड़क व राजमार्ग सम्बन्धी कई परियोजनाएं क्रियान्वित हैं। हजारीबाग लोकसभा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।

## करगली में दी गई कुंडल सिंह को श्रद्धांजलि



**बेरमोः** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत करगली रेस्ट हाउस कॉलोनी में शुक्रवार को श्रद्धेय कुंडल सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगो ने कुंडल सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। मौके पर चिकू सिंह ने कहा कि बाबू जी समय के पाबंद थे। उनका कहना था कि समय का सभी को ध्यान रखना चाहिए। पूजा-पाठ के तत्पश्चात करगली गेट चौक पर शिविर लगाकर आम लोगों के बीच गर्मी से बचाव के लिए, कोल ड्रिंक, ठंडा पानी, एवं शर्बत का वितरण किया गया। इस दौरान बेरमो स्टेशन स्थित प्रेमनगर मे गरीबो-अहायो के बीच भोजन और अंग वस्त्र वितरण किया गया। मौके पर पुजारी ब्रजेश पांडेय, राजेंद्र दूबे , चूल्हन सिंह, संजू सिंह,वार्ड पार्षद रश्मि सिंह, विकास सिंह व्यवसाई पिंटू सिंह, भाजपा नेता कृष्णा रजवार आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### केन्द्रीय आस्पताल ढोरी प्रबंधन के साथ सीसीएल सीकेएस संबंद्ध भामस का 36 सूत्री एजेंडा वार्ता बैठक सम्पन्न

**बेरमो :** केन्द्रीय आस्पताल ढोरी के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी अरविन्द कुमार के साथ सीसीएल सीकेएस संबंद्ध भारतीय मजदूर संघ के साथ 36 सूत्री एजेण्डा वार्ता बैठक की गई आस्पताल प्रबंधन की ओर से बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी अरविन्द कुमार एवं संचालन कार्मिक पदाधिकारी मैडम आस्था ने किया वही ट्रेड यूनियन की ओर से केन्द्रीय आस्पताल ढोरी के अध्यक्ष संजीत कुमार ठाकुर द्वारा बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन सचिव गौतम लोहार द्वारा किया गया बैठक में मुख्य रूप से सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सालाहकर संचालन समिति सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा ढोरी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप तथा क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री नुनुचंद महतो उपस्थित रहे उक्त मौके पर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी बैठक की शुरूआत सीसीएल के संयुक्त सालाहकर संचालन समिति सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा को बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उन्होंने ने कहा कि आस्पताल प्रबंधन व ट्रेड यूनियन एक दूसरे के पूरक होते है चुकी हम सभी कोल इंडिया के अधीन है और आज कोल इंडिया देश मे कोयला उत्पादन कर देश मे ऊर्जा के श्रोत में अग्रणीय भूमिका निभा रही है और आस्पताल भी कोल इंडिया का ही अनुसंगी इकाई है आस्पताल प्रबंधन अपने कामगारों के स्वास्थ्य के प्रति अपनी कर्तव्यों का पालन तथा मरीजो के सुख-सुविधा का हमेशा ख्याल रखती है वही सीसीएल के संयुक्त सलाहकार संचालन सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि आज की एजेंडा बैठक में कामगरों के 36 सूत्री ज्वलन्त समस्याओं पर संगठन की ओर से आस्पताल प्रबंधन को ध्यानाकर्षित कर अवगत कराया गया है जैसे आज 2017 से उक्त आस्पताल को केन्द्रीय आस्पताल का दर्जा प्राप्त है पर कोई सुविधा केन्द्रीय आस्पताल जैसी मरीजो की नही मिल रही है आस्पताल में न तो अट्रासाउंड,डिजिटल एक्सरे, नर्स स्टाफ का अभाव,इसीजी, एक्सरे,लैब टेक्नीशियन तथा आधुनिक लैब,प्रसव ओटी,हड्डी मरीजो के लिए ऑपरेशन ओटी की सुविधा,आस्पताल बिल्डिंग की जर्जर स्थिति, पीएमइ बिल्डिंग का निर्माण आज वर्षो से निमार्णाधीन स्थिति में है न तो केन्द्रीय आस्पताल नई सराय के तर्ज पर राँची के एमपनेलड आस्पताल में रेफेर जैसी सुविधा से कामगार वंचित है इन विभिन्न विषयों पर आज हमारे 36 सूत्री एजेन्डा वार्ता पर आस्पताल प्रबंधन से चर्चा की गई जिसमें आस्पताल प्रबंधन की और से सकारात्मक आश्वासन दिया गया सभी बिंदुओं पर जल्द ही कोई ठोस निर्णय ले कर जल्द ही सभी समस्याओं को हल किया जाएगा। उक्त मौके पर आस्पताल प्रबंधन की ओर से असैनिक पदाधिकारी नीलेश कुमार,उषा देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

### अंगवाली बंद खदान के अवैध सुरंगों की निरीक्षण को पहुंचे ढोरी के अधिकारीगण

**बेरमो :** ढोरी महाप्रबंधक के निदेशानुसार तथा पेटरवार थाना को सुचना करते हुऐ बंद अंगवाली खदान के बचे हुऐ अवैध सुरंगों का सीसीएल ढोरी सुरक्षा विभाग एवं सिविल विभाग के द्वारा निरीक्षण किया गया। मौके पर सिविल विभाग से निलेश कुमार व किशन राय, सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम यूके, एएसआई शिलचंनद, अनाम वारिस, मानिक दिगार, जितेन्द्र रजक, धीरेंद्र कुमार दास आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

**आयोजन**

9वां माउंट एवरेस्ट इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप 2023 नेपाल में

# बेरमो के कराटे कारो ने भारत के लिये जीता 7 पदक

- चैंपियन शिप में करीब 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया
- अभिभावकों एवं ब्यवसाय लोगो ने प्रशिक्षक उमेश नायडू एवं उनकी टीम का भव्य स्वागत किया



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** नेपाल में आयोजित 9वा माउंट एवेरेस्ट इंटरनेशनल चैंपियन शिप गोरमेन्ट ऑफ नेपाल के खेल मंत्री होन दिग बहादुर लिम्बु, यूवराज लामा प्रेसिडेंट, धावा गुरुंग प्रेसिडेंट नेपाल कराटे फडेराशन जनरल सेक्रेटरी एवं गजेन्द्र बहादुर खपनगी की देखरेख में सम्पन्न हुआ इसमें बेरमो के कराटे कोच शीतोरयु कराटे डू स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के चीफ एवं मार्शल आर्ट्स बोर्ड के अध्यक्ष शिहानं उमेश नायडू के छात्रों ने 7 मेडल जीते इस चैंपियन शिप में भारत के अलावा नेपाल पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, जापान, सिंगापुर की करीब 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें करगली बाजार निवासी देव नायडू को गोल्ड मेडल, सिंगार बेड़ा ढोरी बस्तीनिवासी रेशमी कुमारी को सिल्वर मेडल रेवाहघाट ढोरी बस्ती निवासी अन्नू कुमारी को सिल्वर मेडल फुसरो निवासी श्रेया अग्रवाल को सिल्वर मेडल ,ढोरी बस्ती भोला नगर निवासी को बरोंच मेडल फुसरो निवासी प्रतीक्षा रानी एवं श्रेयष राज को बरोंच मेडल की जीत हासिल हुई इसमें अविभावक अनामिका गुप्ता टीम मैनेजर के रूप में शामिल हुई फुसरो के सभी ब्यवसाय लोगो ने फुसरो पहुंचते ही सभी अभिभावकों एवं ब्यवसाय लोगो ने प्रशिक्षक उमेश नायडू एवं उनकी टीम का भव्य स्वागत किया एवं आशीर्वाद दिया सभी लोगो ने कहा उमेश नायडू ने बेरमो में रहकर अपने छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर भारत के लिये पदक जिताया मौके पर फुसरो के सभी दुकानदार एवम सहायक सचिव झारखंड सुभम सिंह उपस्थित थे एवं उमेश नायडू और उनकी टीम के चहरे पर भारत के लिए पदक लाने की खुशी थी उमेश नायडू ने कहा कि छात्र मेहनत कर बेरमो के साथ पूरे भारत वर्ष का नाम रोशन कर रहे है साथ ही उन्होंने कहा कि यहाँ की विधायक,सांसद एवं जन प्रतिनिधि को यहाँ ध्यान देने की जरुरत है कराटे में में बहुत सी स्पोर्ट्स सामानों की जरूरत होती है मैं बिना किसी भी जरुरत के सामानों के बिना अभ्यास करा कर भारत को पदक दिलाया बेरमो के लिये यह गर्व की बात है।

## संपादकीय

# महिला सशक्तिकरण के भाजपा के दावे की परख

महिला पहलवानों के मुद्दे पर अब ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा के अंदर भी लोगों के सब्र का बांध टूट रहा है। पहले हरियाणा से इसबारे में बयान आये थे। उसके बाद महाराष्ट्र से भी ऐसा ही स्वर सुनाई पड़ा है। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, वहां के भाजपा नेता यह अच्छी तरह समझ रहे हैं कि पूरे घटनाक्रम का उनके इलाके की महिलाओं पर क्या असर हो रहा है और उसके क्या नतीजे हो सकते हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की खिल्ली उड़ाना भाजपा को क्यों भारी पड़ गया था, यह भी भाजपा के लोग अच्छी तरह जान चुके हैं। इसके बाद भी दिल्ली में हालात कुछ ऐसे हो गये हैं कि सवालों की वजह से केंद्रीय मंत्री को दौड़कर भागना पड़ रहा है। जाहिर है कि आने वाले दिनों में हर स्थान पर जनता भाजपा के लोगों से ऐसे ही सवाल पूछेगी और उनके पास कोई संतोषजनक उत्तर नहीं होगा। महाराष्ट्र की बात करें तो भाजपा सांसद प्रीतम मुंडे ने कहा है कि किसी भी महिला द्वारा की गई शिकायत का संज्ञान लिया जाना चाहिए। मुंडे



ने कहा कि बाद में जांच अधिकारी तय कर सकते हैं कि शिकायत सही है या नहीं। इस बारे में पूछे जाने पर मुंडे ने कहा, मैं सांसद के तौर पर नहीं, बल्कि एक महिला के तौर पर कहती हूं कि अगर किसी महिला की तरफ से ऐसी शिकायत आती है तो उसका संज्ञान लिया जाना चाहिए। इसकी पुष्टि की जानी चाहिए।ह्व सत्यापन के बाद, अधिकारियों को यह तय करना चाहिए कि यह उचित है या अनुचित। बीड से लोकसभा सदस्य ने कहा, अगर संज्ञान नहीं लिया जाता है, तो लोकतंत्र में इसका स्वागत नहीं किया जाता है। इस मामले का संज्ञान अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लिया जा रहा है। अब अगर मैं जांच समिति की मांग करती हूं तो यह पब्लिसिटी स्टंट होगा। मुझे उम्मीद है कि इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। उससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र सिंह भी ऐसा ही बयान दे चुके है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सामने यह मुद्दा वह उठा चुके हैं और बता चुके हैं कि इससे पार्टी की साख को नुकसान पहुंच रहा है। भाजपा के लिए चिंता का विषय यह है कि जिस तेवर से नरेंद्र मोदी बार बार महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं, वह दावा ऐसा मामलों में सही साबित नहीं होता। इसके पहले भी कई ऐसे मामले सामने आये हैं, जिनमें पार्टी की छवि अपने दावे से अलग नजर आयी है। श्री सिंह ने यह भी कहा है कि एक बार अगर मान भी लें कि महिला पहलवान किसी राजनीतिक दल के इशारे पर काम कर रहे हैं या किसी के द्वारा उकसाया गया है, उनकी आवाज सुनी जानी चाहिए और सुनी जानी चाहिए। वे एक ऐसा मुद्दा उठा रहे हैं जिसका समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने खेल संघों के नियंत्रण को लेकर भी सवाल उठाए। समस्या राजनेताओं, विशेष रूप से सत्ता में रहने वालों के साथ-साथ उद्योगपतियों और ऐसे संघों को चलाने वाले नौकरशाहों के साथ है। सरकार को खेल संघों को चलाने के तरीके में सुधार करना चाहिए। इससे पहले हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि उन्होंने इसे केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के सामने उठाया था। उन्होंने कहा, मैंने इस बात पर जोर दिया कि जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने वाली हमारी बेटियां हैं और उन्हें न्याय मिलना चाहिए। मंत्री ने कहा कि उन्हें निश्चित रूप से न्याय मिलेगा। हरियाणा की स्थिति और बिगड़ रही है क्योंकि सारे आंदोलनकारी वहां के लोग हैं। इससे हरियाणा भाजपा के भीतर बेचैनी बढ़ रही है। पहलवानों को राज्य के किसान संघों का पूरा समर्थन मिला है, जो भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध की बात कर रहे हैं। यह भी भाजपा के लिए अतिरिक्त चुनौती बन चुकी है। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज बयान देने वालों में शामिल हैं, जिन्होंने पहलवानों की मांगों को पार्टी के भीतर उच्चतम स्तरह्व तक पहुंचाने की पेशकश की थी। इसके बीच केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी का सवालों से दौड़कर भागना भी दुनिया ने देखा है। इसलिए चुनावी राज्यों के भाजपा नेता अच्छी तरह इस बात को समझ रहे हैं कि आंदोलन के मुद्दे पर किसान आंदोलन की तरह ही अड़ियल रवैया अपनाना उनके अपने राज्य में घाटे का सौदा साबित हो सकता है। भले ही सार्वजनिक तौर पर कोई कुछ ना कहें लेकिन अंदरखाने में सभी को वह सच पता होगा, जिसे आम जनता महसूस करती है। इसलिए भाजपा के नेता अब महिला सशक्तिकरण के मुद्दों पर बयान देने से कतराने लगा हैं। उन्हें यह भय सताने लगा है कि इस मुद्दे पर बात करते ही महिला पहलवानों का मुद्दा फिर से खड़ा हो जाएगा।

# रेल अंडर पास - राहत या मुसीबत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत दिनों पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी से असम के गुवाहाटी के बीच चलने वाली एक और नई वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय रेल की अनेक उपलब्धियों का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आज भारत में हो रहे इंफ्रा स्ट्रक्चर के काम की पूरी दुनिया में बहुत चर्चा हो रही है. क्योंकि यही इंफ्रा स्ट्रक्चर तो जीवन आसान बनाता है। यही इंफ्रा स्ट्रक्चर तो रोजगार के अवसर बनाता है। यही इंफ्रा स्ट्रक्चर तेज विकास का आधार है। यही इंफ्रा स्ट्रक्चर गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी, ऐसे हर वंचित को सशक्त करता है' वगैरह वगैरह। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि वर्ष 2014 से पहले पूर्वोत्तर के लिए रेलवे बजट के नाम पर 2500 करोड़ दिया जाता था लेकिन अब इसे बढ़ाकर 10 हजार करोड़ कर दिया गया है. जो कि पहले की अपेक्षा 4 गुना अधिक है। जिस समय प्रधानमंत्री जी रेल विकास के बारे में यह दावे कर रहे थे कि 'इंफ्रा स्ट्रक्चर तो जीवन आसान बनाता है' ठीक उसी समय देश के अनेक हिस्सों में बेमौसम की बारिश हो रही थी और देश के सैकड़ों रेल अंडर पास पानी भर जाने की वजह से तालाब बन चुके थे। और यही रेल इंफ्रा स्ट्रक्चर इंसान का जीवन आसान बनाने के बजाये लोगों के जीवन को नर्क बना रहे थे।



**निर्मल रानी**
स्तंभकार

जरा कल्पना कीजिये कि जिन रेलमार्गों से होकर वंदेभारत जैसी आधुनिक ट्रेन्स तीव्र गति से गुजरते हुये भारतीय रेल के विकास में नया अध्याय जोड़ रही हों उन्हीं रेल मार्ग के नीचे जनसुविधाओं के लिए बनाया गया रेल अंडर पास तालाब या स्वीमिंग पूल बनकर आम लोगों के जीवन में दुश्वारियां पैदा कर रहा हो, यह आखिर कैसा रेल विकास है ? पूरे देश में हजारों की संख्या में रेल अंडर पास बनाये जा चुके हैं और सैकड़ों अभी भी निर्माणाधीन हैं। इनमें कई अंडर पास बनाने में तो 6-7 वर्ष तक का लंबा समय भी लगा है। रेल विभाग द्वारा इस तरह का अंडर पास बनाने का मकसद यही है कि एक तो फ़्लाई ओवर की तुलना में यह सस्ता निर्माण है। दूसरे अंडर पास बन जाने से रेल फाटक और गेट मैन कर्मचारी की तैनाती और कई तकनीकी झंझटों से मुक्ति मिल जाती है। इस लिहाज से अंडर पास का निर्माण बहरहाल बेहतर ही है।



परन्तु वास्तविकता तो यही है कि आज देश के अधिकांश रेल अंडरपास लोगों के लिये बड़ी समस्या बन चुके हैं। उत्तर प्रदेश के नेपाल सीमा के निकट महराजगंज जिले के अंतर्गत नौतनवां क्षेत्र के बरवांकला गाँव के पास बना रेल अंडरपास हो या हरियाणा के रेवाड़ी-फुलेरा रेलमार्ग पर एलसी नंबर 26 पर बना अंडरपास,हरियाणा के उचाना कलां में मानव रहित फाटक की जगह बना अंडरपास या फिर राजस्थान में बीकानेर दिल्ली नेशनल हाईवे संख्या 11 पर बना रेलवे अंडरपास हो। हरियाणा के दादरी शहर के गांधीनगर क्षेत्र में बंद फाटक पर बना रेलवे अंडरपास हो या बहादुरगढ़ (झज्जर) शहर का रेलवे अंडरपास या फिर हरियाणा के ही फरीदाबाद जैसे व्यस्त शहर में बना एनएचपीसी रेलवे अंडरपास। राजस्थान में सीकर जिले के फतेहपुर का मंडावा रोड स्थित रेलवे अंडर पास हो या फिर मध्य प्रदेश के सौंसर नगर के रेलवे चौकी स्थित निर्मित रेलवे अंडरपास। उपरोक्त जैसे सैकड़ों उदाहरण दिये जा सकते हैं जो भारी बारिश में तो पानी से लबालब रहते ही हैं बल्कि इनमें से अनेक तो आजकल मानसून से पूर्व हो रही बेमौसमी बारिश में भी स्विमिंग पूल अथवा तालाब होने का दृश्य पेश कर रहे हैं।

आश्चर्य की बात तो यह है कि कुछ ऐसे अंडर पास भी बने हैं जो बिना बारिश के भी भर जाते हैं। ऐसा ही एक अजूबा रेल अंडर पास अंबाला शहर रेलवे स्टेशन के बिल्कुल साथ लगता हुआ है जो शहर के अत्यंत व्यस्त मार्ग पर है। शहरवासियों के लिए 'नासूर ' बन चुके इस अंडर पास का उद्घाटन स्थानीय भाजपा विधायक ने अपने जन्म दिन 25 अक्टूबर 2022 के अवसर पर किया था। उद्घाटन के दिन से ही यह रेल अंडर पास जिसे बनने में लगभग 6 वर्ष का समय लगा,आम लोगों के लिये परेशानी का सबब बना रहता है। दरअसल इस रेल अंडर पास के नीचे से ही पानी तेजी से रिस्ता रहता है। और अब तक कई बार इस अंडर पास को मरम्मत के लिये बंद भी किया जा चुका है। यहाँ तक कि एक बार भाखड़ा नंगल डैम की लीकेज बंद करने के विशेषज्ञों की भी एक टीम ने करीब 15 दिनों तक इस मार्ग से यातायात पूरी तरह बंद कर इसकी मरम्मत भी की। परन्तु कुछ समय बाद जमीन के नीचे से तेज जल रिसाव फिर शुरू हो गया।

इसतरह के रेल अंडर पास में होने वाले जलभराव जहां अभियंताओं की सूझ बूझ पर सवाल खड़ा करते हैं वहीं इस तरह के गैर जिम्मेदाराना निर्माण में भ्रष्टाचार की भी बू आती है। कई अंडरपास में रुका हुआ पानी बाहर करने के लिये शक्तिशाली मोटर भी लगाई गयी हैं परन्तु उसके बावजूद पानी के भरने का क्या अर्थ है ? कई बार इनमें स्कूल की बसें फंसने की खबर आती है तो कभी कारें डूब जाती हैं। रास्ते बंद होने से जनता को तकलीफ अलग होती है। कितना बड़ा दुर्भाग्य है इस देश की जनता का कि उसी के खून पसीने की गाढ़ी कमाई से दिये गये टैक्स से बनाये जाने वाले अंडर पास उसी जनता के लिये भीषण समस्या बने हुये हैं जबकि उनके ऊपर से गुजरने वाली वंदे भारत जैसी ट्रेन्स देश का गौरव बढ़ा रही है ? कुछ दिन पहले हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि ऐसे प्रबंध किए जाएं कि रेलवे लाइनों के नीचे से गुजरने वाले अंडर-पास में बारिश का पानी न भरने पाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां आवश्यकता है वहां अंडर-पास के ऊपर शैड आदि लगाने की व्यवस्था की जाए ताकि बारिश का पानी न भर पाए। परन्तु एक तो यह समस्या केवल हरियाणा की नहीं बल्कि राष्ट्रव्यापी है। दूसरे यह कि अंबाला शहर जैसे अंडर-पास का क्या इलाज है जहाँ भाखड़ा नंगल डैम की टीम भी जमीन के नीचे से होने वाले जल रिसाव को नहीं रोक सकी ? इस तरह के सभी रेल अंडर पास का मुकम्मल इलाज किया जाना चाहिये अन्यथा जलभराव वाले सभी अंडर पास आम लोगों के लिये राहत नहीं बल्कि मुसीबत साबित हो रहे हैं।

# लक्ष्य

एक लड़के ने एक बार एक बहुत ही धनवान व्यक्ति को देखकर धनवान बनने का निश्चय किया। वह धन कमाने के लिए कई दिनों तक मेहनत कर धन कमाने के पीछे पड़ा रहा और बहुत सारा पैसा कमा लिया। इसी बीच उसकी मुलाकात एक विद्वान से हो गई। विद्वान के ऐश्वर्य को देखकर वह आश्चर्यचकित हो गया और अब उसने विद्वान बंनने का निश्चय कर लिया और अगले ही दिन से धन कमाने को छोड़कर पढने-लिखने में लग गया। वह अभी अक्षर ज्ञान ही सिख पाया था, की इसी बीच उसकी मुलाकात एक संगीतज्ञ से हो गई। उसको संगीत में अधिक आकर्षण दिखाई दिया, इसीलिए उसी दिन से उसने पढाई बंद कर दी और संगीत सिखने में लग गया। इसी तरह काफी उम्र बित गई, न वह धनी



हो सका ना विद्वान और ना ही एक अच्छा संगीतज्ञ बन पाया। तब उसे बड़ा दुख हुआ। एक दिन उसकी मुलाकात एक बहुत बड़े महात्मा से हुई। उसने महात्मन को अपने दु:ख का कारण बताया। महात्मा ने उसकी परेशानी सुनी और मुस्कुराकर बोले, बेटा, दुनिया बड़ी ही चिकनी है, जहाँ भी जाओगे कोई ना कोई आकर्षण जरूर दिखाई देगा। एक निश्चय कर लो और फिर जीते जी उसी पर अमल करते रहो तो तुम्हें सफलता की प्राप्ति अवश्य हो जाएगी, नहीं तो दुनियां के झमेलों में यूँ ही चक्कर खाते रहोगे। बार-बार रूचि बदलते रहने से कोई भी उन्नत्ति नहीं कर पाओगे।

युवक महात्मा की बात को समझ गया और एक लक्ष्य निश्चित कर उसी का अभ्यास करने लगा।

**शिक्षा :-**
उपर्युक्त प्रसंग से हमें यह शिक्षा मिलती हैं कि, हम जिस भी कार्य को करें, पूरे तन और मन से से एकाग्रचित होकर करें, बार-बार इधर-उधर भटकने से बेहतर यही की एक जगह टिककर मेहनत की जाएं, तभी सफलता प्राप्त की जा सकती हैं।

## 3 जून विश्व साइकिल दिवस पर विशेष

# सस्ता व सुलभ साधन है साइकिल

3 जून 2018 को विश्व में पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार हम छठवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। दो सौ साल पहले 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बना था और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। इसकी अधिकतम रफ्तार 64 किलोमीटर प्रति घंटा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसे कंप्रेस्ड हवा से चलने वाली दुनिया में सबसे तेज साइकिल का सर्टिफिकेट दिया है। भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र-पत्रकार

**गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसे कंप्रेस्ड हवा से चलने वाली दुनिया में सबसे तेज साइकिल का सर्टिफिकेट दिया है।**

बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिये बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। गांव के लोग जब कभी शहरों में जाते थे। तब लोगों को साइकिल चलाते हुए देखते थे और फिर वे खुद भी धीरे-धीरे साइकिल चलाना सीख जाते थे। पहले शहरों में किराए पर भी साइकिले मिलती थी। देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरूआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। देश में लॉकडाउन के दौरान दूसरे प्रदेशों में कमाने गए लाखों लोग साइकिल पर 1000-1500 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने घर पहुंचे थे। संकट के समय साइकिल ही उनके घर पहुंचने का एकमात्र साधन बनी थी। लॉकडाउन के दौरान लाखों लोगों के घर पहुंचने का सबसे उपयोगी साधन बनने से लोगों को यह बात अच्छी तरह समझ में आ गयी की साइकिल आज भी आम लोगों का सबसे सस्ता व सुलभ साधन है।

## जानकारी

# ब्रह्मांड के रहस्य देखें बेनीताल में



**अब आगे .. ..**
समुद्र तल से 2500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है बेनीताल। न्यूनतम मानवीय गतिविधियां और प्रकाश का कम प्रदूषण, इसे डार्क स्काई पार्क के लिए एक आदर्श स्थान बनाते हैं ! स्टारस्केप्स के संस्थापक रामाशीष रे ने कहा कि हम बेनीताल एस्ट्रो कैंप की मेजबानी के लिए चमोली जिला प्रशासन के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं. पिछले साल हमारी पहली एस्ट्रो पार्टी की सफलता के बाद हमने कई नए एस्ट्रो टूरिज्म अनुभवों को क्यूरेट किया है, जो विजिटर्स को एक जगमगाती रात के आकाश के जादू का अनुभव करने का शानदार अवसर देते हैं. बेनीताल एस्ट्रो कैंप पर्यटकों और खगोल विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों के लिए रात के आकाश की सुंदरता का पता लगाने का एक अनूठा अवसर है. साथ ही क्षेत्र में स्थायी पर्यटन के विकास का समर्थन भी करता है।'' .. .. .. **जारी।**

# 5080mAh बैटरी वाला Redmi K50 फोन

नई दिल्ली : Redmi K50i अब भारत में सस्ते दामों में उपलब्ध हो गया है। MediaTek Dimensity 8100 SoC वाले इस फोन को बीते साल जुलाई में पेश किया गया था। 6.6 इंच की फुल एचडी प्लस LCD डिस्प्ले वाले इस फोन को अब डिस्काउंटेड प्राइज में खरीदा जा सकता है। यह फोन एंड्रॉयड 12 पर बेस्ड टक्ष्क 13 पर काम करता है। इस फोन में 5,080mAh की बैटरी दी गई है जो कि 67ह फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट करती है। आइए इस स्मार्टफोन पर मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर के बारे में विस्तार से जानते हैं।



**Redmi K50i की कीमत और ऑफर**
Redmi K50i IZY 6GB + 128GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 25,999 रुपये है, वहीं 8GB + 256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 28,999 है। गुरुवार को रेडमी इंडिया ने ट्विटर पर घोषणा की है कि Redmi K50i अब देश में सस्ते दामों में उपलब्ध होगा, जिसके बेस वेरिएंट की शुरूआती कीमत 18,999 रुपये हो जाएगी। हालांकि हायर स्टोरेज वेरिएंट की कीमत का अभी कुछ पता नहीं चला है।

Redmi ³fZ ICICI Bank क्रेडिट और डेबिट कार्ड से भुगतान करने वाले ग्राहकों के लिए 1,500 रुपये का इंस्टेंट कैशबैक भी ऑफर किया है। अगर वह सेल के दौरान फोन खरीदते हैं तो यह लाभ मिलेगा। यह कंपनी की वेबसाइट और ई-कॉमर्स साइट Amazon पर उपलब्ध है। इस ऑफर के बाद यह फोन 17,499 रुपये में मिल सकता है और ग्राहकों को कुल बचत 8,500 रुपये की हो सकती है।

साइबर दुनिया

Redmi K50i 5G में 6.6 इंच की फुल एचडी+ एलसीडी डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 1080X2460 पिक्सल, रिफ्रेश रेट 144Hz और आस्पेक्ट रेशियो 20.5:9 है। यह फोन ऑक्टा कोर टीॉ्ळी' Dimensity 8100 SoC प्रोसेसर से लैस है। ऑपरेटिंग सिस्टम की बात की जाए तो यह फोन Android 12 पर बेस्ड MIUI 13 पर काम करता है। फ्ीॅ के इस फोन 5G में 5,080mAँ की बैटरी दी गई है जो कि 67ह फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है।

## टॉप ट्वीट

,'' यह पुनर्जागरण का दौर है, यह एक ग्लोबल सुपरपावर के रूप में भारत की पुनर्स्थापना का समय है। अँधेरा छट चुका है, और नए भारत का नया सूर्योदय हो रहा है। इसलिए मैं इमेर्जिंग सुपरपावर से इत्तेफाक नहीं रखता, बल्कि मैं भारत को एक रिसर्जेंट सुपरपावर के रूप में देखता हूं। ''

**राजनाथ सिंह**
केंद्रीय रक्षा मंत्री





'' कैसे ब्यूटीफुल, टाइम बीतता जा रहा है। आज इस खास दिन पर हमारी आंखों के तारे को बहुत-बहुत बधाई। आने वाला साल आपके लिए खुशियों से भरा हो और आप नई ऊंचाइयां हासिल करें। हम सभी को आप पर और आपकी अचीवमेंट्स पर गर्व है। खासकर दहाड़ में आपका काम शानदार रहा है। आप मेरे लिए हमेशा सबसे खास रहेंगी। हैप्पी ग्रेट डे! गॉड ब्लेस!

**शत्रुघ्न सिन्हा**
बॉलिवुड अभिनेता

## संपादक के नाम पत्र

# ईमानदारी से प्रयास हो

कश्मीर के हालातों में संवेदनशीलता राजनेताओं के दोगले चरित्र से घटती बढ़ती रहती है। घाटी के नेता एक तरफ तो अपनी सत्ता के लिए बाशिंदों के प्रति रहमदिली दिखाते हैं तो दूसरी तरफ अशांति की आग में घी भी डालते रहते हैं ताकि विवाद सुलझ न सके। दिखावे की राजनीति के दौर में महबूबा मुफ्ती के कई रूप सामने आए हैं। हाल ही में उनका रुख हिंदू धर्म की तरफ हुआ है। पहले उन्होंने शिव को जल अर्पण किया था और अब माता क्षीर भवानी के मंदिर में मत्था टेकने पहुंची। गांदेरबल के तुलमुला स्थित आराध्य देवी माता के मंदिर में ज्येष्ठअष्टमी पर लगे मेले में देश भर से कश्मीरी पंडित मंदिर पहुंचे थे जहां अच्छे दिन लौटने की कामना की गई। भीड़ में महबूबा भी थी जिन्होंने कश्मीरी हिंदू भाइयों की घाटी में वापसी की प्रार्थना की। एक तरफ तो महबूबा कश्मीर में 370 की वापसी की बात कहती है और दूसरी तरफ कश्मीरी पंडितों पर हो रहे हमलो पर संवेदना तक उनके मन से नहीं निकलती ऐसे में कश्मीरी पंडितों के प्रति उनकी कामना कोरा राजनीतिक दिखावा है जिसे जनता अच्छी तरह जानती है।कश्मीर के नेता अगर अपना दोगला चरित्र छोड़ दें और इमानदारी से घाटी में शांति के प्रयास करें तो उसका समाधान चुटकी में संभव है क्योंकि आतंकवाद जो घाटी में पनपता है वह ऐसे नेताओं की ही देन है।

**अमृतलाल मारू 'रवि'**
इन्दौर मप्र

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### प्रधानमंत्री कार्यकाल के 9 साल बेमिसाल: निर्भय शाहबादी

**पीरटांड़** : पीरटांड़ प्रखंड के पालगंज स्थित एकलव्य विद्यालय में भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का 9 वर्ष पूर्ण होने पर महा जनसंपर्क अभियान के तहत शुक्रवार को विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह ने की।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह विधनसभा के पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहबादी,श्याम प्रसाद उपस्थित हुए।

## सिटी अपडेट्स >>

### पीरटांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया क्लिनिक का उद्घाटन

**पीरटांड़** : पीरटांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को फाइलेरिया क्लीनिक का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार के द्वारा किया गया।जिसकी जानकारी बीपीएम सरिता कुमारी ने दी, उन्होंने बताया कि अब प्रखंड के लोगों को फाइलेरिया जाँच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। हरेक सप्ताह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी का संचालन किया जाएगा जिसमें कई प्रकार के जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। आगे उन्होंने बताया कि फाइलेरिया क्लिनिक का उद्घाटन के बाद प्रखंड के मलेरिया मरीजो के बीच किट का भी वितरण किया गया।जिसमें टब, मग, साबुन, हैंडवाश, क्रीम, तोलिया आदि समान मरीजों को दिया गया।इस मौके पर क्षेत्र के फाइलेरिया रोगी का मोरबिडिटी मैनेजमेंट किट का भी वितरण किया गया। साथ ही लोगों को फाइलेरिया एवं मलेरिया से बचने का सलाह दिया गया। कार्यक्रम में डॉ प्रमोद कुमार,सरिता कुमारी,समेत कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### वरिष्ठ कांग्रेसी अध्यक्ष पीएन सिंह की 81 वी जयंती धूमधाम मनाया गया

**हजारीबाग** : हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पीएन सिंह की 81 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीएन सिंह जी अजीवन कांग्रेसी रहे। वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य तथा 1985-1987 तक सयुंक्त बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव के अतिरिक्त 1987-1990 तक लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष पद पर कार्यरत रहे । प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा ने कहा कि बिहार से झारखंड प्रदेश अलग होने पर वे 1999-2004 तक झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष रहे। मौक पर कार्यकारिणी के सदस्य रविन्द्र प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार प्रकिरण कुमार, सदरूल होदा के अतिरिक्त कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**अतिक्रमण**

### जिला प्रशासन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त

# उपायुक्त के निर्देश पर 60 एकड़ सरकारी भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

- 10 बजे से कार्रवाई प्रारंभ हुई जो शाम 4 बजे तक चली
- सरकारी जमीन पर निर्मित चारदीवारी को ध्वस्त कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया
- खाता नंबर 273 और 251 में अवैध तरीके से अवैध कब्जा किया गया है

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग** : हजारीबाग कटकमदाग प्रखंड में भू माफियाओं द्वारा लगभग 60 एकड़ सरकारी जमीन को अवैध रूप से चारदीवारी का निर्माण कर हड़पने की मंशा पर जिला प्रशासन व प्रखंड प्रशासन की टीम ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर लगभग एक सौ महिला सह पुलिस बल तथा 3 दंडाधिकारीयों की टीम ने भू माफियाओं द्वारा सरकारी जमीन को हड़पने के मंसूबों पर पानी फेर दिया। सीओ कटकमदाग ने बताया कि बधुवार सुबह लगभग 10 बजे से कार्रवाई प्रारंभ हुई जो शाम 4 बजे तक चली। इस व्यापक कारवाई के क्रम में मौजा दामोडीह में 6 एकड़, मौजा सिरसी में 26 एकड़ तथा खपरियावां के पंचशील में 22 अलग-अलग जगहों में 25 एकड़ 34 डिसमिल सरकारी जमीन पर निर्मित चारदीवारी को ध्वस्त कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। दंडाधिकारियों की टीम में सीओ केरेडारी राकेश तिवारी, कटकमदाग बीडीओ शालिनी खलखो, सीओ कटकमदाग शशि भूषण सिंह तथा पूरी प्रखंड प्रशासन की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। वही कटकमदाग अंचला अधिकारी ने बताया कि सरकारी जमीन सिरसी खाता नंबर 273 और 251 में अवैध तरीके से अवैध कब्जा किया गया है। या छोटा हो या बडा क्यो न हो अवैध ढंग से घर का भी निर्माण किया गया हो उसको बख्शा नहीं जाएगा घर को भी ध्वस्त दिया जाएगा।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने कड़ी धूप में घंटों सीओ सह थाना प्रभारी को रखा घेरे में



राष्ट्रीय खबर

**इचाक** : इचाक लुंदरु गाँव निवासी समाजसेवी महावीर कुशवाहा की एक महीना पूर्व अज्ञात लोगों द्वारा हत्या कर दिया गया था। महावीर कुशवाहा एक सच्चे नेक इंसान समाजसेवी व्यक्ति थे। इसके प्रति ग्रामीणों ने भक्ति भाव से गांव के चौराहा पर प्रतिमा बनाने का निर्णय लिया इस बात को लेकर अंचल कार्यालय में दर्जनों हस्ताक्षर युक्त एक आवेदन दिया एवं गांव में आम सभा बैठाकर निर्णय लिया की प्रतिमा यहां बनना चाहिए। ग्रामीणों ने प्रतिमा बनाने का कार्य शुरू किया शुरू करते ही अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी द्वारा प्रतिमा बनाने का कार्य स्थल पर जाकर रोका जा रहा था। रोकने के विरोध में गांव के सैकड़ों महिला ने प्रतिमा बनाने की मांग को लेकर कड़कड़ाती धूप में अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को घेरे रख प्रतिमा बनाने की मांग कर रहे थे व अड़े थे।

### नियमित बिजली आपूर्ति को लेकर निकाला जा रहा है उपाय: अंबा

## बिजली विभाग के अधिकारियों से विधायक अंबा प्रसाद ने की मुलाकात



राष्ट्रीय खबर

**केरेडारी** : बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने दिन शुक्रवार को हजारीबाग मे स्थित बिजली विभाग के जिला मुख्यालय पहुंचकर जिले के वरीय अधिकारियों से मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर गहन विचार विमर्श किया। वही विधानसभा में प्रश्न उठाने पर बड़कागांव/केरेडारी क्षेत्र में बनने वाले पावर ग्रिड के संबंध में समीक्षा की। विधायक ने कहा कि पावर ग्रिड बनने से बड़कागांव एवं केरेडारी में बिजली की समस्या से काफी हद तक लोगों को निजात मिलेगा परंतु वर्तमान में बड़कागांव केरेडारी वासियों को बिजली की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है जिस पर लगातार राज्य स्तरीय अधिकारियों से मुलाकात कर इस संबंध में उचित पहल करने का कार्य किया गया है परंतु स्थिति में सुधार नहीं हो पाया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने विधायक अंबा प्रसाद आश्वस्त किया कि बड़कागांव एवं केरेडारी में बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से उपलब्ध हो इसके लिए सार्थक पहल की जा रही है। वही विधायक ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पदनवांटांड़ व बुढ़वा महादेव में बिजली नहीं पहुंचने एवं विस्थापित क्षेत्र के ग्रामीण जो काफी संख्या में राजाबागी में आकर बसे हैं, उनके घरों तक बिजली व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया।

## प्रशासन और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प

- 10 डिसमिल जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पहुंची थी पुलिस
- ग्रामीण के द्वारा पुलिस पर पथराव करने से कई पुलिस हो गए हैं जख्मी
- ग्रामीण के ऊपर आंसू गैस का करना पड़ा प्रयोग आंसू गैस छोड़ते हैं ग्रामीण में मच गई भगदड़

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग** : हजारीबाग जिला के पदमा थाना क्षेत्र रोमी गांव स्थित ग्रामीण और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हुई है। जिसमें स्थिति को काबू पाने के लिए पुलिस के द्वारा आंसू गैस छोड़ना पड़ा दरअसल पूरा माजरा 10 डिसमिल जमीन से जुड़ा हुआ है। बीएसएफ के जवान को सरकार की ओर से 10 डिसमिल जमीन दिया गया था। उस जमीन पर पहले से ही लोग बसे हुए हैं। जवान ने जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन को आवेदन दिया था।शुकवार को प्रशासन उस जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पहुंची थी। जब पहुंची तो जिस जमीन पर लोग बसे हुए है। उन लोगों ने विरोध दर्ज कर दिया। विरोध करने के दौरान गांव वालों का भी समर्थन उसे मिल गया। ऐसे में प्रशासन और ग्रामीण आमने-सामने हो गए।

ग्रामीणों ने पुलिस के ऊपर पथराव कर दिया। कई पुलिसकर्मी भी जख्मी हो गए हैं स्थिति काबू नहीं होने पर पुलिस के द्वारा आंसू गैस छोड कर भीड़ को तितर-बितर किया गया वही एक दर्जन ग्रामीण को भी पुलिस गिरफ्तार कर लिया गया है घायल पुलिस को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रही है।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में मामले का निष्पादन करने का दिया निर्देश

- पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए।

जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में, पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## न्यूज फटाफट

### सांढ़ पंचायत के मुखिया सुलेखा कुमारी एक वर्ष कार्यकाल में विकास कार्यों का दिया ब्यौरा



**बड़कागांव** : बड़कागांव सांढ़ पंचायत के मुखिया सुलेखा कुमारी वृद्ध महिला पुरुष को वित्तीय वर्ष एक वर्ष कार्यकाल में विकास कार्यो का दिया ब्यौरा कहा एक साल में विकास के नजरिए से काफी अच्छा रहा, जनता से जुड़े समस्याओं का निराकरण एवं सरकारी राशि के साथ-साथ खुद से भी जितनी ताकत थी, पंचायत का विकास में लगाया पूरा वक्त पंचायत के जनता को दिए जनता ने पूरा सम्मान दिया।इतने कम समय में लगभग सारे जगह विकास करने की कोशिश की, आगे उन्होंने बताया कि 1 वर्ष के कार्यकाल में शिवाडीह खेल मैदान में एक जल मीनार लगा, ग्राम होरम में शिव मंदिर पास पीसीसी का निर्माण हुआ, पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में चापाकल मरम्मत हुई, तीन अंबेडकर आवास फाइनल हुए ,तीन अभी प्रक्रिया में है एवं 150 सौ पेंशन करवाया, होरम में तलाब की गहराई करण एंव उत्क्रमित मध्य विद्यालय होरम में चारदीवारी निर्माण हुआ एवं पुराने योजनाओं को पूरा किए, युवा वर्ग के लिए फुटबॉल टूनार्मेंट करवाएं, खिलाड़ियों के लिए फ्री खेल सामग्री , शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिए, शिक्षा स्वास्थ्य और महिलाओं को शक्ति करण बनाने के प्रयास में लगीं हूँ। डोभा निर्माण का कार्य व कुंआ रिपेयरिंग कार्य प्रक्रिया में है साथ ही साथ ग्राम सभा, आमसभा हुआ फंडिंग अभी कुछ आया नहीं ये सभी कार्य करने के लिए जनता का आशीर्वाद व सहयोग काफी मिला।

### बागवानी सखी का बैठक आयोजित

**पीरटांड़** : पीरटांड़ प्रखंड सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में बागवानी सखी का बैठक आयोजित किया गया। हरित ग्राम योजना को लेकर बागवानी सखी का बैठक आयोजित किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि बागवानी के तहत प्रखंड के सभी क्षेत्रो में पौधा लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए बागवानी सखी को प्रशिक्षित करना जरूरी है। बैठक में बागवानी सखी को बागान का समय पर जांच कर खाद, पानी, निकाई और रख-रखाव का सुझाव किसानों को नियमित तौर पर देती रहेंगी। कार्यक्रम में बीपीओ, जेई, आदि मौजूद थे।

### सीमा सुरक्षा बल त्रैमासिक ई-पत्रिका मेरू ग्रैफिटी का विमोचन




**हजारीबाग** : हजारीबाग प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप, हजारीबाग में महानिरीक्षक, इन्द्रजीत सिंह राणा, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय द्वारा परिसर स्थित प्रशासनिक भवन कॉन्फ्रैन्स हॉल में सीमा सुरक्षा बल मेरू परिवार पर अध्ययन संकाय द्वारा संकलित व संपादित त्रैमासिक ई-पत्रिका मेरू ग्रैफिटीह्व के दशम् ई-संस्करण अवधि 11 जनवरी 2023 से 10 अप्रैल 2023 का विधिवत विमोचन किया गया। इस मौके पर देवी सरण सिंह, उपमहानिरीक्षक (प्रशा0), राजेश कुमार, उपमहानिरीक्षक (एसटीएस), आर आर लाल, उपमहानिरीक्षक(प्रशि0), डी के प्रमाणिक, उपमहानिरीक्षक, एवं टीसीएण्ड एस के सभी अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह पत्रिका सीमा सुरक्षा बल के आईपीपी नेटवर्क/ई-मेल व अन्य डीजिटल प्लेटफार्म पर एवं द्वारा निर्गत की जाएगी। इस संस्करण में प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय द्वारा गत तीन माह (11 जनवरी 2023 से 10 अप्रैल 2023) की अविध में किए गए क्रियाकलापों विशेषकर प्रशिक्षण, प्रशासनिक, सांस्कृतिक, उच्च अधिकारियों का दौरा, बावा गतिविधियाँ, विभिन्न सांस्कृत आयोजन व सिविक एक्शन आदि के क्षेत्र में किये गए कार्यों में से कुछ की झलकियाँ दिखाई गई है। विदित रहे कि इस पत्रिका का नवम् ई-संस्करण दिनांक 31 जनवरी 2023 को जारी किया जा चुका हैं। तथा वर्तमान परिवेश में वन संरक्षण के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों के अनुरूप व पत्रिका सभी पाठकों तक पहुंचे इसे पुनः ई-स्वरूप में जारी किया गया है।

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग के विद्यार्थी 7 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए देहरादून रवाना

**हजारीबाग** : हजारीबाग आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग के 23 विद्यार्थियों के समुह को 7 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए विज्ञान विभाग डीन डॉ0 दिवाकर प्रसाद निराला व सोनी मेहता के निगरानी में गुरूवार रात विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद व डीन एडमिन डॉ एसआर रथ ने देहरादून के लिए रवाना किया। रवानगी के समय मौके पर मौजूद कुलपति डॉ पीके नायक ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण पर विद्यार्थी सबसे पहले देहरादून स्थित पतंजलि कैंपस हरिद्वार का भ्रमण करेंगे, जहां हर्बल गार्डन, रिसर्च सेंटर, पतंजलि योग पीठ, पतंजलि एग्रो रिसर्च सेंटर सहित अन्य जगहों पर जाकर कई अहम जानकारियां हासिल करेंगे। साथ ही विद्यार्थियों की टीम फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट आईसीएफआरई व वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, देहरादून भी जाएंगे और जंगलों की अहमियत से जुड़ी कई खास बातें वहां के विशेषज्ञों से सीखेंगे। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि पढ़ाई के दौरान शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के मन में ना केवल पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ाने में सहायक है, बल्कि इससे सामाजिक तौर पर भी विद्यार्थियों के मन-मस्तिष्क को मजबूती मिलती है। डीन डॉ दिवाकर प्रसाद निराला व सोनी मेहता ने कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को जंगल के जीव जंतुओं के जीवन को समझने में सहायक सिद्ध होगा। विज्ञान विभाग डीन डॉ दिवाकर प्रसाद निराला व सोनी मेहता के निगरानी में शैक्षणिक भ्रमण पर गए विद्यार्थियों में सौम्या सोनल, प्रियंका साहु, आशा कुमारी, अपर्णा दास, रूख्शार, पूजा कुमारी, अनुपमा दास, कृति कुमारी, सुनीता कुमारी, फहाद खान, कृष्णदेव कुमार, अजय कुमार विश्वकर्मा, अमित कुमार, हिमांशु कुमार, अमित सोरेन, अमित चंद्रवंशी, विक्रम कुमार, मंटू कुमार दास, संगम कुमार, संदीप कुमार, सुधीर साव, शौविक दास व विशाल कुमार के नाम शामिल हैं।

### अनुशासन के साथ शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर विभावि के स्तर को ऊंचा उठाना प्राथमिकता : डॉ0 : अजीत

**हजारीबाग** : हजारीबाग विश्वविद्यालय में अनुशासन के साथ विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों को बढावा देकर शैक्षणिक स्तर को ऊंचा करना मेरी प्राथमिकता है। यह बातें विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ0 अजीत कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में लोगों को संबोधित करते हुए कही। इससे पूर्व डॉ0 सिन्हा विभावि परिसर पहुंचने पर विनोबा भावे की प्रतिमा का माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया। इसके बाद कुलपति कक्ष पहुंचकर प्रभारी कुलपति के तौर पर अपना पद भार ग्रहण किया। मौके पर कुलसचिव डॉ0 कौशलेन्द्र कुमार, वित्त सलाहकार सुनील कुमार सिंह, रूसा के निदेशक डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, पूर्व रजिस्ट्रार डॉ0 वीरेंद्र कुमार गुप्ता, डॉ0 के के गुप्ता, सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ0 प्रमोद कुमार, प्रो विमल मिश्रा समेत कई विभागाध्यक्ष, शिक्षक गण व पदाधिकारियों ने बुके देकर प्रभारी कुलपति का स्वागत किया। बता दें कि डॉ0 अजीत कुमार सिन्हा वर्तमान में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति भी है। वहीं डॉ0 मुकुल नारायण देव की सेवा विगत 31 मई को समाप्त हो जाने के बाद राज्यपाल के द्वारा यह वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

**लापरवाही**

### ऑक्सीजन के लिए तड़पती रही एक हृदय रोगी

# एचएमसीएच में प्रबंधकीय लापरवाही के कारण ऑक्सीजन सप्लाई हुआ बंद

- उनके मीडिया प्रतिनिधि ने डीसी को किया ट्वीट
- महज कुछ ही घंटे में डीसी ने लिया संज्ञान
- विधायक मनीष जायसवाल ने सुप्रीटेंडेंट को जल्द स्थिति ठीक करने को कहा
- सदर विधायक और उनके मीडिया प्रतिनिधि का प्रयास हुआ सार्थक

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पर्याप्त साधन- संसाधन रहने के बावजूद प्रबंधन की घोर लापरवाही और चिकित्सकीय मनमानी के कारण इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है जिसके कारण यहां इलाजरत जरूरतमंद मरीजों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में 2 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट अधिष्ठापित होने के बावजूद एक हृदय रोगी मरीज को ऑक्सिजन के लिए घंटों तपड़पना पड़ा। जब ऑक्सीजन की कमी के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अफरा-तफरी मची तो जरूरतमंद मरीज के परिजनों ने इसकी जानकारी रात्रि करीब 1:00 बजे हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को दी। तत्काल विधायक मनीष जायसवाल ने इसे गंभीरता से लेते हुए अपने मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को अस्पताल भेजा। विधायक प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अस्पताल पहुंचकर जब स्थिति को जानना चाहा तो ना सिर्फ वरिष्ठ नागरिक वार्ड बल्कि कई अन्य वार्डों में भी बदहाली की स्थिति दिखी। वार्डों में ना तो ऑक्सीजन सिलेंडर था ना ही ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और ना ही ऑक्सिजन की पाइप लाइन से आपूर्ति हो रही थी।

बीते दिनों हजारीबाग में आई भयंकर आंधी- तूफान के कारण पूरे जिले की बिजली व्यवस्था लचर होने के बाद भी इसे महज कुछ दिनों में ही ठीक कर लिया गया लेकिन जिंदगी बचाने वाले अस्पताल में ऑक्सीजन आपूर्ति की स्थिति नहीं सुधरी यह अस्पताल प्रबंधन की असंवेदनशीलता को स्पष्ट दशार्ता है।गुरुवार की रात्रि करीब एक बजे हजारीबाग जिले के कटकमदाग प्रखंड के मसरातू पंचायत स्थित कृष्णानगर निवासी एक हृदय रोगी शकुलंता देवी (उम्र करीब 54 साल) को सांस लेने की समस्या के बाद परिजन इलाज के लिए एचएमसीएच लेकर आए तो इमरजेंसी में चिकित्सक ने देखकर भर्ती करने को कहा। ओल्ड आईसीयू, न्यू आईसीयू और महिला मेडिकल वार्ड में बेड फूल होने की वजह से इन्हें वरिष्ठ नागरिक वार्ड में भर्ती कराया गया।

लेकिन यहां ऑक्सीजन पाइप लाइन से ऑक्सीजन की आपूर्ति नहीं हो रही थी। मरीज के परिजन वार्ड में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों से ऑक्सीजन के लिए गुहार लगाते रहे इस बीच मरीज ऑक्सीजन के लिए तड़पती रही लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। जब परिजनों ने इसकी जानकारी स्थानीय विधायक मनीष जायसवाल को दी तो रात्रि 1:00 बजे उनके निर्देश पर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी अस्पताल पहुंचे और इमरजेंसी वार्ड से स्वास्थ्य कर्मियों से आग्रह करके ऑक्सीजन सिलेंडर मंगवाकर मरीज को लगवाया जिसके बाद मरीज को राहत मिली। सुबह मरीज को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया।

विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने त्वरित संज्ञान लेने हेतु हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि जन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रबंधन कार्य करें तो निश्चित रूप से जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत होगी।

## प्रदेश >> अपडेट

### दो घरों में लगी आग सामान जलकर हुआ खाक

**महेशपुर (पाकुड़):** थाना क्षेत्र के फोटकाडंगा गांव में शुक्रवार को आग लगी से दो घर जलकर राख हो गया। आग लगते ही स्थानीय ग्रामीण सूझबूझ का परिचय देते हुए पानी छिड़ककर आग पर काबू पाया। परंतु तब तक दोनों घर जलकर राख हो चुका था। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार गांव के ही संजलि मुर्मू दोपहर का खाना बना रही थी। इसी दौरान चूल्हे की चिंगारी से उसके घर में आग लग गई।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**पाकुड़ :** झालसा रांची के निर्देशानुसार आज शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में पाकुड़ जिले के कई प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित से लोगो को उनसे मिलने वाली लाभ जो मध्यस्थता के दौरान मिलती है मध्यस्थता केंद्र में उपस्थित पैनल अधिवक्ता संजीत मुखर्जी ने ज़िक्र करते हुए बताया कि त्वरित प्रभावी न्याय और सस्ती प्रक्रिया है, गोपीनियता की गारंटी है लचीली अनौपचारिक स्नेहपूर्ण एवम उचित प्रक्रिया लाभ समेत स्वैच्छिक विवाद समाधान,होता है मध्यस्थता के दौरान किए गए समझौते के विरुद्ध कोई अपील नही होती वही मिडियेटर अनंत किशोर ओझा ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच अनवरत मधुर संबंध के अलावे मध्यस्थता के आधार पर हुए निर्णय में न्यायालय शुल्क की वापसी लाभ प्रदान करना है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अभिवंचित बच्चों का निजी विद्यालयों में होगा निःशुल्क नामांकन

**पाकुड़ :** निःशुल्क एवं बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों में जिले के 39 कमजोर एवं अभिवंचित बच्चों का नामांकन किया जाएगा। निजी विद्यालयों में नामांकन के लिए शिक्षा विभाग के कार्यालय के द्वारा नामांकन के लिए आवेदन मांगे गए थे। इस दौरान कार्यालय को 61 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें स्कूटनी के दौरान 39 आवेदक वांछित अहर्ता को पूर्ण किया। अब उक्त बच्चों का नामांकन एलिट पब्लिक स्कूल पाकुड़, डीएवी पब्लिक स्कूल पाकुड़, डीएवी पब्लिक स्कूल महेशपुर, डीपीएस पाकुड़, संत जोसेफ स्कूल पाकुड़ संत डॉन बॉस्को स्कूल पाकुड़ में निशुल्क एवं बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत नामांकन किया जाना है।

### जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित करने हेतु समीक्षा

**पाकुड़ :** उपायुक्त ने बैठक में मीजल्स रूबेला, पल्स पोलियो, टी बी, एएनसी रजिस्ट्रेशन, एमटीसी केंद्र, कालाजार समेत अन्य विषयों पर समीक्षा कर कई आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम बनाकर सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र और हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण करे और उसमे अपेक्षित सुधार करते हुए शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करते जनसामान्य को स्वास्थ्य की सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**अपराध** जमानत पर निकले अपराधी विवादित जमीन के कारोबार में

# भूमि विवाद के कारण भागलपुर जिले बढ़ रही है आपराधिक घटनाएं

- राकेश हत्याकांड में पुलिस को मिले कहीं अहम सबूत
- सामाजिक कार्यकर्ता बना कारोबारी ही हत्यारोपी निकला
- सफेदपोशों की पहचान की मुहिम चलायी थी पुलिस ने



**दीपक नौरंगी**

**भागलपुर :** भागलपुर जिले में जमीन के अवैध कारोबार को लेकर अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। पुलिस मुख्यालय के आला अधिकारी को भागलपुर की और अपना ध्यान देना होगा भागलपुर के भू माफिया अपराधियों से मिलकर जमीन के अवैध कारोबार में लगे हुए हैं इसकी जांच उच्च स्तरीय तरीके से प्रशासनिक अधिकारियों को करानी चाहिए डीजीपी साहब को बिहार में भागलपुर जिले एनएच 80 पर कौन लोग जमीन खरीद रहे हैं उसकी जांच कराकर सभी लोगों की एक लिस्ट तैयार करनी चाहिए जमीन लेने वाले यह कौन लोग हैं और इसमें कितने अपराधिक चरित्र के लोग भी शामिल हैं और कितनी जमीन को लेकर कब तक कितनी हत्याएं हुई है इसका एक आंकड़ा हर थाने स्तर से तैयार रहना चाहिए कि इस जमीन को लेकर यहां विवाद हुआ जिसके कारण यहां एक हत्या पहले हो चुकी है जमीन के अवैध कारोबार में मिलने वाले मोटी रकम को देखते हुए कई सफेदपोश इसमें संलिप्त पाए जा रहे हैं। हबीबपुर थाना क्षेत्र में प्लाटिंग का काम करने वाले राकेश सिंह की हत्या मामले में पहले प्राथमिकी अभियुक्त खुद को सामाजिक कार्यकर्ता बताने वाले कुणाल सिंह का नाम सामने आया है। जो बातें सामने आई है उससे यह पता चल रहा है कि राकेश, कुणाल, दीपेश और गौतम कृष्णा यह सभी मिलकर जमीन के कारोबार में लगे हुए थे। राकेश के एक रिश्तेदार की जमीन तीन लाख में खरीदने के बाद कुणाल और गौतम कृष्णा ने मिलकर शहर के ही एक बड़े पैसे वालों के हाथ दो करोड़ में बेच दी। राकेश को जब इस बात का पता चला तो वह कुणाल से मिला और आपत्ति जताई साथ में यह भी कहा कि जब इतनी महंगी जमीन बेची गई है तो उसमें उसका भी हिस्सा होना चाहिए। उसी बात को लेकर उन लोगों के बीच विवाद शुरू हुआ और आखिरकार राकेश की हत्या करा दी गई।

राकेश सिंह की हत्या में शहर के शूटरों को पैसे देकर बुलाने की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और इस मामले में गौतम कृष्णा को हिरासत में भी ले लिया गया है। कुणाल और दीपेश की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है और इस बात की सूचना है कि पुलिस ने शूटरों को भी पहचान लिया है और उन तक पहुंचने के लिए भी छापेमारी की जा रही है।

भागलपुर में कई थाना क्षेत्रों में जमीन का अवैध कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है और कई बार तो यह भी सामने आया है कि इस अवैध कारोबार में ब्लॉक स्तर के कुछ प्रशासनिक और थाना स्तर के कुछ पुलिस पदाधिकारी भी संलिप्त होते हैं। राकेश सिंह हत्याकांड में जिस कुणाल सिंह का नाम सामने आया है वह लंबे समय से जमीन के कारोबार से जुड़ा हुआ है। खुद को सामाजिक कार्यकर्ता बता शहर में कई जगहों पर उसके पोस्टर और बैनर देखे गए थे। वह राजनीति में भी कदम रखने की कोशिश में लगा हुआ था।

जन समस्याओं से भरा है क्षेत्र

## लोगों का दर्द सुनकर मन दुखी होता है : राष्का हेम्ब्रम

**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** इन दिनों हिरणपुर प्रखण्ड के गांवों में घूमकर आम लोगो से मिलकर उनका दुख दर्द सुन रहे है कांग्रेस नेता राष्का हेम्ब्रम। शुक्रवार को भी प्रखण्ड के केंदुआ पंचायत के केंदुवा पहाड़पुर असंजोला तेलोपाड़ा पोखरिया सहित अन्य गांवों का दौरा कांग्रेस नेता ने किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि ये प्रेरणा मुझे कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिला जो धूप बरसात कड़कड़ाती ठंड में 4000 किलोमीटर पैदल चलकर देश के उन लोगो से मिला जिसे कोई सुनने वाला नही था। मैं भी जब अपने नौकरी से त्यागपत्र देकर आया था तब से मैंने ठान लिया कि आदिवासियों की दुर्दशा को बदलने के लिए संघर्ष करूंगा। आज जब मैं हिरणपुर प्रखण्ड के केंदुवा पंचायत घुमा तो वहाँ मुझे पता चला कि आज भी लोग 2 से तीन किलोमीटर पानी लाने जाते है।कही तो झरने की पानी पीना पड़ता है। कांग्रेस नेता ने जब ग्रामीणों से बात किया तो ग्रामीणों ने अपना दर्द सुनाते हुए कहा कि इस क्षेत्र में पानी की जबरदस्त किल्लत है।जनप्रतिनिधि केवल वोट के समय आते है बाकी उनके बिचौलिए लोग सिर्फ ठीकेदारी करने आते है। हमलोगों का दर्द सुनने वाला कोई नही है चापाकल खराब है कोई देखता नही है। राष्का हेम्ब्रम ने कहा कि आपलोगो की समस्याओं को मैं देख रहा हु जल्द ही उपायुक्त महोदय से मिलकर इसका निदान निकालने का प्रयास करूंगा।

## बाइक की टक्कर में एक की मौत तीन घायल



**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर:** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महुगावा के पास दो बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा निवासी गुड्डू पासवान का पुत्र राहुल पासवान उम्र 25 वर्ष अपने एक मित्र के साथ गुरुवार की शाम मोटरसाइकिल पर सवार होकर चैनपुर महुगावा किसी काम से जा रहा था।तभी रास्ते में महुगावा के पास उसकी बाइक की टक्कर एक दूसरे बाइक से हो गई। जिसमें दोनों बाइक पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा चारों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के दौरान राहुल पासवान उम्र 25 वर्ष की मौत हो गई। जबकि महुगावा निवासी रंजीत राम पिता अनिल राम, दीपचंद कुमार पिता मक्खन राम तथा एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।जिनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जहां इलाज के बाद भी रंजीत राम की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं राहुल पासवान के मौत के बाद राहुल के परिजन सदर अस्पताल में हल्ला हंगामा करने लगे। हल्ला हंगामा होने की सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा,चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता और टाइगर मोबाइल के जवान सदर अस्पताल पहुंचकर हल्ला हंगामा कर रहे परिजनों को शांत कराया।वही इस घटना के बाद से पुलिस राहुल के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। वह इस घटना के बाद से पुलिस दुर्घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## मन का मिलन पखवाड़ा को सफल बनाने में मध्यस्थों ने कसा कमर



**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर:** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देश पर मन का मिलन पखवाड़ा को सफल बनाने में पलामू जिले के ट्रेंड मीडियेटर में कमर कस लिए है।वे मामले को सफल बनाने के मिशन में काम कर रहे हैं। इस सम्बंध में पलामू जिला के कुशल मध्यस्थ सुबोध कुमार सिन्हा ने बताया कि मध्यस्थता से मामले निपटाने से दोनों पक्षकारों में वैमनस्यता सदा सर्वदा के लिए मिट जाता है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से 29 मई से 14 जून तक विभिन्न प्रखंडों में मन का मिलन पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से मुकदमा समाप्त कराने के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थ भी मामले को सफल बनाने में पूरजोर कोशिश कर रहे हैं।इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा के तहत लोगों को मध्यस्थता कैसे करें मध्यस्थता क्यों आवश्यक है के बारे में जानकारी दी जा रही है ।साथ ही वीडियो फिल्म दिखाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक मामले निपटारा करने का लक्ष्य है ।ताकि अधिक से अधिक मामले का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर हो सके। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने मध्यस्थों को कई टिप्स बताये।

## दवा दुकानदार ने मरीज को पीटा



**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर:** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम सुआ निवासी दशरथ पाल को दवा दुकानदार ने फ्रॉड बाजी करने पर पीटा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर दशरथ पाल अपना इलाज कराने के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचा था। अस्पताल में इलाज कराने के बाद वह एक दवा दुकान में दवा खरीदने गया। दवा दुकानदार को 500 रुपया देकर कहा कि मेरे पास खुला पैसा नहीं है। हमें 50 रुपया दीजिए फोटोकॉपी करवाना है। दवा दुकान से दशरथ 50 रुपया लेकर फोटोकॉपी करवाने चला गया। फोटो कॉपी करवा कर दशरथ जब दवा दुकान पर लौटा तो दुकानदार से कहा कि आप हमें 50 रुपया नहीं 5 रुपया दिए थे। इस बीच दवा दुकानदार और दशरथ के बीच बहस होने लगा। इसी बीच गुस्से में आकर दवा दुकानदार ने दशरथ को पीट दिया। इसके बाद इस घटना की जानकारी टाइगर मोबाइल के जवान विनोद कुमार और परवेज खान को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर टाइगर मोबाइल के जवान हॉस्पिटल पहुंचकर मामले की छानबीन किया तो पता चला कि दशरथ जहां फोटोकॉपी करवाने गया था। उस फोटोकॉपी दुकानदार को भी दशरथ मिला कर रखा था। और बोला था कि जब दवा दुकानदार पूछेगा तो 5 रुपया ही मिला है बोलना।इसी फ्रॉड बाजी की वजह से दुकानदार ने दशरथ को पीटा।

## हक की लड़ाई के लिये आगे आयें युवा : सूर्या

**राष्ट्रीय खबर**



**पलामूः** एनसीपी के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता युवा नेता सूर्या सिंह ने हुसैनाबाद हरिहरगंज के दर्जनों गांव का दौरा कर युवाओं से सहयोग व बुजुर्गो का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने गांव की समस्याओं की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज में युवाओं युवतियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 50 से 80 किलो मीटर दूर जाना पड़ता है। वह हरिहरगंज में उच्च शिक्षा के लिए केंद्र या डिग्री कालेज की स्थापना कराने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि छोटी छोटी समस्याओं का समाधान विधायक कोटा व अन्य योजनाओं से की जा रही है। उन्होंने हुसैनाबाद के इलाके में आधुनिक खेती करने वाले किसानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उन्हे प्रोत्साहित करने के लिए जो भी जरूरत होगी हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह जी करने को तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है।इसे एक दिन में दूर नहीं किया जा सकता है। रोजगार के साधन विकसित करने में पूरा एनसीपी परिवार जुटा हुआ है। धीरे धीरे इस समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि सभी सड़को को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल के लिए स्टेडियम समेत अन्य योजनाओं पर भी तेजी से काम हो रहा है।उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वह 2005 से 2009 व 2019 से अबतक के विकास पर नजर दौड़ाएं। इन दोनो कार्यकाल के बीच का भी आकलन कर निर्णय ले सकते हैं की उन्हे किधर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनसीपी ही हुसैनाबाद हरिहरगंज को एक विकसित क्षेत्र का निर्माण कर सकता है। क्योंकि एनसीपी ने कर के दिखाया है। अन्य ने जो किया है, वह भी किसी से छुपा नहीं है। सूर्या सिंह ने जिन पंचायतों का दौरा किया है उसमे पथरा पंचायत के पीपरडीह,इटवां,बेनिकला पंचायत के तेंदुआ व करीमनडीह, लोटनिया पंचायत के पिपरडीह टोला व ककोरिया, महुवरी पंचायत के दुल्हर व टिकर पर के अलावा हरिहरगंज प्रखंड की कई पंचायतें शामिल हैं।

## न्यूज फटाफट

### जिले भर में मनाया गया प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस

**पाकुड़ :** ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के निदेशानुसार जिले के सभी पंचायत में गुरूवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया। उपायुक्त श्री वरुण रंजन के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के अवसर पर जिला के विभिन्न पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत स्तर के चिन्हित लाभुकों के साथ बैठक कर उनके साथ आवास निर्माण में हो रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर 30 जून तक आवास निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 11 मई से किया गया था, जो 30 जून तक प्रत्येक गुरुवार को पंचायत सचिवालय में आयोजित की जाएगी।ज्ञात हो कि बीते दिनों राज्य सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण की समीक्षा की गई थी जिसमे पाया गया कि इस योजना अंतर्गत अभी भी राज्य में 1,11,859 इकाई आवास लंबित है, जिसे 30 जून 2023 तक पूर्ण कराया जाना है। निर्धारित तिथि तक आवास पूर्ण कराने के क्रम में निर्माण कार्य में हो रही सभी समस्याओं का त्वरित निष्पादन हेतु ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्णय लिया गया कि 30 जून 2023 तक अभियान के तहत 11 मई से लेकर प्रत्येक गुरुवार को संपूर्ण झारखंड में एक साथ प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया जाएगा।

### अवैध रूप से बालू से लदे 7 ट्रैक्टर को जप्त किया गया

**पाकुड़ :** जिले में अवैध परिवहन, अवैध खनन, अवैध भंडारण पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से गुरुवार को उपायुक्त वरुण रंजन व खनन टास्क फोर्स टीम के द्वारा संयुक्त रूप से महेशपुर अंचल अंतर्गत बासमती पुल के पास औचक छापेमारी की गई। उपायुक्त वरुण रंजन व खनन टास्क फोर्स टीम द्वारा अवैध रूप से बालू से लदे 7 ट्रैक्टरों को जप्त कर महेशपुर थाना को सुपुर्द किया गया। उपायुक्त ने गाड़ियों के ऊपर राजसत करने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त वरुण रंजन ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आपसी समन्व्य स्थापित कर अवैध परिवहन कर रहे गाड़ियों को जांच करे। अवैध ढुलाई पर अंकुश लगाने हेतु टीम वर्क के रूप में कार्य करें, ताकि त्वरित व विधि सम्मत कार्रवाई किया जा सके। इस छापेमारी अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार दास, जिला स्थापना उप समाहर्ता विकास कुमार त्रिवेदी, महेशपुर अंचलाधिकारी रितेश जयसवाल, अमड़ापाड़ा अंचलाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी एवं एसएमपीओ पवन कुमार समेत अन्य शामिल थे।

### बिजली की कटौती के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन 15 से : राजीव

**पलामू :** इलाके भर में पड़ रही भीषण गर्मी झेल रहे लोगों के प्रति बिजली विभाग संवेदनहीन बना हुआ है। वहीं बिजली कटौती से हजारों लोग परेशान हैं। अगर नियमित रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो बिजली कटौती के खिलाफ 15 जून से चरणबद्ध तरीके से जनांदोलन की शुरूआत की जाएगी। जरूरत पड़ने पर इसी दिन छतरपुर विद्युत कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा। उक्त बातें समाजसेवी राजीव रंजन ने बिजली संकट को लेकर उपभोक्ताओं के साथ संपन्न बैठक में कही। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी विभागीय अधिकारियों को बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए कई बार मांग की जा चुकी है। बावजूद इसके इसमें कोई सुधार नहीं हुआ। बल्कि स्थिति और भी बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो विभागीय अधिकारियों को जनाक्रोश झेलना पड़ेगा। मौके पर राजेश रंजन मिश्रा, अखिलेश यादव, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, अभय कुमार ,राजू कुमार ,शशि शेखर ,सुदामा ठाकुर, दिनेश पासवान, शंभू यादव, जीतवहन प्रसाद, विकास कुमार, राकेश राम, गोपाल भूमिया, कृष्णा साव आदि उपस्थित थे।

### छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम लागू करे राज्य सरकार: भाकपा



**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह एवं जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने संयुक्त बयान जारी कर पलामू उपायुक्त के कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया। झारखंड में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम एवं संथाल परगना काश्तकार अधिनियम के तहत उपायुक्त को विशेष अधिकार दिया गया है जिसमें काश्तकार अधिनियम के तहत आदिवासी दलित एवं पिछड़ी जातियों को बिना उपायुक्त के अनुमति के वे अपनी भूमि खरीद बिक्री नहीं कर सकते हैं वहीं दूसरी ओर पलामू जिला में आदिवासी दलित पिछड़ी जातियों का जमीन पूर्व जमींदारों के द्वारा बिना उपायुक्त के अनुमति के उनका भूमि हड़प लिया गया और वे लोग उपायुक्त के कार्यालय में या न्यायालय में अपनी अर्जी देते रह जाते हैं परंतु उस पर कोई कार्रवाई या सुनवाई नहीं होता है। पलामू उपायुक्त उस आवेदन को अंचल कार्यालय भेज देते हैं जहां वहीं पड़े पड़े कागज नष्ट हो जाता है और आम आदमी का दौड़ते दौड़ते चप्पल भी टूट जाता है लेकिन उपायुक्त के उनको दिए गए काश्तकारी अधिनियम के तहत अधिकार का इस्तेमाल गरीबों के पक्ष में ना करके जिला दंडाधिकारी या पदाधिकारी के रूप में अपना कार्य संपन्न करते हैं लेकिन उपायुक्त को दिए गए विशेष अधिकार का इस्तेमाल काश्तकारी अधिनियम के तहत नहीं करते हैं जिससे उपायुक्त को दिए गए विशेष अधिकार का कोई मतलब पलामू में नहीं रह गया है। जिला में छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम का कोई माने नहीं रह गया है ।राज्य सरकार को चाहिए की काश्तकार अधिनियम के तहत उपायुक्त को जमीन संबंधित विवाद का निपटारा करने का आदेश दे।

### सहायक शिक्षक ने लगाया मारपीट व गाली गलौज करने का आरोप

**मेदिनीनगर :** झारखंड क्रांति मंच के संस्थापक अध्यक्ष व अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर अपग्रेडेड हाई स्कूल कुहकुह नौडीहा बाजार के सहायक अनुसूचित जाति के शिक्षक नरेंद्र राम के साथ पिछले 20 फरवरी 2023 को मारपीट व जातिसूचक गाली-गलौज से सम्बन्धित नौडीहा बाजार थाना कांड संख्या 27/2023(एससी-एसटी एक्ट) के सभी नामजद अभियुक्तों को अभी तक गिरफ्तार नहीं करने पर गहरी चिंता व्यक्त किया है। जारी बयान में उन्होंने नौडीहा बाजार थाना प्रभारी व आरक्षी उपाधीक्षक (छत्तरपुर मुख्यालय) की इस संदर्भ में भीषण उदासीनता की आलोचना करते हुए कहा है कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद लगातार दलित शिक्षक नरेंद्र राम को अभियुक्तों द्वारा मुकदमा वापस लेने की धमकी की सूचना के बाद भी पुलिस प्रशासन की गंभीर चुप्पी यह साबित करता है कि एससी-एसटी एक्ट से सम्बन्धित मामलों में त्वरित कार्रवाई करने में पुलिस की अभिरुचि नहीं है। बयान के अंत में उन्होंने कहा है कि पलामू जिले में अनुसूचित जातियों/जनजातियों पर बढ़ते जातिवादी अत्याचार की घटनाओं में बिना आवाज उठाएं पुलिस एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज नहीं करती है, और जिन मामलों में दर्ज भी करती है तो थाना से लेकर डीएसपी स्तर तक के पदाधिकारी मामले की लीपापोती में लग जाते हैं,जो अतिशय निंदनीय है ।अगर इस मामले में शीघ्र गिरफ्तारी नहीं होती है तो आन्दोलन किया जायेगा।

# बदहाली : अनुमण्डल कार्यालय का कर्मी है या दलाल ! आमजनो को है मलाल

## बिचौलियों के रहम-ओ-करम पर संचालित है कार्यालय, आमजन समझते हैं अपना तारणहार

मामले में जांचोपरांत होगी कड़ी कार्रवाई : एसडीएम

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया, प.च.** : कर्मी है या दलाल आम जनों को है मलाल जी, हां यह मामला सुनने में अटपटा अवश्य है, लेकिन इस सच्ची घटना का खुलासा तब हुआ जब सदर अंचल पदाधिकारी मोहित राज से इस संदर्भ में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी का कोई नियोजन यहां नहीं है। मामला सदर अंचल बेतिया का बताया जाता है कि उपर्युक्त झोला लेकर घूम रहा विगत कई वर्ष पहले ही सेवानिवृत्त हो चुका है। उसके बाद बिना नियुक्ति अथवा नियोजन, वह व्यक्ति कार्यालय के अभिलेखों का संधारण करता है। पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय के कार्यालय के ऑफ समय में कार्यालय अभिलेखो का संधारण व झोला लेकर आवागमन करते देखा जा सकता है। उल्लेखनीय हैं कि बिहार सरकार विभिन्न कार्यालय को बिचौलियों (दलाल) से मुक्ति के लिए कई अभियान संचालित कर रही है अलबत्ता कई विभाग के कार्यालय बिचौलियों के रहम ओ करम पर संचालित है। बिहार सरकार विभिन्न कार्यालय को दलाल मुक्त रखने को प्रयासरत हैं। अलबत्ता सरकारी कर्मियों और पदाधिकारियों की मेहरबानी कहें अथवा कर्तव्यहीनता आमजनता बिचौलियों को अपना तारणहार समझती है। अब जिला मुख्यालय बेतिया स्थित अंचल कार्यालय पहुँचने वाले लोग समझ ही नहीं पाते हैं कि कार्यालय में झोला लेकर घूमने वाला व्यक्ति, कर्मी है या बिचौलिया, यह पता करने में, आम जनता असमंजस के शिकार हो जाते हैं। इस संदर्भ मोहित राज सीओ अंचल कार्यालय बेतिया सदर ने बताया कि उनके नियोजन के लिए विभाग को पत्र भेजा जा चुका है, लेकिन विभागीय कोई सूचना प्राप्त नहीं है अर्थात उनके नियोजन का मामला अभी तक लम्बित (पेंडिंग) है। इस बावत पूछे जाने पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर बेतिया ने हमारे संवाददाता को बताया कि मामला जो भी हो किसी भी ऑफिस में अवैध रूप से काम करने वाले लोगों पर सूचना मिलती है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा ने 9 साल बेमिसाल स्लोगन के साथ किया प्रेस-वार्ता

नेता व कार्यकताओं की जुटी भीड़

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : केन्द्र की मोदी सरकार के नौ-साल पूरे होने पर भाजपा ने घर-घर पहुंचकर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी पहुचाने हेतु नौ साल बेमिसाल के स्लोगन के साथ महा जनसंपर्क अभियान की शुरूआत कर दी है। इसी संदर्भ में शुक्रवार की सुबह बगहा जिला कार्यालय में भाजपा के तमाम दिग्गज नेता व कार्यकर्ताओ के द्वारा संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी व संचालन जिला उपाध्यक्ष अंचित्य कुमार लाला ने किया। जिसमें भाजपा नेत्री सह सुबे के पुर्व उप-मुख्यमंत्री रेणु देवी, राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे, रामनगर विधायक पद्मभूषण भागीरथी देवी, बगहा विधायक राम सिंह सहित भाजपा के तमाम नेता व कार्यकर्ता जिला कार्यालय बगहा पहुंचे व पत्रकारों को संबोधित किये। पूर्व उपमुख्यमंत्री सह बेतिया विधायक रेनू देवी ने मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि आजादी के बाद देश उतना विकास नहीं हुआ जितना बीते 9 वर्षों में केंद्र सरकार ने किया है। बीते वर्ष इंग्लैंड को पीछे छोड़ हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने हैं। कोरोना के बाद सभी देशों की अर्थव्यवस्था चरमराई मगर मोदी सरकार की कुशल नीतियों से हमारी अर्थव्यवस्था लगातार बढ रही है। उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति में भी काफी सुधीर हुई है और आज विदेशों में तिरंगे का सम्मान बढ़ा है। मेक इन इंडिया के तहत वंदे भारत ट्रेन का निर्माण कर देश के विभिन्न हिस्सों को जोड़ा जा रहा है। पहली बार देश में शस्त्र बनाने का काम शुरू हुआ और विगत वित्तीय वर्ष में एक लाख करोड़ से ज्यादा हथियारों का निर्माण भारत में हुआ और आज हम इतने सक्षम है की रक्षा क्षेत्र में भी निर्यात कर रहे हैं।

# लापता

## नाम - संदीप कुमार पासवान



पिता - नथुनी पासवान
ग्राम+पो.- माधवपुर करमवा
थाना- सुगौली
जिला -पूर्वी चंपारण
उम्र - 31वर्ष,
रंग गेहुंआ
लापता - 28 मई को शाम
5:00 बजे छपवा चौक से
किसी वाहन पर चढ़ गया। दिमाग संतुलन थोड़ा कमजोर है।
किसी सज्जन के मिलने पर मोबाइल नं- 8578830686

## भूमि विवाद में महिला की पिटाई

**गौनाहा** : थाना क्षेत्र अंतर्गत अमोलवा गांव में भूमि विवाद में रामायण चौधरी की पत्नी को भिखर चौधरी पिता स्व जयराम चौधरी ने पीटा। बताया गया है कि जमीन पर न्यायालय में मुकदमा लम्बित है। गौनाहा थाना में मुकदमा दर्ज है। सीओ से लेकर से लेकर उच्च अधिकारी और मंत्रीगण को इस विवाद के बारे में पता है, लेकिन भूमि पर अभी जबरदस्ती कार्य हो रहा है। जिसमें काफी लोगों की जानमाल की क्षति हो सकती है। इस मामला को संज्ञान में लेते हुए समुचित करार्वाई करने की मांग प्रबुद्धजनों ने शासन व प्रशासन से किया है।

## छात्रों की समस्याओ को लेकर कॉलेज में तालाबंदी करेगी विद्यार्थी परिषद



गया कॉलेज के प्राचार्य को सहना पड़ा विरोध

राष्ट्रीय खबर

**गया** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गया कॉलेज इकाई द्वारा गया महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार पर महाविद्यालय की वर्तमान अनियमित, लाचार शैक्षणिक व्यवस्था एवं छात्र-छात्राओं को हो रही अन्य समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। अभाविप गया सह-मंत्री सिमरन कुमारी ने कहा कि गया कॉलेज,गया में छात्रावास किसी भी परिस्थिति में बंद नही होनी चाहिए जब विश्वविद्यालय वर्ग संचालन कि नोटीफिकेशन कि तो कॉलेज प्रशासन कौन होता है छात्रावास बंद करने वाले, छात्रावास बंद होने से छात्राओ पढ़ाई पर गलत असर पड़ेगा। छात्रावास बंद होती है तो सड़क जाम किया जायेगा और उग्र आंदोलन होगी। वही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा गया कॉलेज में बढ गया है छात्राओ के साथ छेड़खानी आम हो गई है जिसे रोकने में कॉलेज प्रशासन पूरी तरीके से असमर्थ है। अगर छेड़खानी जैसी घटना को जल्द रोका नही जाता है तो एक बड़ी घटना किसी वक्त कॉलेज में घट सकती है। जिसे बर्दाश्त नही किया जाएगा। इतनी बड़ा कैंपस होने के बावजूद महिला सुरक्षा सेल और प्लेसमेंट सेल नही होने से एक ओर यहां पढ रही छात्रा पूरी तरह असुरक्षित है तो दूसरी ओर बोकेशनल एवं प्रोफेशनल कोर्स में पढ़ाई करने वाले छात्र कॉलेज से बेरोजगार बन कर निकल रहे है। उन सेल का गठन होना चाहिए तभी छात्र- छात्राओ भविष्य बर्बाद होने से बचेगा। महिला छात्रावास कि समस्याओ को निरन्तर प्राचार्य को लिखित रूप से दिया गया है पर अभी तक यथार्थ स्थिति बनी है महिला छात्रावास कि जो प्राचार्य कि छात्रा विरोधी नीति को दशार्ता है।

## विश्व दुग्ध दिवस के आयोजन में शामिल हुए पशुपालक

घरेलु स्तर पर महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जागरुक किया गया

राष्ट्रीय खबर



**मझौलिया** : प्रखंड अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर के सौजन्य से विश्व दुग्ध दिवस का आयोजन किया गया।जिसमे मझौलिया प्रखंड के 37 महिला तथा अन्य किसानों ने भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर के प्रधान एव वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर मोती लाल मीना ने बताया कि 2001 में संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य और कृषि संगठन ने इस दिवस की शुरूआत की थी। इसका मुख्य उद्देश्य जन-जन को दूध में पाए जाने वाले पौष्टिक तत्वों के प्रति जागरूक करना, वहीं डेयरी क्षेत्र में स्थिरता और आर्थिक विकास को मजबूत बनाना, बच्चे हो युवा या बुजुर्ग, हर किसी को अच्छे स्वास्थ्य के लिए दूध पीना चाहिए। क्योंकि दूध सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है, दूध के साथ-साथ इससे निर्मित दही, मक्खन, घी, पनीर, रबड़ी और अलग-अलग मिठायां भी हमारे सेहत के लिए लाभदायक होती हैं।स्वच्छ दूध मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित होता है, अर्थात इसके सेवन से बीमारी को कोई खतरा नहीं रहता। दूध से फैलने वाली बीमारियों में टी.बी., टाइफाईड, पैराफाईड, अन्डूलेन्टिंग फीवर, पेचिश तथा गैस्ट्रोइन्टेराइटिस प्रमुख हैं। इनमें से कुछ के जीवाणु दुधारू पशु के थन से सीधे आ जाते हैं तथा कुछ दूध मल अथवा मूत्र के प्रदूषण द्वारा तथा कुछ दूध निकालने वाले व्यक्ति द्वारा दूध में आते हैं। उन्होंने स्वच्छ दुग्ध उत्पादन कैसे किया जाये इसके बारे में भी जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर की गृह विज्ञान विशेषज्ञ डॉक्टर रीता देवी यादव ने कहा कि मिल्क/दुग्ध उत्पादन में बिहार राज्य देश में दसवें नंबर पर है परन्तु प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता बहुत कम है, जबकि कृषि और डेरी-फार्मिंग के बीच एक परस्पर निर्भरता वाला संबंध है। कृषि उत्पादों से मवेशियों के लिए भोजन और चारा उपलब्ध होता है, जबकि मवेशी पोषण सुरक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के दुग्ध उत्पाद उपलब्ध करता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारत का अपना विशेष स्थान है और यह विश्व में सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक और दुग्ध उत्पादों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। दुग्ध उत्पादों जैसे दही, पनीर, लस्सी, क्रीम, आइसक्रीम, घी तथा खोया बनाकर घरेलु स्तर पर महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के जागरुक किया गया। केंद्र के फसल उत्पादन विशेषज्ञ डॉक्टर सुभाशीष प्रहराज और डॉक्टर चेलपुरी रामुलु ने महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा किया तथा दुग्ध उत्पादन और उत्पादकता मेंआत्मनिर्भर बनने प्रेरित किया।

## दल की दल-दल से निकल कर करे पंचायत का विकास

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया, प च:** स्थानीय जी एम कालेज में एक दिवसीय जिला मुखिया संघ का बैठक की गई। मुखिया संघ की बैठक मे मुख्य अतिथि सौरभ कुमार विधान परिषद सदस्य ने कहा की लगातार जनप्रतिनिधियों के मामले को सदन में उठा रहे हैं और आगे भी आपके मामले को पुरजोर तरीके से उठाएंगे । वे अधिक समय घर पर ही देते हैं किसी भी पंचायत प्रतिनिधि को किसी प्रकार की समस्या हो तो वो हमे बताए हम उसके समाधान के लिए सदैव तत्पर हैं । सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने कहा कि हमलोगो के अधिकार में लगातार चाहे वो केंद्र की सरकार हो या राज्य की सरकार दिन ब दिन कटौती करती जा रही है जो न्यायोचित नहीं है। इस पर हमे गंभीरता पूर्वक विचार करना होगा। अब हम जनप्रतिनिधि जागरूक हो गए हैं और सरकार से दो दो हाथ करने को तैयार है। बहुत जल्द न्यायलय में याचिका दायर की जाएगी। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव राजू बैठा ने कहा कि बिहार और केंद्र सरकार के खिलाफ हम सभी मुखिया एकजुट होकर जनांदोलन का बिगुल फुकेंगे। चंपारण क्रांतिकारियो की भूमि है। सभी आंदोलन की शुरूआत भी यही से होती हैं। यह वही धरती है जिसने मोहन दास करम चंद गांधी को महात्मा गांधी बना दिया और ये वही धरती है जो अंग्रेजी सत्ता को खदेड़ दिया। हमलोग बिहार सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा मुखिया के अधिकारो में लगातार हो रही कटौती एवम ग्राम सभा में सरकार का बेवजह हस्तक्षेप के विरुद्ध आंदोलन का शुरूआत किया है। जिसका परिणाम 2024 के लोक सभा एवम 2025 के विधान सभा चुनाव में दोनो सरकार को दिखाएंगे। कार्यकम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अफसर इमाम ने किया, सभा में करीब 225 मुखिया उपस्थित रहे।

### मुखिया ने की अपने पुत्र पर दर्ज मामले के निष्पक्ष जांच की मांग

**बगहा** : प्रखंड बगहा दो अंतर्गत नरवल बरवल पंचायत की मुखिया सकीना खातून ने डीआईजी को एक आवेदन देकर अपने अधिवक्ता पुत्र अब्दुल राशीद उर्फ छोटे पर एससी/ एसटी थाने में दर्ज मामले की जांच की मांग की है। डीजीपी को दिए आवेदन में मुखिया का कहना है कि आवेदक जयप्रकाश राम के द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध से ग्रसित होकर झूठा एवं बनावटी आवेदन एससी/एसटी थाने में देकर एफआईआर दर्ज कराया गया है। आवेदक के द्वारा जिस समय का जिक्र किया गया है उस समय उनके पुत्र व बगहा व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता अब्दुल राशीद उर्फ छोटे उत्तर प्रदेश प्रदेश के बलिया में थे। मुखिया ने इस मामले में अपने अधिवक्ता पुत्र अब्दुल रशीद के मोबाइल नंबर के टावर लोकेशन की भी जांच कर इस मामले में निष्पक्ष जांच कर करने की मांग की है।वही मुखिया ने इसकी प्रतिलिपि पुलिस महानिरीक्षक ,पुलिस उप महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक बगहा को भी दिया है

### रीडिंग रूम चालू कराए जाने की उठी मांग

**मोतिहारी पू चं** : राष्ट्रीय जनता दल के जिला संगठन सचिव मुमताज अहमद ने एक प्रेस बयान जारी कर शहर की धरोहर उर्दू लाइब्रेरी कमिटी मे शामिल सभी सदस्यों से उर्दू लाइब्रेरी का रीडिंग रूम जल्द से जल्द चालू कराने की मांग की है। रीडिंग रूम चालू होने से प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का इसका भरपूर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा की कांग्रेस नेता जफर महमूद उर्फ मुन्ना खान के द्वारा कुछ महीने पहले उर्दू लाइब्रेरी के बिल्डिंग की मरम्मत तथा रंग-रोगन का कार्य कराया गया है, जो काफी सराहनीय है।

## आस्था : सिद्ध पीठ पटजीरवा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया** : सिद्ध पीठ पाटजीरवा में प्रतिवर्ष की भांति ज्येष्ठ महीना के त्रयोदशी तिथि को मां पार्वती की पूजा अर्चना की जाती है। हजारों की भीड़ में श्रद्धालुओं की उपस्थित दिखती है। यहां के क्षेत्र के लोगों को मानना है कि बूढ़ी गंडक नदी की कटाव आसपास के सारे घरों को पानी में (विलीन) समाहित कर चुकी है, किंतु पटजीरवा माई स्थान आज भी यथावत है। उपर्युक्त सिद्ध पीठ आज भी लोगों के आस्था का प्रतीक है। यह मानना है कि जो लोग यहां आकर मन्नतें मांगते हैं वह सारी पूरी हो जाती है। पूजा समिति के अध्यक्ष नगीना चौधरी, कोषाध्यक्ष, नंदू महतो, पंडा लालबाबू मिश्र व अन्य लोगों की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

## सांसद की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया, प च** : सांसद डॉ. संजय जायसवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में दिशा (जिलास्तरीय समन्वय एवं अनुश्रवण समिति) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन प्रतिवेदन से अध्यक्ष को अवगत कराया गया। अध्यक्ष, दिशा ने जन-जन का स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, सर्व शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री पोषण योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, जिला औद्योगिक नवप्रर्वतन योजना, दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना, जीविका, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन शहरी/ग्रामीण, कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण), एकीकृत बाल विकास परियोजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने विद्युत कनेक्शन, सिंचाई के लिए विद्युत कनेक्शन, ग्रामीण सड़क, आवास योजना, सर्वशिक्षा अभियान, शिक्षकों का स्थानांतरण, मनरेगा, सहकारिता, सामुदायिक शौचालय, पंचायत सरकार भवन, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केन्द्र से संबंधित विषयों पर अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराया गया। समीक्षा के क्रम मे अध्यक्ष ने कहा कि विद्युत बिल में त्रुटि नहीं हो, इसकी व्यवस्था करें। गांवों में अस्पताल भवन के निर्माण के लिए भूमि को अविलंब चिन्हित करें। साथ ही जो जिन स्थलों पर चिन्हित भूमि को अतिक्रमित किया गया है, उसे तुरंत अतिक्रमणमुक्त कराया जाय। सिविल सर्जन अद्यतन स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन सभी संबंधित विधायकगण, विधान पार्षदगण तथा प्रखंड प्रमुख को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अमृत योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन स्थलों पर अमृत योजना अंतर्गत जलापूर्ति योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, उसे अविलंब शत-प्रतिशत पूर्ण करते हुए लाभुकों को जलापूर्ति सुनिश्चित किया जाय। कार्यपालक अभियंता, बुडको अमृत योजना के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन में विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया जाय जो अमृत योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में क्रियान्वित योजनाओं की विधिवत जाँच करेगी तथा प्रतिवेदन उपलब्ध करायेगी।डीएम दिनेश कुमार राय अध्यक्ष, दिशा को आश्वस्त किया गया कि दिशा की बैठक में दिये निर्देशों का नियमानुकूल निष्पादन त्वरित गति से कराएं।

डीएम ने बताया कि 01 जून से 07 जून 2023 तक बाढ़ सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत लोगों को बाढ़ से बचाव को क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, के संदर्भ में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगणों से अनुरोध किया कि अपने स्तर से आमजनों को बाढ़ सुरक्षा को जागरूक करें। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सतीश चन्द्र दूबे, विधायक, रेणु देवी पद्मश्री भागीरथी देवी, वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता उमाकांत सिंह, विनय बिहारी, राम सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकु सिंह, विधान पार्षद, भीष्म सहनी, वीरेन्द्र नारायण यादव, सौरभ कुमार, अफाक अहमद, प्रखंडों के प्रमुखगण, मुखियागण सहित उप विकास आयुक्त अनिल कुमार, सहायक समाहर्ता शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अनिल राय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### साइबर अपराधियों ने दो अलग-अलग खातों से उड़ाया 47.2 हजार रुपए

**बेतिया।** पश्चिम चम्पारण जिला के बेतिया पुलिस अंतर्गत शिकारपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर निवासी एक किसान के दो अलग-अलग खातों से साइबर अपराधियों ने 47200 रुपए उड़ा लिए हैं। शिकारपुर थाना अध्यक्ष व प्रशिक्षु डीएसपी नवनीत कुमार ने बताया कि कांड दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।किसान के खाते से अवैध निकासी करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। पृथ्वी की मे शिकारपुर के सैदपुर निवासी पवन साह ने बताया है कि मेरे केनरा बैंक स्टेट बैंक के अलग-अलग दो हाथों से साइबर अपराधियों ने 10200, 37000 रुपए की अवैध निकासी कर ली गई है। जिसकी जानकारी मुझे मैसेज के माध्यम से मिली।मोबाइल पर मैसेज आया तबों ही मेरे द्वारा इसकी छानबीन की गई तो पता चला की साइबर अपराधियों ने मेरे खाते से पैसे उड़ा लिया है।

# भाजपा सरकार के 9 वर्ष की तबाही पर धरना-प्रदर्शन का आयोजन 15 को

अवधेश कुमार शर्मा




**बेतिया प च** : शहर के एक निजी सभागार में महागठबंधन के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक की गई। जिसमें भाजपा सरकार के 9 वर्ष की तबाही-बर्बादी के दर्श के विरुद्ध जातीय गणना, महंगाई, बेरोजगारी, संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग, किसानों की आय दुगुनी करने, उन्माद-उत्पात की राजनीति पर रोक, दलित-गरीबों की आवास एवं खाद्यान्न योजना बंद करने की साजिश के विरुद्ध 15 जून को सभी प्रखण्डों पर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान राजद, कांग्रेस, जदयू, भाकपा माले, भाकपा, माकपा के जिला अध्यक्षों और सचिवों के अतिरिक्त भारी संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भाकपा माले केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह सिकटा विधायक वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, मनरेगा सहित अन्य ग्रामीण विकास और कल्याणकारी योजनाओं के मद में लगातार कटौती कर रही है। भाजपा दलितों-पिछड़ों के आरक्षण में कटौती की साजिशें अनवरत जारी हैं। राजद जिला अध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी ने कहा कि महागठबंधन ने केंद्र सरकार से जाति आधारित सर्वे की मांग किया, जिसे उसने नकार दिया। केंद्र सरकार के इनकार के बाद बिहार सरकार ने अपनी पहल पर जाति सर्वे का काम प्रारम्भ किया। भाजपा को यह भी नागवार गुजरा और वह इसके खिलाफ हाथ धोकर पीछे पड़ गई। आखिर भाजपा जाति सर्वे से क्यों भाग रही है। जदयू जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा ने कहा कि मोदी सरकार किसानों की आय दुगुनी करने का वादा था, लेकिन मोदी सरकार किसानों को उनकी जमीन से बेदखल कर कॉरपोरेटों के हाथों में जमीन सौंप देने का कानून लेकर आई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष भारत भुषण दुबे ने कहा कि मोदी सरकार ने 2022 तक सभी गरीबों के लिए आवास उपलब्ध कराने का भी वादा किया, लेकिन उसने वादा तो पूरा नहीं ही किया, पलट उसके पूरा हो जाने का झूठा दावा कर रही है। जनवितरण प्रणाली और खाद्यान्न योजना को भी खत्म करने की साजिशें कर रही है।

माकपा जिला मंत्री चांदसी यादव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष दो करोड़ रोजगार का वादा भी पूरी तरह झूठ साबित हुआ।

## न्यूज फटाफट

### महाराष्ट्र फुटबाल अंडर-19 के लिए स्थानीय विद्यालयों के सात खिलाड़ियों का चयन



**कोल्हापुर :** मध्य प्रदेश के भोपाल में होने वाली राष्ट्रीय स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए शिवाजी पेठ महाराष्ट्र हाई स्कूल के कुल सात फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन राज्य स्कूल फुटबॉल टीम अंडर 19 के लिए किया गया है। शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि महाराष्ट्र हाई स्कूल से प्रति वर्ष एक या अधिक फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन किया जाता है, लेकिन इस साल सात छात्रों का चयन किया गया है। अंडर-19 टीम के लिए राज्य के जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है उनमं दर्शन पाटिल, यश जम्भाले, शाहिद महलकरी, अथर्व मोरे, प्रतीक बेडेकर, नीलकंठ चव्हाण और जयकुमार शामिल हैं।

### बैडमिंटन के फलक पर दस्तक दे रही यूपी की एक और खिलाड़ी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तनीषा को बैडमिंटन विरासत में अपने चाचा से मिला है। उनके प्रोत्साहन पर तनीषा के साथ उनके भाई व बहन ने भी प्रैक्टिस शुरू की थी और आज तनीषा बैडमिंटन के क्षितिज पर चमकने को तैयार है। प्रदेश की मेजबानी में पहली बार आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश 2022 में महिला बैडमिंटन में एडमस यूनिवर्सिटी की टीम से खेल रही तनीषा ने आज तीसरे स्थान के मुकाबले में अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। मैच में तनीषा ने पहले सिंगल्स में जीत हासिल की और फिर डबल्स मुकाबले में उनकी जीत के चलते एडमस यूनिवर्सिटी ने सावित्री बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी को 2-0 से मात देकर कांस्य पदक जीत लिया।

### पहलवानों के साथ बदसलूकी 'व्यथित' करने वाली, जल्द समाधान की उम्मीद : 1983 विश्व कप विजेता टीम

**नयी दिल्ली :** भारत को 1983 में विश्व चैंपियन बनाने वाली क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने शुक्रवार को कहा कि वे प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ मारपीट की तस्वीरों को देखकर व्यथित और व्याकुल हैं और उनकी समस्याओं के जल्द समाधान की उम्मीद कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 28 मई को प्रदर्शनकारी पहलवानों ने नवनिर्मित संसद भवन की ओर मार्च करने और वहां महिला महापंचायत आयोजित करने की योजना बनायी थी। दिल्ली पुलिस ने कथित रूप से उन पहलवानों के साथ मारपीट की और उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस ने जंतर-मंतर पर धरना स्थल को भी खाली करा दिया और साफ कर दिया कि बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक , विनेश फोगाट और अन्य पहलवानों को वापस नहीं जाने दिया जाएगा। पहलवान मंगलवार को अपना विरोध हरिद्वार ले गये जहां उन्होंने अपने पदक गंगा नदी में विसर्जित करने का प्रयास किया। किसान नेता नरेश टिकैत ने पहलवानों को रोककर उनसे पांच दिन का समय मांगा था। दिग्गज क्रिकेटरों ने एक संयुक्त बयान में पहलवानों से पदक न बहाने की भी अपील की। टीम ने बयान में कहा, ''हम अपने चैंपियन पहलवानों के साथ बदसलूकी के अशोभनीय दृश्यों से व्यथित और परेशान हैं। हम इस बात से भी सबसे ज्यादा चिंतित हैं कि वे अपनी मेहनत से कमाये हुए पदकों को गंगा नदी में बहाने की सोच रहे हैं। बयान में कहा गया, ''उन पदकों में वर्षों का प्रयास, बलिदान, दृढ़ संकल्प और धैर्य शामिल है और न केवल उनका बल्कि देश का गौरव और आनंद है। हम उनसे आग्रह करते हैं कि वे इस मामले में जल्दबाजी में कोई फैसला न लें और साथ ही उम्मीद करते हैं कि उनकी शिकायतों को सुना जाएगा और उनका जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

**संशय** सात जून को होने वाले बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबले की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है

# भारतीय गेंदबाजी आक्रमण आस्ट्रेलिया के लिये अब तक एक पहेली बनी हुई है

एजेंसियां



**लंदन :** आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के सात जून को होने वाले बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबले की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है मगर आस्ट्रेलिया के लिये भारत का गेंदबाजी आक्रमण अभी भी रहस्य बना हुआ है। कंगारू बल्लेबाज भारत के स्टार आलराउंडर रवींद्र जडेजा का सामना करने की तैयारी कर रहा है मगर हाल ही बॉर्डर गावस्कर ट्राफी में 25 विकेट चटकाने वाले अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के अंतिम एकादश में शामिल होने को लेकर संशय बना हुआ है। उधर, आस्ट्रेलियाई टीम सात जून की रोमांचक भिड़ंत से पहले भारत की तुलना में अधिक व्यवस्थित नजर आ रही है।

भारत ने उपमहाद्वीप पर हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान तीन स्पिनरों का उपयोग किया था। अश्विन (25 विकेट) और जडेजा (22 विकेट) शानदार लय में थे जिसकी बदौलत भारत ने श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की थी लेकिन जडेजा और अश्विन की जोड़ी 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपना प्रभाव नहीं डाल सकी थी। यह देखा जाना बाकी है कि इस बार इस जोड़ी को फिर से मौका दिया जाएगा या चयनकर्ता स्पिन की बदौलत रफ्तार को अधिक महत्व देंगे।

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज का रोहित शर्मा की तरफ से नई गेंद साझा करना लगभग तय है जबकि उमेश यादव और जयदेव उनादकट के साथ हरफनमौला शार्दुल ठाकुर भी टीम में है।

ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच डेनियल विटोरी ने गुरुवार को बेकेनहैम के केंट कंट्री क्रिकेट ग्राउंड में ऑस्ट्रेलिया के प्रशिक्षण सत्र से पहले स्थानीय मीडिया के साथ बात की और कहा कि प्रशिक्षण के दौरान इस बात पर काफी चर्चा हुयी है कि दक्षिण लंदन में किस तरह की इंडिया इलेवन मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा, '' मुझे लगता है कि जडेजा अपनी बल्लेबाजी के कारण खेलेंगे। वह छठे नंबर पर सफल रहे हैं। इंग्लैंड में अश्विन का रिकॉर्ड अच्छा है। दाएं हाथ के बल्लेबाज के पास सात मैचों में 28.11 की औसत से कुल 18 विकेट हैं लेकिन आश्चर्यजनक रूप से 36 वर्षीय गेंदबाज ने ओवल में केवल एक टेस्ट खेला है। 2014 में इंग्लैंड के खिलाफ अश्विन ने 72 रन पर तीन विकेट लिये थे। वर्तमान में भारत का दूसरा प्रमुख टेस्ट विकेट लेने वाला (474) है। विटोरी ने कहा, '' अश्विन एक अविश्वसनीय गेंदबाज हैं। वह ज्यादातर टीमों में पहली पसंद होंगे हालांकि उनके संयोजन के कारण यह (उनका चयन न होना) हो सकता है। हम उम्मीद करते हैं कि ओवल की पिच पहले जैसा व्यवहार करेगी। यह एक अच्छा विकेट है, लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है, यह स्पिनरों को बहुत कुछ दे सकता है।''

## पन्द्रह दिवसीय निःशुल्क रांची जिला ग्रीष्मकालीन बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर संपन्न

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित पन्द्रह दिवसीय निःशुल्क रांची जिला ग्रीष्मकालीन बालक -बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन लीची बागान प्रांगण, सेक्टर -2,धुर्वा,रांची में किया गया था।इस पन्द्रह दिवसीय निःशुल्क रांची जिला ग्रीष्मकालीन बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर में पूरे रांची जिले से लगभग अस्सी बालक -बालिकाओं को खो-खो खेल के कौशल को बारीकी से अभ्यास कराया गया। सर्वप्रथम सभी खिलाड़ियों को जेनरल वार्मअप के उपरांत , खेल से संबंधित स्पेसिफिक व्यायाम , इंडूरेनस टेस्ट ,रोड रंनिग एवं सूर्य नमस्कार के माध्यम से खिलाड़ियों के शरीर को फिटनेस के तहत लचीलापन , फुर्तीला बनाने पर ज्यादा जोर दिया गया। तत्पश्चात सभी खिलाड़ियों को प्रतिदिन अलग अलग कौशल ,बेसिक जानकारी एवं सीनियर, सबजूनियर, महिला खो-खो कोर्ट की विस्तृत जानकारी दी गई । प्रतिदिन सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार,नवनियुक्त प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षक पूनम एक्का, अनीता कुमारी, राजीव उरांव, जयंती एक्का, कुलदीप सोरेंग एवं दुर्गेश बेसरा ने पूर्ण रूप से सहयोग किया।

समापन समारोह के अवसर के मुख्य अतिथि रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष सह भारतीय जनता पार्टी की झारखंड प्रदेश महिला अध्यक्षा श्रीमती आरती कुजूर , विशिष्ट अतिथि बीजेपी रांची महानगर कला एवं खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। श्रीमती कुजूर ने अपने संबोधन में कहा कि बहुत जल्द सभी प्रशिक्षणार्थियों को जर्सी पेंट अन्य आवश्यक चीजें उपलब्ध कराने की बात कही। आगंतुकों का स्वागत एवं मंच का संचालन रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने किया। इस प्रशिक्षण शिविर के आधार पर नियमित अभ्यास हेतु 30-30 बालक-बालिका का चयन किया गया है, जो 5 जून से नियमित रूप से अभ्यास करेंगे। इस अवसर पर खो-खो खेल के वरीय खिलाड़ी सह राष्ट्रीय निर्णायक विजय पाल तिर्की , सुनील कुमार,भरत कुमार,सुभाष गांगुली एवं कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## खिलाड़ियों के साथ हुए दुर्व्यवहार पर छलका पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद का दर्द

एजेंसियां



**झांसी :** हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी और अर्जुन अवार्ड से सम्मानित पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद ने खिलाड़ियों के साथ हुए दुर्व्यवहार पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि यह जो कुछ हो रहा है, उससे खिलाड़ियों के सम्मान के साथ-साथ देश के सम्मान को भी ठेस लग रही है। दिल्ली के जंतर मंतर पर पिछले तीन महीनों से प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों के साथ पुलिस के दुर्व्यवहार पर हॉकी के जादूगर कहलाने वाले मेजर ध्यानचंद के बेटे और अपने शानदार खेल के बल पर हॉकी विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे अशोक ध्यानचंद ने आज 'यूनीवार्ता से खास बातचीत में कहा कि यह स्थिति न तो खिलाड़ियों और न ही देश, किसी के लिए भी ठीक नहीं है। इसको शायद हम नहीं समझ पा रहे हैं। यह बेहद गंभीर बात है और इस पर तुरंत कार्रवाई करने की आवशयकता है। उन्होंने कहा, ''जो उनके साथ हो रहा है ऐसा किसी भी खिलाड़ी के साथ हो सकता है। हम खुद को उनकी जगह रखकर यह बात कह रहे हैं। हम जिन लोगों और सरकारों पर निर्भर करते हैं उन्हें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि खिलाड़ी पानी और पत्थर की तरह होता है एक ओर जहां वह पत्थर के जैसा कठोर होता है तो दूसरी ओर पानी के जैसे मुलायम भी होता है। खिलाड़ियों ने अगर किसी बात को लेकर आपत्ति खड़ी की थी तो इस छोटी सी बात को काफी पहले ही अच्छी तरह से सुलझा लिया जाना चाहिए था। अगर ऐसा हो जाता तो आज स्थिति इतनी खराब न हुई होती जो हुआ वह बेहद दुखी और व्यथित करने वाला था।'' हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी और यश भारती पुरस्कार से सम्मानित अशोक ध्यानचंद ने कहा, ''मैं उनको अपने साथ जोड़कर उनका दुख महसूस कर रहा हूं। मैं सोच रहा था कि बात इतना तूल नहीं पकड़ेगी और सरकार मामले को अच्छी तरह से सुलझा लेगी।

## 15 जून को रिलीज होगी तमन्ना भाटिया की जी करदा



एजेंसियां

**मुंबई:** जानीमानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली फिल्म प्राइम वीडियो पर 15 जून को रिलीज होगी। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित जी करदा अरुणिमा शर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित है और हुसैन दलाल और अब्बास दलाल द्वारा सह-लिखित है। आठ एपिसोड के इस शो में आशिम गुलाटी, सुहैल नय्यर, अन्या सिंह, हुसैन दलाल, सायन बनर्जी, संवेदना सुवालका, सिमोन सिंह और मल्हार ठाकर की भी अहम भूमिका है। फिल्म जी करदा, बचपन के सात दोस्तों की एक दिलचस्प कहानी है, जिन्होंने सोचा था कि जब वे 30 साल के होंगे, तब उनकी जिंदगी बेहद आसान और सपनों-सी सुंदर होगी। हालांकि, 30 साल के होने पर उन्हें एहसास होता है कि उनकी जिंदगी तो परेशानियों से भरी है। वे साथ रहते हैं, प्यार करते हैं, हंसते हैं, गलतियां करते हैं, उनका दिल टूटता है, और वे थोड़े बड़े हो जाते हैं, लेकिन इस सब के बीच उन्हें लगता है कि गहरी दोस्ती और गहरे नाते भी अधूरे होते हैं और जिंदगी अबूझ पहेली की तरह है।

# भारतीय सिनेमा के पहले शो मैन थे राज कपूर

एजेंसियां



**मुंबई:** भारतीय सिनेमा में राजकपूर को पहले शो मैन के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने अपनी फिल्मों के जरिये दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनायी। 14 दिसंबर 1924 को पेशावर ..अब पाकिस्तान.. में जन्मे राजकपूर जब मैट्रिक की परीक्षा में एक विषय में फेल हो गये तब अपने पिता पृथ्वीराज कपूर से उन्होंने कहा ..मैं पढ़ना नही चाहता.. मैं फिल्मों में काम करना चाहता हूं ..मैं एक्टर बनना चाहता हूं . फिल्मे बनाना चाहता हूं ..राजकपूर की बात सुनकर पृथ्वीराज कपूर की आंख खुशी से चमक उठी। राजकपूर ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत बतौर बाल कलाकार वर्ष 1935 में प्रदर्शित फिल्म ..इंकलाब .. से की। बतौर अभिनेता वर्ष 1947 में प्रदर्शित फिल्म ..नीलकमल.. उनकी पहली फिल्म थी। राज कपूर का फिल्म नीलकमल में काम करने का किस्सा काफी दिलचस्प है। पृथ्वीराज कपूर ने अपने पुत्र राज को केदार शर्मा की यूनिट में क्लैपर ब्वॉय के रूप में काम करने की सलाह दी।फिल्म की शूटिंग के समय वह अक्सर आइने के पास चले जाते थे और अपने बालो में कंघी करने लगते थे। क्लैप देते समय इस कोशिश में रहते कि किसी तरह उनका भी चेहरा कैमरे के सामने आ जाये।एकबार फिल्म विषकन्या की शूटिंग के दौरान राजकपूर का चेहरा कैमरे के सामने आ गया और हड़बडाहट में चरित्र अभिनेता की दाढी क्लैप बोर्ड में उलझकर निकल गयी।बताया जाता है केदार शर्मा ने राजकपूर को अपने पास बुलाकर जोर का थप्पड लगाया।हालांकि केदार शर्मा को इसका अफसोस रात भर रहा।अगले दिन उन्होने अपनी नयी फिल्म नीलकमल के लिये राजकपूर को साइन कर लिया। राजकपूर फिल्मों मे अभिनय के साथ ही कुछ और भी करना चाहते थे। वर्ष 1948 में आर.के.फिल्मस की स्थापना कर ..आग ..का निर्माण किया। वर्ष 1952 में प्रदर्शित फिल्म ..आवारा ..राजकपूर के सिने कैरियर की अहम फिल्म साबित हुयी। फिल्म की सफलता ने राजकपूर को अंतराष्ट्रीय ख्याति दिलाई। फिल्म का शीर्षक गीत ..आवारा हूं या गर्दिश में आसमान का तारा हूं.. देश..विदेश में बहुत लोकप्रिय हुआ।राजकपूर के सिने कैरियर में उनकी जोडी अभिनेत्री नरगिस के साथ काफी पसंद की गयी। दोनों ने सबसे पहले वर्ष 1948 में प्रदर्शित फिल्म बरसात में नजर आयी। इसके बाद अंदाज.जान पहचान.आवारा. अनहोनी. आशियाना.अंबर .आह .धुन .पापी .श्री 420 .जागते रहो और चोरी चोरी जैसी कई फिल्मों में भी दोनों कलाकारों ने एक साथ काम किया। श्री 420 फिल्म में बारिश में एक छाते के नीचे फिल्माये गीत.प्यार हुआ इकरार हुआ में नरगिस और राजकपूर के प्रेम प्रसंग के अविस्मरणीय दृश्य को सिने दर्शक शायद ही कभी भूल पायें। राज कपूर ने अपनी बनायी फिल्मों के जरिए कई छुपी हुयी प्रतिभा को आगे बढ़ने का मौका दिया इनमे संगीतकार शंकर जयकिशन, गीतकार हसरत जयपुरी .शैलेन्द्र और पार्श्वगायक मुकेश जैसे बड़े नाम शामिल है।वर्ष 1949 में राजकपूर की निर्मित फिल्म .बरसात.के जरिये राजकपूर ने गीतकार के रूप में शैलेन्द्र .हसरत जयपुरी और संगीतकार के तौर पर शंकर जयकिशन ने अपने कैरियर की शुरूआत की थी। वर्ष 1970 में राजकपूर ने फिल्म ..मेरा नाम जोकर ..का निर्माण किया जो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह नकार दी गयी। अपनी फिल्ममेरा नाम जोकर की असफलता से राजकपूर को गहरा सदमा पहुंचा। उन्हें काफी आर्थिक क्षति भी हुयी। उन्होंने निश्चय किया कि भविष्य में यदि वह फिल्म का निर्माण करेगे तो मुख्य अभिनेता के रूप में काम नहीं करेगे। मुकेश को यदि राजकपूर की आवाज कहा जाये तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। मुकेश ने राजकपूर अभिनीत सभी फिल्मों में उनके लिये पार्श्वगायन किया। मुकेश की मौत के बाद राजकपूर ने कहा था ..लगता है मेरी आवाज ही चली गयी है.. राजकपूर को अपने सिने करियर में मानसम्मान खूब मिला।वर्ष 1971 में राजकपूर पदमभूषण पुरस्कार और वर्ष 1987 में हिंदी फिल्म जगत के सवोच्च सम्मान दादा साहब पाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किये गये।बतौर निर्देशक उन्हें चार बार पिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।वर्ष 1985 में राजकपूर निर्देशित अंतिम फिल्म .राम तेरी गंगा मैली प्रदर्शित हुयी।इसके बाद राजकपूर अपने महात्वाकांक्षी फिल्म ..हिना ..के निर्माण में व्यस्त हो गये लेकिन उनका सपना साकार नहीं हुआ और 02 जून 1988 को इस दुनिया को अलविदा कह गये।

## खलनायक का किरदार निभायेंगे पृथ्वीराज सुकुमार

एजेंसियां



**मुंबई:** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमार फिल्म बड़े मियां छोटो मियां में खलनायक का किरदार निभाते नजर आयेंगे। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं। इस फिल्म के अगले साल ईद पर रिलीज होने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का विलेन हीरो से भी ज्यादा मजबूत होगा।

बताया जा रहा है कि बड़े मियां छोटे मियां में पृथ्वीराज सुकुमार हीरो से भी ज्यादा मजबूत विलेन के किरदार में नजर आएंगे। पृथ्वीराज इस फिल्म में साइंटिस्ट का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और ड्रोन के साथ खेलते हुए दिखाई देंगा।

## प्रभास की फिल्म आदिपुरुष का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई :** दक्षिण भारतीय स्टार प्रभास की आने वाली फिल्म आदिपुरुष का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। ओम राउत के निर्देशन में बनी फिल्म 'आदिपुरुष' में प्रभास की मुख्य भूमिका है। आदिपुरूष का नया पोस्टर रिलीज हो गया है।निर्देशक ओप राउत ने ट्विटर पर आदिपुरुष से बजरंग बली का नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में बजरंगी विकराल रूप में कंधे पर गदा रखे दिखाई दे रहे हैं।इसे शेयर करते हुए ओम राउत ने कैप्शन में लिखा, 'हम हैं केसरी, क्या बराबरी।' फिल्म 'आदिपुरुष' 16 जून 2023 को रिलीज होगी।

## रजनीकांत की फिल्म जेलर की शूटिंग पूरी

एजेंसियां



**मुंबई:** दक्षिण भारतीय सिनेमा के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म जेलर की शूटिंग पूरी हो गयी है। फिल्म जेलर के निर्माता सन पिक्चर्स ने ट्विटर पर जेलर के रैप अप के जश्न की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में रजनीकांत, तमन्ना भाटिया और निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार के साथ केक काटते नजर आ रहे हैं। सन पिक्चर्स ने अपने आधिकारिक ट्विटर पेज पर लिखा, जेलर की शूटिंग खत्म! थिएटर पर 10 अगस्त को रिलीज होगी। फिल्म जेलर में रजनीकांत एक जेलर की भूमिका निभाते नजर आयेंगे। जेलर में रजनीकांत, तमन्ना भाटिया शिवराजकुमार, मोहनलाल, जैकी श्रॉफ और राम्या कृष्णन की अहम भूमिका है।

## प्रदेश >> अपडेट

### हिमाचल में बस पहाड़ी से टकराई,56 यात्री घायल

**शिमला :** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस शिमला के उपमंडल रोहड़ू के बरशील इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उसमें सवार 56 यात्री घायल हो गए। संजय गांधी ने बताया कि एचआरटीसी की एक बस आज सुबह लगभग सात बजे रोहड़ू के बरशील इलाके में चिरागों थाने के अंतर्गत आने वाली एक पहाड़ी से टकरा गई, जिसमें 56 यात्री घायल हो गए। बस में सवार 20 घायल यात्रियों को रोहड़ू अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त कांस्टेबल सेवा से बर्खास्त

**चित्तौड़गढ़ :** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में एक पुलिस कांस्टेबल को मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त पाये जाने पर राज्य सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने आज बताया कि जिला चित्तौड़गढ़ के 2015 बैच में कांस्टेबल पद पर भर्ती श्रीगंगानगर जिले के सोमासर थाना रजियासर निवासी हनुमान को तस्करों से मिलीभगत कर अफीम परिवहन करते श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ शहर थाने में गिरफ्तार होने से आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ। अपराध प्रमाणित पाए जाने से गुरुवार को राज्य सेवा से बर्खास्त किया गया है।

### फाजिल्का में ढाई किलो हेरोइन बरामद,दो गिरफ्तार

**जालंधर :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस ने एक संयुक्त तलाशी अभियान में फाजिल्का के सीमावर्ती गांव चकखेवा से दो किलो पांच सौ ग्राम हेरोइन बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को बीएसएफ को मिली एक विशेष सूचना के आधार पर बीएसएफ और सीआई जलालाबाद (पंजाब पुलिस) द्वारा ग्राम चकखेवा के कुछ घरों में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मिट्टी में दबकर एक महिला की मौत,चार घायल

**कौशांबी :** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में आज तालाब से मिट्टी खोदते समय टीला ढह जाने से मिट्टी में दबकर एक महिला की मृत्यु हो गई जबकि चार घायल हो गई । पुलिस उपाधीक्षक अवधेश विश्वकर्मा ने बताया कि कोखराज थानाक्षेत्र के पश्चिम कशिया पश्चिम गांव में यह हादसा हुआ। इस ही गांव की नत्थी देवी (40) अन्य कुछ महिलाओं के साथ घर की लिपाई पुताई के लिए पीली मिट्टी खोदने के लिए गई हुई थी। महिलाएं खोह में घुसकर मिट्टी खोद रही थी इस दौरान अचानक ऊपर से मिट्टी का टीला ढह गया जिसमें 5 महिलाएं दब गई। टीला ढहते ही मची चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा होकर मिट्टी को हटाकर महिलाओं को बाहर निकाला। इस दौरान नत्थी देवी की मृत्यु हो गई जबकि उसके साथ की 04 महिलाए घायल हो गई।

### विवाद को लेकर पति ने किया आत्महत्या

**भिण्ड :** मध्यप्रदेश के भिण्ड शहर में एक व्यक्ति ने पत्नी से विवाद के चलते अपने घर में फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि आर्यनगर निवासी अरविंद कुमार जैन (35) ने अपने कमरे में देर रात कल फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि अरविंद का पहली पत्नी से तलाक हो गया था। उसकी दूसरी शादी ग्वालियर निवासी मंजू नामक महिला से हुई थी। वह अरविंद पर ग्वालियर में साथ रहने का दबाव बना रही थी। जबकि अरविंद भिण्ड में ही रहना चाहता था। मंजू ने ग्वालियर महिला थाना में उसकी शिकायत भी दर्ज कराई थी। इसके चलते अरविंद ने यह कदम उठाया। अरविंद ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था।

---

**गुटबंदी** — दिल्ली के नये अध्यादेश के मुद्दे पर विपक्षी गोलबंदी जारी

# एमके स्टालिन का समर्थन भी मिला अरविंद केजरीवाल को

राष्ट्रीय खबर



**नयी दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से भेंटकर दिल्ली के नये अध्यादेश के मुद्दे पर उनका समर्थन हासिल कर लिया। राजनीति के जानकार मानते हैं कि इसके जरिए केजरीवाल ने कांग्रेस को तीसरा संदेश भेजा, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में नौकरशाहों के स्थानांतरण और पोस्टिंग पर उपराज्यपाल के नियंत्रण को बहाल करने के लिए केंद्र के प्रस्तावित कानून के खिलाफ समर्थन मांगा गया। कांग्रेस अब तक इस मुद्दे प? असमंजस की स्थिति में है क्योंकि दो राज्यों के कांग्रेसी नेता केजरीवाल को समर्थन नहीं देने की मांग कर चुके हैं।

श्री केजरीवाल, जो केंद्र के कदम को अदालत में चुनौती देने की योजना बना रहे हैं, राजनीतिक बैक-अप भी इकट्ठा कर रहे हैं।

वह पहले ही कांग्रेस के महाराष्ट्र सहयोगी उद्धव ठाकरे और अनुभवी नेता शरद पवार सहित कई प्रमुख विपक्षी नेताओं से मिल चुके हैं, आज दक्षिण में कांग्रेस के सहयोगी डीएमके प्रमुख और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मिले। बाद में प्रेस वार्ता में केजरीवाल ने अपना संदेश स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस को इसका समर्थन करना चाहिए। 2024 के चुनावों के लिए एक संयुक्त संयुक्त विपक्ष की बारीकियों पर निर्धारित बैठक में काम किया जा सकता है। केजरीवाल पहले ही कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मिलने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

इस बीच, उन्हें कांग्रेस की सहयोगी शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और शरद पवार का समर्थन प्राप्त है। आज श्री स्टालिन राज्यसभा में केंद्र के बिल को रोकने के लिए समर्थन का वादा करते हुए उनके गुट में शामिल हो गए। आप प्रमुख शुक्रवार को झारखंड में कांग्रेस के सहयोगी हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा, श्री केजरीवाल को बिहार के मुख्यमंत्री और विपक्षी वातार्कार नीतीश कुमार, उनके डिप्टी और राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख तेजस्वी यादव और वाम दलों का समर्थन भी प्राप्त है। श्री केजरीवाल के साथ नेताओं के बढ़ते बैंड कांग्रेस पर दबाव बढ़ा रहे हैं, जो वैचारिक मुद्दों और चुनावी मजबूरियों के बीच फंसी हुई है। शरद पवार ने केजरीवाल से मुलाकात के बाद कहा था, मेरी सोच है कि अरविंद को गैर-बीजेपी दलों से बात करके समर्थन मिलना चाहिए, चाहे वह कांग्रेस हो या बीजेडी, यह बहस का समय नहीं है। लोकतंत्र को बचाना है। सीपीएम ने अपने मुखपत्र पीपुल्स डेमोक्रेसी के माध्यम से एक मजबूत संदेश दिया था।अगर आप को राज्यसभा में सरकार से लड़ने की कोई उम्मीद है तो कांग्रेस को साथ लाना जरूरी है। ऊपरी सदन में कांग्रेस के 31 सांसद हैं जो विपक्षी दलों में सबसे बड़े हैं।

## जम्मू-कश्मीर में हल्की वर्षा के आसार: मौसम विभाग



एजेंसियां

**श्रीनगर :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अगले 24 घंटे के दौरान कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने और यहां आमतौर पर बादल छाए रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में शुक्रवार को दोपहर या दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ एक-दो स्थानों पर मध्यम वर्षा का अनुमान है। इसके अलावा, यहां 3-4 जून को दोपहर बाद कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा या गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। मुख्यतः यहां का मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि पांच से 10 जून तक हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में 10 जून तक भारी बारिश के कोई अनुमान नहीं हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान, जम्मू-कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में रुक-रुक कर वर्षा हुई है, जिससे तापमान में काफी गिरावट आई है।

## बदरीनाथ,हेमकुंड यात्रा में यात्रियों की संख्या बढ़ी



एजेंसियां

**चमोली :** विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब यात्रा पथ पर हर पल बदलते मौसम के बीच यात्रा जारी है। तीर्थस्थान के लिए श्रद्धालुओं का कारवां हर दिन बढ़ रहा है। शुक्रवार को बदरीनाथ, हेमकुंड में बादल छाये रहे। बदरीनाथ में ऊंची चोटियों की तरफ कोहरा और हल्की बारिश हुई । बारिश के बाद नर-नारायण पर्वत के शीर्ष तथा नीलकंठ पर्वत तलहटी तक बर्फ जमी हुई है। बदरीनाथ में बड़ी संख्या में तीर्थयात्री दर्शन को पहुंच रहे हैं। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने शुक्रवार को बताया कि बदरीनाथ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की कुल संख्या 5.75 लाख के करीब पहुंच गयी है। इसके अलावा गोविन्द घाट गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बताया हेमकुंड यात्रा के लिए अभी तक 21 हजार से अधिक यात्री पहुंच चुके हैं। यात्रा सुचारू रूप से जारी है। बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब यात्रा में अभी तक अलग-अलग कारणों से मरने वाले यात्रियों की संख्या 10 हो गई है। ऐसा अनुमान जताया गया है कि हृदयाघात और उच्च हिमालय में सांस लेने में परेशानी आदि के कारणों से इन यात्रियों की मृत्यु हुई हो। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक बद्रीनाथ में सात और हेमकुंड यात्रा में तीन यात्रियों की मृत्यु हुई है ।

## उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है: पटेल



एजेंसियां

**उज्जैन :** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज कहा कि महिलाओं ने उद्यमिता के क्षेत्र में जो मेहनत की है, इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। पटेल आज यहां भारतीय उद्यमिता संस्थान एवं राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित एक दिवसीय जागरूकता शिविर में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति की पहचान संकल्प और शक्ति है। वह लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिश्रम कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास के मामले में पांच उद्यमियों में से एक उद्यमी महिला उभरकर सामने आ रही है। महिलाओं के आर्थिक विकास के मामले में स्व-सहायता समूह ने उल्लेखनीय कार्य किया है। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं ने न केवल परिवार बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में योगदान दिया है। स्व-सहायता ग्रुप में जो बेटियां व बहने आगे बढ़ रही हैं वह पारिवारिक जिम्मेदारी का निर्वहन भी कर रही है। केंद्र शासन द्वारा मुद्रा एवं स्टार्टअप योजनाओं से महिलाओं के विकास के नए आयाम खोल दिए हैं। केंद्रीय बाल महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री मुंजपारा महेंद्रभाई ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के विकास का एजेंडा लेकर चल रही है। उनके सशक्तिकरण के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आज आवशयकता है ऐसा इकोसिस्टम विकसित करने की जिससे महिला उद्यमियों की कैपेसिटी बिल्डिंग की जा सके।

## केंद्र सरकार ने पूरी भव्यता के साथ मनाया तेलंगाना स्थापना दिवस



एजेंसियां

**हैदराबाद :** केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने शुक्रवार को हैदराबाद के गोलकुंडा किले में पूरी भव्यता के साथ तेलंगाना का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उसके बाद तेलंगाना में वर्तमान स्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि तेलंगाना एक ही परिवार के हाथों में है और राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में भ्रष्टाचार व्याप्त हो चुका है। रेड्डी ने आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता पर बल दिया और राज्य में प्रचलित भूमि, शराब और ठेका माफियाओं की आलोचना की। इसके अलावा,रेड्डी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने भूमि हड़पने के उद्देश्य से 111 जीवीओ को रद्द कर दिया और राज्य कर्ज के बोझ से दब गया है। उन्होंने तेलंगाना के गठन के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्या यह केवल कर्ज का बोझ लादने के लिए किया गया था और राज्य सरकार पर हजारों करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में राज्य सरकार की विफलता की भी आलोचना की और केजी से पीजी तथा आदिवासी आरक्षण पर प्रगति में कमी पर सवाल उठाया। केंद्रीय मंत्री ने बकाया बिलों के कारण सरपंचों द्वारा की गई आत्महत्या, गरीबों के लिए आवास की कमी लेकिन फार्महाउसों में वृद्धि, मौजूदा अस्पतालों की तालाबंदी और राज्य गठन के आंदोलन से बाहर रहे लोगों के प्रति पक्षपात जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला।

**बारूदी सुरंग** — गृहयुद्ध से भागे लोगों की वापसी के बाद नया खतरा सामने आया

## दशकों बाद भी दक्षिण सूडान में बारूदी सुरंग का खतरा

राष्ट्रीय खबर



**मैगवी:** आठ साल पहले दक्षिण सूडान के गृहयुद्ध से भागकर पहली बार जैकब वानी अपने जीवन के पुनर्निर्माण के लिए उत्साहित होकर घर लौटे। जब 45 वर्षीय किसान ने पूर्वी इक्वेटोरिया राज्य के मैगवी काउंटी में अपनी भूमि का उपयोग करने की कोशिश की, तो उसे रोक दिया गया। उसने पता चला कि उसकी जमीन पर भी लैंड माइन बिछे हुए हैं। खेत से कुछ मील दूर मोली गांव में अपनी दुकान पर खड़े वानी ने कहा, मेरा इलाका खतरनाक है। मेरे पास इस जगह पर पुनर्निर्माण करने की क्षमता नहीं है और मुझे विस्फोटकों से भी डर लगता है। अगर मैं जाता हूं, तो शायद कुछ मुझे चोट पहुंचा सकता है।2018 में पांच साल के गृहयुद्ध को समाप्त करने के लिए शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद दक्षिण सूडान देश में वापस आ गया, जिसमें लगभग 400,000 लोग मारे गए और लाखों लोग विस्थापित हुए, कई दशकों के संघर्ष से बचे हुए खानों से प्रभावित क्षेत्रों में लौट रहे हैं। यूएन माइन एक्शन सर्विस (यूएनएमएएस) के मुताबिक, 2004 के बाद से 5,000 से अधिक दक्षिण सूडानी लैंड माइंस और अनएक्सप्लोडेड ऑर्डिनेंस से मारे गए या घायल हुए हैं।

दक्षिण सूडान 2026 तक देश में सभी एंटी-कार्मिक माइनफील्ड्स और क्लस्टर युद्ध सामग्री को साफ करने की कोशिश कर रहा है। लगभग दो दशकों में 84 मिलियन वर्ग मीटर से अधिक क्लस्टर युद्ध सामग्री और खदानों को साफ किया गया है। विशेषज्ञों को संदेह है कि समय सीमा पूरी हो जाएगी क्योंकि देश भर में हर रोज ऐसे हथियार मिल रहे हैं। पश्चिमी बहर एल गजल राज्य के एक सुदूर गाँव में गलती से ग्रेनेड से खेलने के बाद मार्च में दस लोग मारे गए थे। दक्षिण सूडान नेशनल माइंस एक्शन के चेयरपर्सन जर्कच बरच जर्कच ने कहा। उन्होंने कहा कि धन की कमी, निरंतर असुरक्षा और बरसात के मौसम में बाढ़ के कारण भी प्रयास जटिल हैं। लेकिन यह तय है कि जमीन के अंदर अब भी बहुत सारे बारूदी सुरंग गड़े हुए हैं।

पूर्वी इक्वेटोरिया राज्य, युगांडा की सीमा के साथ, दक्षिण सूडान का सबसे ज्यादा खतरनाक क्षेत्र है, जो 2011 में स्वतंत्रता प्राप्त करने से पहले उत्तरी सूडान के साथ युद्धों से प्रभावित था, युगांडा के कुख्यात सरदार जोसेफ कोनी और दक्षिण सूडान के गृह युद्ध के नेतृत्व में लॉर्ड्स रेजिस्टेंस आर्मी से लड़ रहा था। युगांडा में शरणार्थी शिविरों में उनके भोजन के राशन में 50 प्रतिशत की कटौती की गई थी, जिसने उन्हें इस उम्मीद में वापस आने के लिए प्रेरित किया कि वे खेती करने में सक्षम होंगे। लेकिन लोग कम भोजन, आश्रय या खुले स्कूलों के साथ संघर्ष-ग्रस्त गांवों के अवशेषों की ओर लौट रहे हैं, जिनमें से सभी खेतों की यही हालत है, जहां पैर रखना जोखिम का काम है। सहायता समूह एमएजी द्वारा मई में एक क्लस्टर युद्ध सामग्री साइट में निकासी के दौरान, माइन निकासी पर ध्यान केंद्रित करते हुए, एक सप्ताह से भी कम समय में 16 बिना विस्फोट वाली सामग्री पाई गई। स्थानीय लोगों को भी मुख्य सड़कों से कुछ मील की दूरी पर डिवाइस मिल रहे हैं।

---

## न्यूज फटाफट

### मैक्सिको में मानव अवशेषों के 45 बैग मिले

**मैक्सिको सिटी :** पश्चिमी मेक्सिकन प्रांत जलिस्को में पिछले सप्ताह लापता हुए सात युवा कर्मियों की तलाश के दौरान पुलिस अधिकारियों ने मानव शरीर के अंगों के साथ कम से कम 45 बैग बरामद किए गए हैं। मेक्सिको अधिकारियों को मानव अवशेषों से भरे सभी 45 बैग ग्वाडलजारा शहर के बाहरी इलाके के पास एक घाटी मिले हैं। राज्य अभियोजक के कार्यालय ने एक बयान में कहा, मानव अवशेषों के साथ बैग निकाले गए हैं जो पुरुष और महिला दोनों हैं।

### अफगानिस्तान में आईएस के दो आतंकवादी मारे गये

**काबुल :** अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों ने पूर्वी नांगरहार प्रांत में आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के एक ठिकाने पर छापेमारी के दौरान दो लोगों को मार गिराया। अफगानिस्तान की बख्तार समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने अज्ञात स्थानीय स्रोतों के हवाले से बताया कि देश की काउंटर-इंटेलिजेंस एजेंसी के कर्मियों ने गुरुवार रात वाच टांगी इलाके में आईएस के सशस्त्र समूह के ठिकाने पर धावा बोल दिया, इस दौरान संगठन के एक कमांडर सहित दो आतंकवादियों की मौत हो गयी। अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने युद्धग्रस्त इस एशियाई देश में सशस्त्र विरोधियों को नेस्तनाबूद करने की कसम खाते हुए प्रतिद्वंद्वी आईएस संगठन को गंभीर खतरा करार दिया है। अफगान सुरक्षा बलों ने पिछले चार महीनों में राजधानी काबुल, उत्तरी मजार-ए-शरीफ शहर और पूर्वी नंगरहार प्रांत में अभियानों में 12 से अधिक आईएस लड़ाकों को मार गिराया है।

### यूक्रेनी पायलटों को प्रशिक्षित करने के लिए फ्रांस तैयार

**चिशिनाउ:** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि यूक्रेन के पायलटों को प्रशिक्षण देने के लिए फ्रांस एक तंत्र लागू करने को तैयार है। मैक्रों ने कहा कि उन्होंने गुरुवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की और रूस के साथ युद्ध में उनके देश का समर्थन जारी रखने के फ्रांस के इरादे से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि फ्रांस विशेष रूप से हथियारों की आपूर्ति और देश की वायु रक्षा प्रणाली को मजबूती प्रदान करने में मदद करेगा। उन्होंने चिशिनाउ में यूरोपीय राजनीतिक समुदाय शिखर सम्मेलन से इतर एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने इस बात की भी पुष्टि की कि हम यूक्रेन वायु सेना की आवशयकताओं को पूरा करने के लिए यूक्रेन के लड़ाकू पायलटों को प्रशिक्षण देने वाला एक तंत्र लागू करने को तैयार हैं।

### सेनेगल में विपक्ष के नेता को सजा मिलने के बाद हुई हिंसा में नौ लोगों की मौत

**डाकार :** सेनेगल के विपक्षी नेता ओस्मान सोंको को युवाओं को भ्रष्ट करने के मामले में दोषी पाये जाने पर दो वर्ष जेल की सजा सुनाये जाने के बाद देश में भड़की हिंसा में नौ लोगों की मौत हो गई। सेनेगल के आंतरिक मंत्री एंटोनी फेलिक्स डियोम ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। डियोम ने सेनेगो प्रसारक पर अपने संबोधन में कुछ मोबाइल एप्लिकेशन और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की भी घोषणा की और कहा कि इससे नफरत फैलाने वाले भाषणों एवं विरोध प्रदर्शनों के प्रसार को रोका जा सकेगा। इन भाषणों और प्रदर्शनों के कारण देश का तनावपूर्ण माहौल और ज्यादा खराब हो सकता है। सेनेगल की राजधानी डाकार की एक अदालत ने गुरुवार को सोंको को युवाओं को भ्रष्ट बनाने का दोषी ठहराया था। विपक्ष के नेता के खिलाफ एक ब्यूटी सैलून के पूर्व कर्मचारी ने शिकायत दर्ज की थी, जहां वह मालिश कराने जाते थे। सोंको को हालांकि बलात्कार और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों से बरी कर दिया गया।

### अमेरिका में सड़क हादसे में भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत

**न्यूयॉर्क :** अमेरिका में ओहायो राज्य के रोन काउंटी में एक वाहन के पेड़ से टकरा जाने के कारण उसमें सवार भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गयी। ओहियो स्टेट हाईवे पेट्रोल नॉरवॉक पोस्ट ने बताया कि भारतीय मूल के मिलन हितेशभाई पटेल (30) की इजिप्ट रोड के उत्तर में रूट 61 पर 30 मई को स्थानीय समयानुसार तड़के 04:39 बजे एक कार दुर्घटना में मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि मिलन एक सफेद 2014 टोयोटा कैमरी चला रहे थे। वह सड़क के दायीं ओर कार चला रहे थे, तभी उनका वाहन ट्रैफिक साइन और पेड़ से टकरा गया। उन्होंने सुरक्षा बेल्ट नहीं पहनी हुई थी और वाहन में फंसने के कारण उनकी मौत हो गयी। पुलिस यह पता लगाने के लिए मामले की जांच कर रही है कि मिलन शराब या मादक पदार्थ के प्रभाव में गाड़ी तो चला रहे थे या नहीं।

### पाकिस्तान: पीटीआई अध्यक्ष परवेज इलाही को किया गिरफ्तार

**लाहौर :** इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष चौधरी परवेज इलाही को गुरुवार को भ्रष्टाचार के मामले में लाहौर स्थित उनके आवास के बाहर से गिरफ्तार किया गया है। पंजाब के कार्यवाहक सूचना मंत्री आमिर मीर ने श्री इलाही की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए जियो न्यूज से कहा कि उनको भ्रष्टाचार निरोधक प्रतिष्ठान (एसीई) ने पुलिस की सहायता से उनके जहूर इलाही रोड स्थित आवास के बाहर गिरफ्तार किया गया है।

### बंगलादेश के वित्त मंत्री ने 7.61 लाख करोड़ टका का बजट पेश किया

**ढाका:** बंगलादेश के वित्त मंत्री ए.एच.एम. मुस्तफा कमाल ने जातीय संगसाद (संसद) में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7,61,785 करोड़ रुपये के प्रस्तावित राष्ट्रीय बजट पेश किया। वित्त मंत्री कमाल ने गुरुवार दोपहर देश का बजट पेश किया। यह उनका पांचवां और बंगालदेश के स्वतंत्रता के बाद 52वां बजट है तथा अवामी लीग के अपने तीन कार्यकालों में यह 15वां बजट है। इससे पहले संसद में मत्रिमंडल की बैठक में प्रधानमंत्री शेख हसीना की अध्यक्षता में प्रस्तावित बजट को मंजूरी दी गई थी। यह बजट वर्तमान संशोधित बजट से 1,01,278 करोड़ रुपये अधिक है। इसमें मुख्य तौर से मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और ऊंची सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि की गति को बनाए रखने का मुख्य उद्देशय है। वित्त मंत्री ने अपने बजट में कुछ उत्पादों और सेवाओं शुल्क या वैट बढ़ाने और कुछ में घटाने का प्रस्ताव दिया है। जिससे उत्पाद और सेवाओं में कुछ कीमतें बढ़ सकती हैं या फिर कुछ अन्य सस्ती हो सकती हैं।

## आज का इतिहास

- 1901: ज्ञानपीठ पुरस्कार के प्रथम विजेता महाकवि जी शंकर कुरूप का जन्म।
- 1915: ब्रिटिश सरकार ने रविंद्रनाथ टैगोर को नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित किया।
- 1924: तमिलनाडु के पांच बार मुख्यमंत्री रहे एम करुणानिधि का जन्म।
- 1930: भारत में ऐतिहासिक रेल हड़ताल कराने वाले और पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडीस का जन्म।
- 1943: संयुक्त राष्ट्र संघ ने राहत और पुनर्वास प्रशासन की स्थापना की।
- 1947: ब्रिटिश राज में भारत के आखिरी वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने भारत के बंटवारे का ऐलान किया।
- 1974: बिहार के मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनाना कृष्ण बल्लभ सहाय का निधन।
- 1985: भारत सरकार ने सप्ताह में पांच दिन का कार्य दिवस शुरू किया।
- 1999: होवरक्राफ्ट विमानों के आविष्कारक क्रिसटोफर काकरैल का निधन।
- 2004: केन फोर्ड 2004 में नासा के अंतरिक्ष खोज पैनल के नेतृत्वकर्ता बने।
- 2005: फ्रांस ने सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन दोहराया।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2 | रांची शनिवार | 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
3:06:2023


## मारा गया 15 लाख का इनामी नक्सली

रांची: झारखंड के गुमला जिले में नक्सली और सुरक्षाबालों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में 15 लाख का इनामी नक्सली लाजिम अंसारी मारा गया है। यह घटना गुमला जिले के रायडीह थाना क्षेत्र के जंगल की है। इस मुठभेड़ में दोनों ओर से कई राउंड गोली चली है।

**स्थायीकरण** सभी विभागों को चिट्ठी भेज मांगी गई लिस्ट

# आउटसोर्सिंग कर्मियों को स्थायी करने में जुटी हेमंत सरकार

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** लंबे समय से आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से झारखंड सरकार में कार्यरत कर्मियों के दिन बदलने वाले हैं। राज्य सरकार ने ऐसे कर्मचारियों को स्थायी करने की दिशा में तैयारी शुरू कर दी है। सरकार के इस पहल पर वित्त विभाग ने सभी विभागों से ऐसे कार्यरत कर्मियों की लिस्ट मांगी है, जो लंबे समय से कार्यरत हैं। इसके अलावा विभाग से आवश्यकता अनुरूप अतिरिक्त कर्मियों की भी जानकारी मांगी गई है, जिसे आनेवाले समय में भरा जा सके।सरकार की मंशा है कि यदि किसी विभाग में आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों की संख्या आवश्यकता से ज्यादा है तो उन्हें वैसे विभाग में स्थानांतरित कर दिया जाए, जहां आवश्यकता अनुरूप कर्मचारियों की संख्या कम है। सरकार के इस कदम का लाभ आशुलिपिक, कंप्यूटर ऑपरेटर, चालक, आदेशपाल और गृहरक्षक जैसे आउटसोर्सिंग पर कार्यरत लोगों को होगा। वित्त विभाग ने इस संबंध में सभी विभागों को चिट्ठी भेजी है। झारखंड सरकार के सचिवालय से लेकर प्रखंड कार्यालय में आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों की संख्या एक लाख से अधिक है। वित्त विभाग के पत्र के संबंध में योजना और विकास विभाग द्वारा तैयार आंकड़ों में 25 कर्मी इस विभाग में आउटसोर्सिंग पर हैं। इसी तरह सरकार के अन्य विभाग, जिला उपायुक्त कार्यालय और प्रखंड कार्यालय में कर्मी कार्यरत हैं।झारखंड अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री मृत्युंजय कुमार झा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा है कि इससे लंबे समय से कम मानदेय पर कार्यरत कर्मचारियों की मांग पूरी हो जायेगी। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट का भी फैसला पहले ही आ चुका है, जिसे देखते हुए सरकार की यह पहल स्वागत योग्य है। बहरहाल, सरकार के इस पहल से जहां आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों की उम्मीदें बढ़ गई है, वहीं विभागीय स्तर पर लिस्ट तैयार करने का काम तेजी से चल रहा है।

## रांची में दिनदहाड़े 3.50 लाख की लूट, बाइक से गिरने के बाद भी फरार हुए अपराधी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। बाइक सवार दो अपराधियों ने एक बैंक से पैसा निकाल कर दूसरे बैंक में जमा करने जा रहे मोहम्मद महमूद नाम के व्यक्ति से 3.50 लाख रुपये लूट लिए। लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद जब अपराधी मौके से फरार हो रहे थे तो कुछ ही दूरी पर उनकी बाइक हादसे का शिकार हो गई, जिसके बाद दोनों अपराधी बाइक को मौके पर ही छोड़कर पैदल ही फरार हो गए।मिली जानकारी के अनुसार लूट की वारदात को लोअर बाजार थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा और कश्मीर वस्त्रालय के बीच भीड़ भाड़ वाले इलाके में अंजाम दिया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। मौके से पुलिस ने अपराधियों की बाइक को भी जब्त कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज में अपराधियों के भागने की तस्वीर कैद हुई है जिसके आधार पर पुलिस उनकी पहचान कर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।सूचना के अनुसार दोनों अपराधी पैसे निकालने वाले व्यक्ति का बैंक से ही रेकी कर रहे थे। इस बीच जैसे ही उन्हें मौका मिला उन्होंने पैसे लूट लिए। पुलिस को दिए अपने आवेदन में मोहम्मद महबूब ने बताया है कि वह बुधवार को एचडीएफसी बैंक के सर्जना चौक ब्रांच 3.50 लाख रुपए निकालकर अपनी बाइक से उस पैसे को बैंक ऑफ बड़ौदा में जमा करने जा रहे थे। इसी दौरान दो अपराधियों ने उनसे पैसों भरा बैग लूट लिया और भाग गए।चुकी जिस स्थान पर अपराधियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया वह रांची का काफी भीड़भाड़ वाला इलाका है। ऐसे में जब लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार होने लगे तो स्थानीय लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। भागने के चक्कर में ही दोनों अपराधी बाइक से गिर गए, जिसके बाद दोनों ने अपने बाइक वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस जांच कर रही है कि कहीं बाइक चोरी की तो नहीं है।

## पीएलएफआई के चार नक्सलियों को हथियार के साथ किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** खूंटी पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के चार नक्सलियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू, बाहन गोप उर्फ नन्द कुमार महतो, नितेश गोप और मिथिलेश गोप शामिल हैं। इन नक्सलियो के पास से पुलिस ने 1। 765` का एक पिस्टल, 315 बोर का देशी एक कट्टा, 7.65 का जिंदा तीन कारतूस, 315 बोर का जिंदा दो कारतूस, 5।56 का जिंदा आठ कारतूस, 4 मोबाईल फोन,पीएलएफआई का दो पर्चा और कार बरामद किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई जरियागढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत रेगडे जंगल में की, जहां प्रतिबंधित पीएलएफआई संगठन के नक्सली एकत्रित होकर किसी उग्रवादी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।इस मम्मले कि जानकारी मिलने कर एसपी के निदेर्शानुसार संयुक्त अभियान दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए रेगड़े जंगल एवं आसपास के इलाके में छापेमारी कर कुल चार सक्रिय सदस्यों को लोडेड पिस्टल, लोडेड देशी कट्टा, जिन्दा गोली एवं पीएलएफआई का पर्चा चंदा रसीद के साथ गिरफ्तार किया गया। इस दौरान कई अन्य लोग जंगल झाड़ी का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।इस संबंध में एसपी अमन कुमार ने बताया कि इलाके के बड़े कमाण्डरों के पकड़े और मारे जाने के बाद अपनी गिरफ्तारी से पूर्व पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप ने गिरफ्तार अभियुक्त प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू को इलाके का एरिया कमाण्डर नियुक्त किया था। लेवी वसूलने और संगठन का प्रभाव बढाने के उद्देश्य से पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के इशारे पर इनके द्वारा ही अन्य सदस्यों के साथ मिलकर विगत 19 मई 2023 की रात्रि में तोरपा थाना अन्तर्गत कोटेंगसेरा गाँव के पास जेसीबी में आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था।

### रिम्स और एमिटी यूनिवर्सिटी के बीच हुआ एमओयू

**रांची :** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड और राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) में सहयोगी शिक्षा कार्यक्रम, क्षमता निर्माण और संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं को विकसित करने के लिए एक एमओयू किया गया है। यह समझौता शैक्षणिक, अनुसंधान और प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए छात्रों के आदान-प्रदान का मार्ग प्रशस्त करेगा। झारखंड में एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ क्लिनिकल साइकोलॉजी (एआईसीपी) के छात्र रिम्स के मनोचिकित्सक की देखरेख में मामलों के मूल्यांकन और उपचार में सहायता करेंगे। छात्रों को कार्यक्रम पूरा करने के लिए आवश्यक सभी उपचारों और बुनियादी ढांचे से अवगत कराया जाएगा। विश्वविद्यालय के अनुरोध पर रिम्स एमिटी विश्वविद्यालय के प्रशिक्षुओं को उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्रों में अल्पकालिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

## विस्थापित करने से पहले पुनर्वास करे सरकार

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट विस्थापित मोरचा के तत्वावधान में शुक्रवार को एयरपोर्ट के पास हेथू गांव में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कहा गया कि रांची एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए सरकार जमीन ले रही है। लोगों ने कहा कि हम विकास के लिए जमीन दे रहे हैं पर हमें उजाड़ने से पहले हमारा पुनर्वास किया किया जाये।बैठक में विधायक नवीन जायसवाल और पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव भी उपस्थित थे। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि ग्रामवासियों की मांग जायज है और वे उनकी बातों को विधानसभा में सरकार के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो वे सड़क पर उतर कर आंदोलन में भी साथ देंगे। ग्रामीणों को अजयनाथ शाहदेव और केंद्रीय सरना समिति के अजय तिर्की ने भी संबोधित किया।ग्रामीणों ने बताया कि अभी जो वर्तमान एयरपोर्ट है उसे सबसे पहले द्वितीय विश्वयुद्ध के समय अधिग्रहित किया गया था। इसके बाद विस्तार के नाम पर 1963 में और जमीन अधिग्रहित की गयी। अब एक बार फिर से विस्तारीकरण के नाम पर करीब 366 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जा रही है। इससे हेथू, हुंडरू, कुचेटोली और चंदाघासी मौजा के लगभग 400 परिवार प्रभावित होंगे।ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की ओर से कुछ लोगों को मुआवजा मिला है और कई लोगों को अभी भी मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है। उन्हें मुआवजा का भुगतान किया जाये और साथ ही आसपास के इलाके में ही विस्थापित लोगों का पुनर्वास भी किया जाये। ग्रामीणों की यह भी मांग है कि उनके धार्मिक महत्व की जमीन जैसे सरना, मसना आदि का भी पुनर्वास किया जाये। बैठक में मोरचा के अध्यक्ष अजीत उरांव, सचिव प्रकाश टोप्पो, सुरेश गोप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### सीएमपीडीआई में वेबिनार का आयोजन

**रांची :** कोयला मंत्रालय के निदेर्शानुसार सीएमपीडीआई के तत्वावधान में शुक्रवार को कोयला खनन क्षेत्र में ह्यअनुसंधान एवं विकास पर हैकथॉन के प्रस्तावों को लेकर वेबिनार का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक (एसएंडटी) अमर कांत मिश्रा ने हैकथॉन एवं चिन्हित क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी। इस वेबिनार में आईआईटी खड़गपुर, एनआईटी राउरकेला, मॉड्यूलर माइनिंग, टेक्समिन, गरूड़ जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के 250 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। हैकथॉन के माध्यम से चिन्हित प्रस्ताव 12 जून से 12 अगस्त के बीच जमा किया जा सकता है। वेबिनार में सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, आनंदजी प्रसाद, सीएमपीडीआई के निदेशकअजय कुमार, महाप्रबंधक संजय कुमार दुबे तथा सीएमपीडीआई, कोल इंडिया एवं इसके अनुषंगी कम्पनियों के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

## एकसदस्यीय जांच आयोग ने बाबूलाल मरांडी और सीएम के पूर्व प्रधान सचिव को भेजा नोटिस

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**आईएएस राजीव अरुण एक्का के वायरल वीडियो की जांच कर रही एकसदस्यीय जांच आयोग ने वीडियो की जानकारी रखने वालों से सबूत मांगा है। आयोग की तरफ से पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और सीएम के पूर्व प्रधान सचिव आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का को नोटिस भेजा गया है। भेजे गए नोटिस में बाबूलाल से कहा गया है कि उनके पास वीडियो से संबंधित जो भी साक्ष्य हैं, वो जांच आयोग को उपलब्ध कराएं। वहीं आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का से कहा गया है कि वायरल वीडियो के बारे में वो जो भी जानते हैं उसे आयोग के सामने 15 जून तक रखें।जांच आयोग की ओर से नोटिस भेजे जाने के बाद अब देखने वाली बात यह होगी कि बाबूलाल मरांडी आयोग के समक्ष अपने सबूतों के साथ पेश होते हैं या नहीं। क्योंकि यह आयोग सरकार की तरफ से बनाया गया है और बाबूलाल मरांडी बीजेपी की तरफ से नेता प्रतिपक्ष की रोल में है। आयोग की तरफ से भेजे गए नोटिस के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। बताते चलें कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने ही एक प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को यह वीडियो दिखाया व उपलब्ध कराया था। इसके बाद आईएएस अधिकारी राजीव अरूण एक्का के खिलाफ सरकार ने कार्रवाई करते हुए उन्हें सीएम के प्रधान सचिव और गृह सचिव के पद के पद से हटा दिया था।एक सदस्यीय आयोग बनाने की सूचना कार्मिक विभाग की तरफ से पिछले महीने जारी की गयी थी। लेकिन जांच किसके खिलाफ करनी है, वो अधिसूचना में लिखा हुआ ही नहीं था।

## विद्युत नियामक आयोग का आदेश, बिजली नहीं मिलने पर उपभोक्ताओं को क्षतिपूर्ति लेने का है अधिकार

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड में भले ही बिजली की दरों में वृद्धि की गई हो, मगर झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड पर शिकंजा कस दिया है। आयोग ने उपभोक्ताओं को यह अधिकार दिया है कि यदि एलटी उपभोक्ता को 21 घंटा से कम या एचटी उपभोक्ता को 23 घंटा से कम बिजली आपूर्ति होती है तो उपभोक्ता बिजली वितरण निगम से क्षतिपूर्ति की राशि वसूल करेगा।झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा है कि इस तरह के उपभोक्ताओं को यदि बिजली आपूर्ति में कमी होती है तो इसकी क्षतिपूर्ति झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को करना होगा। इसके अलावा नियामक आयोग ने प्रीपेड मीटरिंग पर स्विच करने और प्रीपेड मीटर लगाने के एक महीने के भीतर पूरी सुरक्षा जमा राशि की वापसी करने का प्रावधान किया है। साथ ही संबंधित उपभोक्ता श्रेणी के लिए ऊर्जा शुल्क पर 3% की छूट लागू करने का भी प्रावधान किया है। आयोग ने हर महीने 1% की छूट को बरकरार रखा है जिसकी अधिकतम सीमा बिलिंग राशि के 3% तक होगा।झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा वित्तीय वर्ष 2020- 21 में वास्तविक वितरण हानि 34।97% का प्रस्ताव दिया गया था, जिसे नामंजूर करते हुए विद्युत नियामक आयोग ने 13% के वितरण हानि को मंजूरी दी है। आयोग ने इस आदेश में एचटी एसएस श्रेणी के उपभोक्ताओं को पुनर्जीवित और प्रोत्साहित करने के लिए इसे पिर से लागू किया है, जिससे राजस्व में वृद्धि होगी। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2021- 22 के लिए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित 7990।21करोड़ रुपए के एपीआर के स्थान पर 6696।86 करोड़ रुपए के एपीआर की मंजूरी दी है। इसके अलावा आयोग ने तृतीय कंट्रोल पीरियड के लिए वित्तीय वर्ष 2021- 22 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक का मल्टी इयर एपीआर निर्धारित किया है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए औसत आपूर्ति लागत 7.67रु। प्रति यूनिट के स्थान पर आयोग ने 7।24 पैसे प्रति यूनिट की मंजूरी दी है।


